खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 14 नवम्बर 2023 । वर्ष –68 । अंक –05 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.



# मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा

## मध्य प्रदेश संकल्प पत्र



- 5 सालों तक गरीबों को मिलता रहेगा मुफ्त राशन
- किसानों से ₹2700 प्रति क्विंटल पर गेहूं और ₹3100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान की होगी खरीद
- उज्ज्वला और लाड़ली बहनों को ₹450 में मिलेगा गैस सिलेंडर
- मध्यप्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना शुरू करेंगे
- लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता के साथ मिलेगा पक्का मकान
- प्रत्येक परिवार में कम से कम एक सदस्य को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर
- 15 लाख ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण द्वारा लखपति बनाएंगे
- लाड़ली लक्ष्मियों को जन्म से 21 वर्ष तक कुल ₹2 लाख देंगे
- गरीब परिवार की छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देंगे
- जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के लिए ₹3 लाख करोड़
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर करेंगे ₹4,000 प्रति बोरा
- गरीब परिवार के सभी छात्रों को 12वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा
- सरकारी स्कूल में मिड-डे मील के साथ मिलेगा पौष्टिक नाश्ता
- IIT और AIIMS के तर्ज पर खुलेगा मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी और मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस
- 13 सांस्कृतिक लोकों का होगा भव्य निर्माण
- 6 नए एक्सप्रेस वे का निर्माण- विंध्य एक्सप्रेस वे, नर्मदा, अटल प्रगति, मालवा निमाड़, बुंदेलखंड एवं मध्य भारत विकास पथ
- 80 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के साथ वंदे मेट्रो, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन और रीवा, सिंगरौली और शहडोल में बनेंगे हवाई अड्डे
- एसटी ब्लॉक में एकलव्य विद्यालय और एसटी बहुल जिलों में खुलेगा मेडिकल कॉलेज
- ₹20,000 करोड़ के निवेश से स्वास्थ्य व्यवस्था बनेगी हाई-टेक, हॉस्पिटल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या होगी दोगुनी



प्रकाशक- एमपी बीजेपी, प्रदेश कार्यालय

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

भाजपा का संकल्प पत्र डाउनलोड करने के लिए QR कोड स्कैन करें

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से WhatsApp के जरिए सीधे जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

# देश-विदेश

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भीषण सड़क हादसे

# 12 लोगों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कुल 12 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मरने वालों में महिला और बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पहली घटना रविवार को लाहौर के पॉश इलाके डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी में हुई। यहां दो कारों के बीच भीषण टक्कर में एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई।

**किशोर चालक ने कार को पीछे से मारी टक्कर**-पुलिस ने बताया कि डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी में हुई दुर्घटना के दौरान एक किशोर गाड़ी को चला रहा था और उसको मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। किशोर चालक को भी एफआईआर में नामित किया गया है। पुलिस ने कहा कि लड़का अन्य कारों के साथ रेस कर रहा था और जिग जैग करते समय उसने पीछे से एक वाहन को टक्कर मार दी।

**बस और कार की टक्कर में छह लोगों की मौके पर मौत**-वहीं, दूसरी घटना सोमवार को लाहौर से दूर शेखूपुरा में हुई। यहां एक कार और बस के बीच भीषण टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में एक ही परिवार से सदस्य शामिल हैं।

## सुनक ने गृह मंत्री सुएला को किया बर्खास्त



### लंदन पुलिस पर फिलिस्तीन समर्थक होने का लगाया था आरोप

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने सबसे वरिष्ठ मंत्रियों में से एक गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को बर्खास्त कर दिया है। सुएला ब्रेवरमैन ने पिछले हफ्ते शनिवार को हुए एक मार्च को संभालने के पुलिस के तरीके पर सवाल उठाया था। एक तरीके से इसे ऋषि सुनक पर हमला माना गया।

सुएला ब्रेवरमैन ने इजरायल हमास युद्ध शुरू होने के बाद लंदन में होने वाले प्रदर्शनों को लेकर सवाल उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि मेट्रोपॉलिटन सिटी पुलिस ने प्रदर्शनों से ठीक तरीके से नहीं निपटा और इस कारण लोगों को काफी दिक्कत हुई। गृह मंत्री को विपक्षी पार्टी के साथ-साथ सुएला ब्रेवरमैन की कंजरवेटिव पार्टी ने भी बर्खास्त करने की मांग की थी।

बता दें कि शनिवार को युद्ध विराम दिवस मनाया जाने वाला था और यह कार्यक्रम डाउनिंग स्ट्रीट के करीब व्हाइट हॉल में होना था। इसी दिन फिलिस्तीन समर्थक इजरायल के खिलाफ मार्च आयोजित करने की तैयारी कर रहे थे। ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला चाहती थीं कि पुलिस इनको रोकने के लिए दबाव बनाए। लेकिन पुलिस ने कहा कि मार्च का मार्ग कार्यक्रम स्थल से अलग है।

शनिवार को लंदन में फिलिस्तीनी समर्थकों ने प्रदर्शन किया था और इस दौरान सेंट्रल लंदन में प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी। इस घटना को लेकर लंदन पुलिस ने 126 लोगों को गिरफ्तार किया है। सुएला पहले भी वह कई सख्त बयान देती रही हैं। ऋषि सुनक से पहले जब लिज ट्रस कुछ दिनों के लिए प्रधानमंत्री बनी थीं, तब उनके कार्यकाल में भी सुएला गृह मंत्री थीं।

## चीन को नेपाल से मिला बड़ा झटका, टिक टॉक ऐप पर लगाई रोक

**काठमांडू।** नेपाल की सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए चीनी कंपनी टिक टॉक पर बैन लग दिया है। इससे पहले भी कई देश इस ऐप पर बैन लगा चुके हैं, सुरक्षा कारणों की वजह से ये फैसला हुआ है। इसी कड़ी में नेपाल सरकार ने भी टिक टॉक पर बैन लगा दिया है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि देश की सामाजिक शांति को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है।

**नेपाल ने टिक टॉक पर बैन क्यों लगाया**-नेपाल ने ये फैसला लेते वक्त भारत, फ्रांस जैसे उन देशों का भी जिक्र किया है जहां पर कई साल पहले ही टिक टॉक पर बैन लगा दिया गया। जानकार मानते हैं कि टिक टॉक की वजह से कई संवेदशील जानकारी भी चीन तक पहुंच सकती है। उसी वजह से इस ऐप को बैन करने का फैसला हुआ है। नेपाल सरकार का कहना है कि पूर्ण रूप से इस ऐप को बैन होने में अभी ज्यादा टाइम लगेगा, लेकिन फैसला ले लिया गया है।

## केरल के कन्नूर में पुलिस कमांडो और माओवादियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़, घातक गोलाबारी

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर में सोमवार (13 नवंबर) को पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि केरल पुलिस की विशेष टीम थंडरबोल्ट और माओवादियों के बीच कन्नूर के एक वन क्षेत्र में गोलीबारी हुई है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी की घटना करिक्कोट्टाकारी पुलिस थाने के अंतर्गत हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच गोलीबारी अभी भी जारी है। अधिकारी ने इस बारे में ज्यादा जानकारी देने से मना कर दिया

पिछले हफ्ते वायनाड में भी हुई थी गोलीबारी वहीं, पिछले हफ्ते वायनाड के एक वन क्षेत्र में भी थंडरबोल्ट और माओवादियों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस मुठभेड़ में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया था।

## पटाखों पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन करने पर दर्ज हुए 581 मामले

**चेन्नई।** बीते रविवार जहां देश भर में दिवाली की धूम और पटाखों की गूंज सुनाई दे रही थी, वहीं चेन्नई में पुलिस ने सतर्कता से काम करते हुए कई शिकायतें दर्ज की। दरअसल, एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए इस बात की जानकारी दी है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पटाखों को लेकर जारी निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जारी किए गए प्रेस रिलीज के मुताबिक, दिवाली के दिन इस साल चेन्नई में कुल 581 केस दर्ज किए गए हैं। प्रेस रिलीज में लिखा है, चेन्नई में अब तक कुल 581 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्दिष्ट समय के बाद पटाखे फोड़ने से संबंधित 554 मामले शामिल हैं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक, तमिलनाडु सरकार की याचिका पर, दीपावली के अवसर पर केवल 2 घंटे, जिसमें सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और शाम को 7 बजे से 8 बजे तक पटाखे फोड़ने की अनुमति दी गई थी।

## त्रिपुरा पुलिस ने पकड़े 14 अवैध बांग्लादेशी नागरिक

**अगरतला।** त्रिपुरा पुलिस ने दक्षिण त्रिपुरा में सबरूम के बैष्णबपुर गांव से 14 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले त्रिपुरा के पांच सीमावर्ती जिलों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अभियान चलाया था और मानव तस्करी रैकेट और सीमा पार अपराधों में शामिल होने के मामले में 25 लोगों की गिरफ्तारी की थी। एक गुप्त सूचना पर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष


अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
(प्रारूप C-1 )

### आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: मांगी लाल पता- ग्राम चंदेरी पो. घाटपिपरिया जबलपुर
राजनीतिक दल का नाम : गोंणवाना गणतंत्र पार्टी
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम : विधानसभा
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 96 बरगी

मैं मांगी लाल (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ/करती हूँ :

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विपिन भदोरिया VI अपर सत्र न्या. जबलपुर | पेशी-30/11/23 S.T.No. 565/23 | आरोप तर्क | 420, 467, 471, IPC |
| निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक |



**अनुलग्नक 47** कोई भी मतदाता न छूटे
**प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA**
**प्रारूप C-1**
**(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)**

### आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

**अभ्यर्थी का नाम और पता** : नीरज सिंह ठाकुर (म.नं. 2337/144, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड, शिव मंदिर के पास आस्था अपार्टमेंट, राईट्टाउन, जबलपुर-482002)
**राजनीति दल का नाम** : भारतीय जनता पार्टी
**निर्वाचन का नाम** : विधान सभा
**निर्वाचन क्षेत्र का नाम** : 96-बरगी, जिला-जबलपुर (म.प्र.)

मैं **नीरज सिंह ठाकुर**, उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

**(A) लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.स | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/ विशेष मजिस्ट्रेट (एम.पी.-एम.एल.ए.) जबलपुर म.प्र. | SCPPM 12/2018 अगली पेशी दि. 29/11/2023 | पंजीबद्ध होकर विचारण प्रारंभ किया गया है, आरोप तय होना है | 294, 353, 452, 506बी, 379 एवं 34 भा.दं.सं. परिवादी ज्योति सिंह (अभ्यर्थी की भाभी) बेवा.स्व नितिन सिंह द्वारा पैतृक सम्पत्ति प्राप्त करने के लिए घर में ही सास, जेठ आदि तक चोरी तथा उसे घर से निकालने हेतु जान से मारने की धमकी देकर प्रताड़नायें देने बावत शिकायत थाना मदन महल में की जिस पर कार्यवाही न होने पर परिवाद न्यायालय में कार्यवाही बावत पेश किया गया जो पंजीबद्ध होकर विचारण प्रारंभ किया गया। |

**(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्र.स | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय(यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | लागू नही | लागू नही | लागू नही |



फार्मेट सी-1

### आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा-

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : लाखन सिंह पटेल पुत्र श्री छिदामी लाल पटेल पता 94, धनारे कॉलोनी रानी अवंती बाई वार्ड नरसिंहपुर, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें) :
निर्वाचन का नाम : विधानसभा मध्यप्रदेश
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 119 नरसिंहपुर

मैं लाखन सिंह पटेल (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| क्रम संख्या | लंबित अपराधिक मामले | | | अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1. | मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी नरसिंहपुर | RCT No. 2031/2018 | धारा 188 भारतीय दंड संहिता लोकसेवक द्वारा विधिवत रुप से प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा | शून्य | शून्य |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधानसभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।



परिशिष्ट 43
(अध्याय 3 पैरा 3.8)
प्रारूप ग-1 से ग-3
प्रारूप ग-1

### आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की डब्ल्यूपी (सिविल) सं. 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 5 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार, (जनहित फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: एकता ठाकुर पुत्री- प्यारेलाल ठाकुर / पता पोस्ट-कुण्डम, तहसील कुण्डम, जिला जबलपुर (म.प्र.)
राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस
(निर्दलीय अभ्यर्थियों को यहां ''निर्दलीय'' लिखना चाहिये)
निर्वाचन का नाम : मध्यप्रदेश विधानसभा 2023
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 102 सिहोरा (अनुसूचित जनजाति)

में एकता ठाकुर (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त उल्लिखित चुनाव का अभ्यर्थी अपने आपराधिक मामलों के बारे में निम्नलिखित जानकारी सार्वजनिक सूचना के लिए घोषणा करता हूँ :

| क्रम सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक अपराधों के लिए सजा के संबंध में मामलों का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की संख्या तथा मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा संबंधित और अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेश की तारीख | अपराध (ओं) का विवरण और लगाया गया दण्ड |
| 1 | आर. टी. नं. 7265/2013 न्यायालय स्पेशल जेएमएफस (एम.पी./एम.एल.ए.) भोपाल मध्यप्रदेश | 1 (एक) लंबित | आई.पी.सी. 147, 332, 336, 353, 333, 186 भा.द.सं. | लागू नहीं है | लागू नहीं है |
| 2 | आर. सी. टी. 8851/20, न्यायालय श्रीमान सिविल जज क्लास-2 जबलपुर | 1 (एक) लंबित | आई.पी.सी. 279, 337, 338 | लागू नहीं है | लागू नहीं है |

राज्यों की परिषद के चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के चुनाव के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेख करें।



परिशिष्ठ 47
प्रारूप सी-1 से सी-8 और सीए
प्रारूप C-1

### आपराधिक मामलों के बारे में

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 536/2011 (सार्वजनिक) में दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के फैसले के अनुसार इंटेरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य)

उम्मीदवार का नाम और पता: ठा. सुरेश झारिया, ग्राम - मल्हौआ, तह. व जिला नरसिंहपुर
राजनीतिक दल का नाम : गोंडवाना गणतंत्र पार्टी
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''स्वतंत्र'' लिखना चाहिये)
चुनाव का नाम : विधानसभा
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 118 गोटेगांव

मैं ठा. सुरेश झारिया (सुरेश कुमार मेहरा) (उम्मीदवार का नाम) उपर्युक्त चुनाव के लिए एक उम्मीदवार सार्वजनिक जानकारी के लिए मेरे आपराधिक इतिहास के बारे में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं।

(ए) लंबित अपराधिक मामले

| सं. क्र. | न्यायालय का नाम | केस संख्या और दिनांक | केस की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारायें और अपराध का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1, 2, 3, 4, 6 | न्यायालय श्रीमान न्यायिक अधिकारी महोदय जबलपुर प्रथम श्रेणी | 663/19, 380/21, 260/21, 847/19, 1943/19 | लंबित | 138 |
| 6,7 | न्यायालय श्रीमान प्रथम श्रेणी दंडा. महोदय जी नरसिंहपुर | 72/18, 73/21 | लंबित | 138 |

राज्यों की परिषद के लिये चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के लिये चुनाव के मामलों में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेख करें।



फार्मेट सी- 1

### आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एव अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति म.क. 175 वार्ड नंबर 8 इकबाल वार्ड पांडव नगर जयसिंह नगहर शहडोल जिला शहडोल (म.प्र.)

राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें)
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : विधानसभा मध्यप्रदेश
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 118 गोटेगांव (अ.जा.)

मैं नर्मदा प्रसाद प्रजापति (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| क्रं. सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख | अपराध (अपरधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1. | न्यायालय श्रीमान मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पटियाला हाउस न्यू देहली | मामला सं. 41475/2016 विचाराधीन | धारा 147, 148 149, 188, 353 332 एवं 34 भारतीय दंड संहिता Unlawfull assambly, Disobediance of public order causing hurt and criminal force | शून्य | शून्य |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधानसभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 14 नवम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –05 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.



बाल दिवस आज

■ ऐसे आचार्यों से किनारा...
■ अतीत के गौरव के ... 04
■ बाल दिवस को बनायें खास ...
■ गाजा के अलशिफा अस्पताल में ... 09
■ वैश्विक दबाव में लुढ़का घरेलू शेयर बाजार...
■ बीते सप्ताह मूंगफली की कीमत में गिरावट... 11
■ टीम के प्रदर्शन ने...
■ अब भारत को हराना ... 10

सार संक्षेप

### राम मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम

## 10 करोड़ से अधिक परिवारों को निमंत्रण देगा विहिप

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को होने जा रहे राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम से देश के सभी लोगों को जोड़ने के लिए आरएसएस और संघ से जुड़े संगठन जोर-शोर से अभियान चलाने जा रहे हैं। इन्हीं अभियानों के तहत राम मंदिर के निर्माण को लेकर बड़ा आंदोलन चलाने वाले विश्व हिन्दू परिषद ने अयोध्या में जनवरी, 2024 में होने वाले रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए देशभर में 10 करोड़ से अधिक परिवारों को निमंत्रण देने की योजना बनाई है। विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान विहिप की देशव्यापी योजना के बारे में बताते हुए कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के आह्वान पर अयोध्या में आगामी जनवरी में होने वाले रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए विहिप 10 करोड़ से अधिक परिवारों को निमंत्रण देगा। उन्होंने कहा कि हम भगवान श्रीराम के 14 वर्ष बाद अयोध्या लौटने की खुशी में दिवाली मनाते हैं।

## वयोवृद्ध माकपा नेता वासुदेव आचार्य का निधन

**कोलकाता,(एजेंसियां)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी



(माकपा) के अनुभवी नेता और पश्चिम बंगाल के बांकुरा निर्वाचन क्षेत्र से नौ बार लोकसभा सदस्य रहे वासुदेव आचार्य का सोमवार को 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका निधन हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में हुआ जहां उनका काफी समय से इलाज चल रहा था। आचार्य पहली बार 1980 में बांकुरा से चुने गए थे। वह लगातार नौ बार उस निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी दिल्ली और देश में जमकर पटाखे फूटे, आतिशबाजी चली, हवा जहरीली हुई।
**चुहिया- हां प्रिये-** अदालत ने तो अपना काम कर दिया था लेकिन रोकने वाले जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे

# टनल में फंसी 40 लोगों की जिन्दगी

## निर्माणाधीन सुरंग धसकने से बड़ा हादसा



### 36 घंटे से फसे हैं 40 मजदूर

### प्लास्टर नहीं होने से 50 मीटर हिस्सा धंसा

### स्टील पाईप के जरिए एक-एक कर मजदूरों को बचाने की तैयारी

## पाईप लाईन से भेजी जा रही ऑक्सीजन और भोजन सामग्री

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में रविवार को भयावह हादसा घटित हुआ यहां ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन रही सुरंग का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर गया। जिससे 40 श्रमिक गहरी सुरंग में फसकर रह गए।

उन्हें बचाने के लिए सुरंग के मलमे को निकाल जा रहा है लेकिन बार-बार मलमा धसकने से बचाव कार्य में भारी दिक्कते आ रही हैं। राज को दो पाईपों के जरिए सुरंग में फसे श्रमिकों को ऑक्सीजन और भोजन पानी देना शुरू किया गया।

बचाव दल और स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि- लगभग 60 मीटर की लम्बाई में मलमा भरा हुआ है और फिलहाल केवल 20 से 25 मीटर मलमा ही साफ हो सका है। बार-बार मलमा धसकने के कारण अब एक अलग से बड़ा पाईप कम्प्रेशर के जरिए मजदूरों तक डाला जायेगा और फिर उसका मलमा साफ कर एक-एक कर मजदूरों को निकालने का प्रयास होगा। फिलहाल सभी मजदूर सुरक्षित बताए गए हैं।

हुए सुरंग हादसे में फंसे मजदूर फिलहाल सुरक्षित है। उनको सुरक्षित निकालने के लिए बचाव कार्य का काम लगातार किया जा रहा है। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौके पर जाकर बचाव एवं राहत कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। वहां बिजली की सप्लाई भी लगातार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए तीन प्लान पर काम चल रहा है। उत्तरकाशी जिले में ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा रविवार की सुबह अचानक ढह गया था जिससे उसमें 40 श्रमिक फंस गए थे। सुरंग का ढहने वाला हिस्सा उसके मुहाने से करीब 200 मीटर दूर है।

साढ़े 4 किलोमीटर लंबी और 14 मीटर चौड़ी इस टनल टनल के स्टार्टिंग पॉइंट से 200 मीटर तक प्लास्टर किया गया था। उससे आगे कोई प्लास्टर नहीं था, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ।

### हैदराबाद में दर्दनाक हादसा

# केमिकल में आग लगने से जिंदा जले 9 लोग

**नापल्ली।** हैदराबाद से एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक रिहाइशी इमारत में स्टोर करके रखे गए केमिकल में आग लग गई। इसके बाद पूरी इमारत में आग फैल गई और नौ लोगों की जान चली गई। मरने वालों में दो महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल है। इसके अलावा 14 लोग घायल भी हो गए। डिप्टी कमिश्नर पुलिस (सेंट्रल जोन) एम वेंकटेश्वरालू ने कहा कि नापल्ली के पास बाजारघाट इलाके में सुबह लगभग 9;30 बजे की घटना है।



## रिहाईशी इलाके में चल रहा था कार गेरेज

पुलिस ने कहा, स्थानीय लोगों के मुताबिक स्टोर के इलाके में पहले छोटी सी आग लगी लेकिन देखते ही देखते यह पूरे अपार्टमेंट में फैल गई। पुलिस को इसकी सूचना करीब 9 बजकर 38 मिट पर दी गई। इसके बाद दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं। कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है लेकिन सात की मौत हो गई। एनडीआरएफ को भी इसकी जानकारी दी गई थी जिसने दो टीमों को राहत बचाव के लिए भेजा है।

पुलिस ने बताया कि थोड़ी देर में आग पर काबू कर लिया गया। बिल्डिंग में 21 लोग फंस गए थे जिन्हें उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने कहा कि आग से निकालने के बाद एक शख्स बेहोश था। कुछ की मौत जलने की वजह से तो कुछ की दम घुटने से हो गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि ग्राउंड फ्लोर पर कार रिपेयरिंग का काम होता था। यहीं पर सात ड्रमों में ज्वलनशील केमिकल रखा था। इसे प्लास्टिक के ड्रमों में रखा गया था। हालांकि अब तक यह नहीं पता चला है कि इन ड्रमों में आग कैसे लगी। पुलिस ने कहा कि इस तरह के केमिकल को रिहाइशी इलाके में स्टोर करने की इजाजत नहीं होती है। यह एक घनी आबादी वाला एरिया है।

## दिल्ली की हवा फिर हुई जहरीली

### सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचंकाक 900 के पार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राजधानी दिल्ली की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई है। दीपावली के दिन 6 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 202 रिकॉर्ड किया गया था, जो सोमवार को 900 के पार चल गया। दरअसल, दिलली में 9 और 10 नवंबर को बारिश हुई थी। इसके बाद हवा में प्रदूषण का स्तर करीब 50 फीसदी कम हो गया था। 11-12 नवंबर को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 250 से कम था, लेकिन 13 नवंबर सुबह 6 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 910, लाजपत नगर में 959 और करोल बाग में 779 दर्ज किया गया।

### मणिपुर हिंसा के बीच गृह मंत्रालय की कार्रवाई

## 9 मैतेई उग्रवादी संगठनों पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मणिपुर में हुई हिंसा के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। मंत्रालय ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और सुरक्षाबलों पर घातक हमले करने को लेकर नौ मैतेई चरमपंथी संगठन और उनके सहयोगी संगठनों पर बैन लगा दिया। गृह मंत्रालय के अनुसार, जिन समूहों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित घोषित किया गया है, उनमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और इसकी राजनीतिक शाखा, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) और इसकी सशस्त्र शाखा मणिपुर पीपुल्स आर्मी (एमपीए) शामिल हैं। इनमें पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक (पीआरईपीएके) और इसकी सशस्त्र शाखा रेड आर्मी, कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), इसकी सशस्त्र शाखा (जिसे रेड आर्मी भी कहा जाता है), कांगलेई याओल कनबा लुप (केवाईकेएल), कोआर्डिनेशन कमेटी (कोरकॉम) और एलायंस फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांगलेईपाक (एएसयूके) भी शामिल हैं।

### पांच साल के लिए प्रतिबंधित घोषित किया गया

पीएलए, यूएनएलफ, पीआरईपीएके, केसीपी, केवाई केएल को कई साल पहले गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) के तहत गृह मंत्रालय ने बैन लगा दिया है। अन्य संगठनों के गैरकानूनी घोषित होने की घोषणा ताजा है। गृह मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार की राय है कि यदि मैतई चरमपंथी संगठनों पर तत्काल अंकुश और नियंत्रण नहीं किया गया तो उन्हें अपनी अलगाववादी, विध्वंसक, आतंकवादी और हिंसक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अपने कैडर को संगठित करने का अवसर मिलेगा।

## 'सोने का महल' बनाने का भी वादा कर सकती है कांग्रेस : मोदी

### कटाक्ष : प्रधानमंत्री बोले, इसमें सोना भी शायद 'आलू' वाला लगेगा

**बड़वानी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि राज्य में पार्टी जनता के लिए 'सोने का महल' बनाने का भी वादा कर सकती है और उसमें सोना भी शायद 'आलू' वाला लगेगा। श्री मोदी राज्य के बड़वानी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जम कर हमले बोले। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में कुर्सी के लिए छटपटा रही है। वो यहां की जनता से सोने का महल बनाने का भी वादा कर सकती है, और उसमें कांग्रेस शायद सोना भी आलू वाला ही लगाएगी। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस वाले कहेंगे कि पहले आलू से सोना निकालेंगे, तब महल बनाएंगे। सत्ता मिलते ही ये सब कुछ भूल कर लूट का कारोबार शुरु कर देंगे।



**विकास की राह पर ले जाएगा संकल्प पत्र-** श्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र हर वर्ग को विकास की राह पर ले जाएगा। पार्टी का हर वादा पूरा होगा। ये भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने राज्य के इस आदिवासी अंचल में कहा कि दो दिन बाद बिरसा मुंडा का जन्मदिन है। वो जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाया जाता है। जिस आदिवासी समाज को कांग्रेस ने हमेशा नजरअंदाज किया, परवाह नहीं की उस आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाने का और उसे सामाजिक न्याय दिलाने का काम भाजपा ने किया है।

**कांग्रेस सरकार में अपराध चरम पर होते हैं-** उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस आती है, अपराध चरम पर होते हैं। दंगे फसाद और बहनों बेटियों के साथ अत्याचार आम हो जाता है। अपने तीज-त्यौहार मनाना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि भारत में सर तन से जुदा जैसे नारे सुनाई देंगे, लेकिन वीर धरा राजस्थान में ये हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी श्री राम के जमाने में भी थे, पर कांग्रेस को शायद ये पता ही नहीं था।

## राहुल बोले- क्या नरेंद्र तोमर के घर पर जाएगी ईडी या सीबीआइ

### भ्रष्टाचार की राजधानी बन चुका है मध्य प्रदेश



भोपाल, देशबन्धु। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर के करोड़ों रुपये के लेन-देन के कथित तौर पर सामने आए वीडियो को लेकर सवाल किया है कि क्या नरेंद्र तोमर के घर ईडी, सीबीआई या आयकर की टीम पहुंचेगी। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए हरदा के टिमरनी और नीमच के जावद में कांग्रेस उम्मीदवारों के प्रचार के लिए पहुंचे राहुल गांधी ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी। हमारी सरकार किसानों को दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ करेगी। हम चाहते हैं कि कोई भी युवा बेरोजगार ना रहे। हमारी सरकार मेड इन चीन को मेड इन मध्य प्रदेश बनाने की इच्छा रखती है। मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार की राजधानी बन चुका है। भाजपा के नेताओं के बीच में रेस चल रही है कि कौन किसानों और मजदूरों से सबसे ज्यादा पैसा लूटेगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र सिंह तोमर के लड़के देवेंद्र तोमर का करोड़ों रुपए का लेन-देन का वीडियो सामने आया है, लेकिन क्या उनके यहां नरेंद्र मोदी की इनकम टैक्स, ईडी या सीबीआई पहुंची?

**रोजगार नहीं दे पा रही भाजपा सरकार-** राहुल गांधी ने कहा कि मैंने हजारों लोगों के साथ भारत जोड़ो यात्रा की, इस दौरान लाखों लोगों से मुलाकात हुई, जिसमें किसान, युवा, महिला और छोटे व्यापारियों से मुलाकात की और बातचीत हुई। युवाओं में ऊर्जा है, एक सपना है, लेकिन आज भाजपा की सरकार करोड़ों युवाओं को रोजगार ही नहीं दे पा रही है। राहुल गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है तभी से छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ने का काम जारी है। रोजगार देने में छोटे व्यापारी सबसे ज्यादा आगे रहते थे।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School



ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

### मिसाल | परिन्दों से सरोकार

# तमिलनाडु के ये 7 गांव 22 सालों से बिना पटाखों के मानते हैं दिवाली





### आतिशबाजी के बजाए बच्चों के लिए खरीदते हैं नए कपड़े

**नई दिल्ली।** देशभर में रविवार को धूमधाम से दिवाली मनाई गई। इस बीच तमिलनाडु के एक जिले के 7 गावों में बिना पटाखों के दिवाली मनाई गई। तमिलनाडु के इरोड जिले के सात गांवों ने (इरोड से सिर्फ 10 किलोमीटर दूर) नजदीकी पक्षी अभयारण्य में पक्षियों की आबादी की रक्षा के लिए बिना पटाखे फोड़े दिवाली मनाई।

प्रजनन के मौसम के दौरान (जो अक्टूबर से जनवरी तक चलता है) अभयारण्य हजारों स्थानीय और प्रवासी पक्षियों के लिए स्वर्ग बन जाता है जो अपने अंडे देने के लिए आते हैं। इस अवधि की संवेदनशीलता को पहचानते हुए आसपास रहने वाले 900 से अधिक परिवारों ने पक्षियों को परेशान करने से बचने के लिए शांत तरीके से दिवाली मनाने का संकल्प लिया। पिछले 22 वर्षों से इन समुदायों ने त्योहार के प्रति संरक्षण-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया है। तेज़ आतिशबाजियों के बजाय वे अपने बच्चों के लिए नए कपड़े खरीदते हैं और उत्सव को फुलझड़ियों की रोशनी तक ही सीमित रखते हैं। इरोड के सेलप्पमपालयम, वदामुगम वेल्लोड, सेम्मांडमपालयम, करुक्कनकट्टू वलासु, पुंगमपाडी और दो अन्य गांवों ने इस परंपरा को जारी रखा है। शांत दिवाली ने यह सुनिश्चित किया है कि पक्षी परेशानी में न रहें, जिससे उन्हें अपने प्राकृतिक आवास में पनपने का मौका मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वीकेंड पर यू वर्ड सेन्चुरी में कोई घटना नहीं हुई, जो ग्रामीणों और पक्षियों दोनों के लिए एक सफल और शांतिपूर्ण त्योहार का संकेत देती है।

देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 14 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## ऐसे आचार्यों से किनारा करे कांग्रेस

ऐसे वक्त में जब कांग्रेस अपने अस्तित्व के साथ-साथ पूरे भारत में लोकतंत्र को बचाने की सबसे बड़ी व निर्णायक लड़ाई लड़ रही है, तब आचार्य प्रमोद कृष्ण का वह बयान उसे नुकसान पहुंचा सकता है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'कांग्रेस ने एक लफंडर को अपना महासचिव बना रखा है।' साथ ही वे पहले भी अनेक ऐसे बयान दे चुके हैं जो पार्टी के सीधे-सीधे खिलाफ हैं। कांग्रेस अपने इसी प्रकार के सदस्यनुमा खैरख्वाहों की बदौलत भरपूर नुकसान झेल चुकी है। उसे चाहिये कि वह अपने ऐसे आचार्यों और नेताओं पर लगाम कसे या उन्हें बाहर का रास्ता दिखाये।

उल्लेखनीय है कि आचार्य प्रमोद प्रियंका गांधी के करीबी माने जाते हैं और वे दो बार कांग्रेस की तरफ से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। पहली बार 2014 में संभल और 2019 में लखनऊ से। हालांकि दोनों ही बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। दरअसल हाल ही में आचार्य ने कहा था कि 'कांग्रेस के भीतर कुछ हिन्दू विरोधी भावनाओं के लोग हैं।' इस पर जब कांग्रेस के महासचिव व मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला से पत्रकारों ने प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने कहा कि 'वे ऐसे ऊलजलूल लोगों को छोड़ें और बयानों पर न जायें।' इसी बयान से नाराज़ होकर आचार्य ने ट्वीट कर दिया कि 'कांग्रेस के भाग्य की यह विडम्बना है कि एक ऐसे लफंडर को पार्टी का महासचिव बना दिया गया है जिसने राज्यसभा के चुनाव में विधायक रहते हुए भाजपा के उम्मीदवार और जी न्यूज़ के मालिक सुभाष चंद्रा को जितवाने का पाप सिर्फ एक अश्लील सीडी के प्रसारण को रुकवाने के लिये किया।' इसके पहले उन्होंने बयान दिया था कि 'कुछ ऐसे बड़े कांग्रेसी नेता हैं जिन्हें हिन्दू शब्द से ही नफरत हैं।' उनका यह भी कहना था कि 'कुछ नेताओं को राम मंदिर ही नहीं भगवान राम से भी नफरत है।' वे यहीं तक नहीं रुके और उन्होंने यह भी कहा कि 'दुनिया जानती है कि राम मंदिर के निर्माण को रोकने के प्रयास हुए। इससे सनातन धर्म में विश्वास रखने वाले करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है।'

आचार्य प्रमोद ऐसे लोगों में हैं जो अपने पार्टी विरोधी बयानों से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने संयुक्त विपक्षी गठबंधन इंडिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा था कि उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती से गठबंधन किये बगैर उप्र में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी चुनाव जीत ही नहीं सकते।

प्रमोद आचार्य का गुस्सा स्वामी प्रसाद मौर्य पर भी भड़का है जिन्होंने अपने एक्स हैंडल पर सोमवार को अपनी दिवाली की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि 'दुनिया में सभी रंग-रूप, नस्ल वालों के बच्चे दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख, दो छिद्रों वाली नाक के साथ एक सिर, एक पीठ व एक पेट के साथ पैदा होते हैं। चार हाथ, आठ हाथ, दस हाथ, बीस हाथ व हजार हाथ वाला बच्चा आज तक पैदा ही नहीं हुआ तो यह चार हाथों वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है?' उन्होंने यह भी कहा कि 'अगर आपको लक्ष्मी की ही पूजा करनी है तो अपनी पत्नी की पूजा करें जो आपको व आपके परिवार को खाना खिलाती है, देखरेख करती है।' इस पर अनेक हिंदूवादी संगठनों ने आपत्ति जताई लेकिन आचार्य प्रमोद कुछ ज्यादा ही नाराज़ हो गये। उन्होंने यहां तक कह डाला कि मैं उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहूंगा कि उनके बोलने पर पाबंदी लगाई जाए।

इतने समय से कांग्रेस में रहने और कई राजनैतिक उतार-चढ़ाव देखने वाले आचार्य प्रमोद को अगर यह बात नहीं समझ में आती कि ऐसे विवादों से अंततः फायदा कांग्रेस के विरोधियों, वह भी मुख्यतः भारतीय जनता पार्टी को ही होता है, तो उन्हें वहां रहने और पार्टी द्वारा उन्हें अपने साथ जोड़कर रखे जाने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस कई ऐसे अपनों का झेल चुकी है और उसे इसका बहुत खामियाजा उठाना पड़ा है। वे चाहें मणिशंकर अय्यर हों या सलमान खुर्शीद या फिर कपिल सिब्बल अथवा गुलाम नबी आजाद- अलग-अलग अवसरों पर ऐसे ही बयान देकर पार्टी को नुकसान उठाते रहे हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी हैं जो अब कांग्रेस में नहीं हैं लेकिन उनके पार्टी छोड़ने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। सच तो यह है कि ऐसे लोग पार्टी में रहकर ही उसे नुकसान पहुंचाते हैं।

पार्टी को चाहिये कि ऐसे कथित नेतानुमा आचार्यों पर न केवल अंकुश लगाए वरन ज़रूरत पड़ने पर उन्हें निकाल बाहर करें। यह वही पिच है जिस पर भाजपा चाहती है कि उसके सारे विरोधी दल आकर खेलें। व्यक्तिगत रंजिशों व वाद-विवादों से प्रारम्भ होने वाले ऐसे ही प्रकरण धीरे-धीरे बड़ा रूप धरते हैं। कांग्रेस विरोधी पार्टियां इन्हीं सारे बयानों का संदर्भ देकर पार्टी को घेरती है और जनता के सामने उसका कद व महत्व गिराती जाती है। इसके लिये किसी और को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इन अंदरूनी विवादों का हवाला देकर भाजपा तंज कस सकती है कि पहले ये (कांग्रेसी) आपस में मोहब्बत कर लें फिर देशवासियों के बीच नफरत को खत्म करें। अपने एक महासचिव पर इस तरह की टिप्पणी करना किसी भी जिम्मेदार नेता को शोभा नहीं देता। इसके बाद कांग्रेस द्वारा अन्य दलों के नेताओं की ऐसी टिप्पणियों पर उंगली उठाने का हक नहीं रह जाता। आचार्य प्रमोद जैसे लोग ही कांग्रेस की लड़ाई को कमजोर बनाते हैं

# कोई हो ज्यादा चतुरता एक दिन उल्टी पड़ती ही है

कहते हैं ज्यादा चतुराई उल्टी पड़ जाती है! अंग्रेजी में ओवर स्मार्टनेस नेगेटिव टर्म में यूज होता है। राजनीति में तो हमेशा ओवर स्मार्टनेस के नुकसान सामने आते हैं।

मौसम चुनावों का चल रहा है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव हो गए। यहां के पहले मुख्यमंत्री थे अजीत जोगी। स्मार्ट आईएएस। मगर मुख्यमंत्री बनने के बाद ओवर स्मार्ट हो गए। ओवर स्मार्ट का मतलब मैं कुछ भी कर सकता हूं और तीन साल में इतने विवाद पैदा कर लिए कि 2003 में हुए चुनाव में कांग्रेस ऐसी हारी कि फिर 15 साल तक वापस नहीं आ सकी। उसके बाद जब पार्टी छोड़ी तभी 2018 में कांग्रेस की वापसी हुई, कहते हैं कि वे अंदर ही अंदर भाजपा को सपोर्ट करते थे। जो भी हो मगर अब उनके बेटे अमित जोगी भाजपा को खुली मदद करने के लिए सामने आ गए हैं। वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने पाटन से चुनाव मैदान में हैं। उद्देश्य कांग्रेस के वोट काटना है। बघेल का मुकाबला तो भाजपा से ही है जिसने उनके भतीजे विजय बघेल को चाचा के सामने उतारा है। मगर मुख्यमंत्री के अच्छे प्रभाव के कारण मुश्किल में फंसी भाजपा की मदद के लिए अमित जोगी अंतिम क्षणों में यहां चुनाव लड़ने पहुंच गए। जोगी परिवार के तीनों सदस्य चुनाव मैदान में हैं। अमित जोगी की पत्नी ऋचा और उनकी मां रेणू जोगी भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनकी अपनी पार्टी है जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़। नाम से कांग्रेस का धोखा होता है। इसलिए इन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस के कुछ वोट काटकर भाजपा को फायदा करा सकेंगे। यह ओवर स्मार्टनेस बेटे अमित में पिता अजीत जोगी से भी ज्यादा है।

कांग्रेस जिस दूसरे चुनावी राज्य में ज्यादा मजबूत दिखाई दे रही है वह है मध्य प्रदेश। और यहां भी कांग्रेस के एक पूर्व नेता की ओवर स्मार्टनेस उन्हें अब भारी पड़ रही है। जनता इस तरह करती नहीं है। मगर इस बार वह पूरी तरह ज्योतिरादित्य सिंधिया से बदला लेने के मूड में है। उन्होंने जिस तरह कांग्रेस को कम और जनता को ज्यादा धोखा देकर भाजपा की सरकार बनाई

वह अब उन्हें और उनसे ज्यादा भाजपा को भारी पड़ रही है। केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों तक को चुनाव लड़ाना पड़ रहा है। मगर उससे भी कोई राहत नहीं मिली। उल्टे बगावत ज्यादा हो गई। और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे का तो एक वीडियो वायरल हो गया जिससे वे और परेशानी में पड़ गए। वीडियो में बेटा कथित तौर पर करोड़ों रुपए के लेनदेन की बात करता दिखाई दे रहा है।

मध्य प्रदेश में कहा जा रहा है कि केन्द्र और राज्य दोनों जगह इनकी सरकार है। अगर गलत है तो जांच करवा ली होती। झूठा बनाने वाला पकड़ में आ जाता। मगर कोई जांच भी नहीं हुई। कारण किसी को पता नहीं है। लोकिन यह जरूर कहा जा रहा है कि इसके पीछे पार्टी के अंदर की ही कोई राजनीतिक प्रतिद्वंदिता है। बाहर के किसी आदमी की डबल इंजन सरकार में घुसपैठ नहीं हो सकती। शक की सुइयां उन लोगों की तरफ घूम रही हैं जो मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं।

यह जो कहानी की थीम ओवर स्मार्टनेस है उसमें यहां प्रधानमंत्री मोदी भी आ रहे हैं। उन्होंने अपने नाम पर चुनाव लड़ने का माहौल बनाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिल्कुल अलग थलग कर दिया है। मगर एक बात है शिवराज भी बहुत मजबूत दिल वाले नेता हैं। मोदी द्वारा कहीं उनका नाम तक न लेने अपमान की हद तक नजरअंदाज करने के बावजूद शिवराज चुनाव प्रचार में सबसे ज्यादा मेहनत से लगे हुए हैं। दीवाली के दिन वही एकमात्र बड़े नेता थे जो प्रचार में लगे हुए थे। उससे पहले धनतेरस को उन्होंने एक दिन में 11 मीटिंगें कीं। अब यह अलग बात है कि इस समय कोई उन्हें क्रेडिट देने को तैयार नहीं है। मोदी की बेरूखी देखने के बाद राज्य में कई नेता मुख्यमंत्री पद के लिए सज गए हैं। कहते हैं उसी में से किसी ने सबसे प्रमुख दावेदार के रूप में उभर रहे तोमर का यह वीडियो बनवाया है।

खैर वह जो भी हो छत्तीसगढ़ की तरह मध्य प्रदेश में भी भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है। यहां और छत्तीसगढ़ दोनों जगह एक-दो दिन बाद मतदान हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के दूसरे और अंतिम चरण का होना है और मध्य प्रदेश में एक ही चरण में। 17 नबंबर को। भाजपा या कांग्रेस सीधा मुकाबला है। कांग्रेस की एज ( बढ़त) के साथ। दोनों जगह कांग्रेस की एज में उसके दो ऐसे नेता का हाथ है जो अपनी ओवरस्मार्टनेस की वजह से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की सोचकर उसका फायदा कर गए। पार्टी छोड़कर। और सिंधिया भाजपा में जाकर उसकी मदद करने के बदले उस पर बोझ बन गए और उधर छत्तीसगढ़ में जोगी के कांग्रेस छोड़ते ही कांग्रेस का ग्रहण उतर गया।



शकील अख्तर

> राजनीति के एक कम चर्चा में आए मुद्दे ओवर स्मार्टनेस पर हमने बात शुरू की थी वह कई उदाहरणों के बाद यह बता रही है कि जीवन के बाकी क्षेत्रों की तरह ही सच्चाई, फैक्ट, वफादारी ही राजनीति में काम में आते हैं ज्यादा चतुराई दिखाने के चक्कर में आप खुद कहीं के नहीं रहते। बात सबसे बड़े नेता की तरफ जा रही है। घटनाओं फैक्ट का यही आप खराब कहें या अच्छा अनिवार्य नतीजा होता है।

मध्य प्रदेश में ग्वालियर-चंबल संभाग जिसे कभी सिंधिया परिवार का गढ़ कहा जाता था और केवल कहा ही नहीं जाता था हमने खुद देखा है कि वे अपने ड्राइवर को भी चुनाव लड़वा देते थे तो जीत जाता था। मगर अब ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस और जनता को दिए धोखे के बाद जिसे वहां ज्यादा कठोर शब्दों में गद्दारी कहा जा रहा है उनके प्रत्याशियों का जीतना मुश्किल हो रहा है। ग्वालियर चंबल संभाग में 34 सीटें हैं। जहां ज्योतिरादित्य की गद्दारी बहुत बड़ा इशु बना हुआ है। यहीं से केन्द्रीय मंत्री तोमर को भी लड़ाया गया है। मगर एक तो सिंधिया के विश्वासघात या जो इसे यहां की जनता कह रही है गद्दारी से उनकी सीट भी मुश्किल में पड़ गई है। और फिर अभी जब यह लिख रहे हैं तो उनके बेटे का एक और बहुत साफ वीडियो सामने आ गया है। इसमें 500 करोड़ की बात हो रही है।

यह वीडियो मोदी के परिवारवाद इशु और भ्रष्टाचार दोनों की हवा निकाल देगा। परिवारवाद का यह विकृत रूप है कि पिता केन्द्र में मंत्री हो और बेटा वीडियो में 500 करोड़ की बात करता देखा जा रहा हो।

खैर जैसा राजनीति के एक कम चर्चा में आए मुद्दे ओवर स्मार्टनेस पर हमने बात शुरू की थी वह कई उदाहरणों के बाद यह बता रही है कि जीवन के बाकी क्षेत्रों की तरह ही सच्चाई, फैक्ट, वफादारी ही राजनीति में काम में आते हैं ज्यादा चतुराई दिखाने के चक्कर में आप खुद कहीं के नहीं रहते।

बात सबसे बड़े नेता की तरफ जा रही है। घटनाओं फैक्ट का यही आप खराब कहें या अच्छा अनिवार्य नतीजा होता है कि वह सत्य की तरफ ले जाते हैं। ओवर स्मार्टनेस का शिखर पर उदाहरण तो केवल एक ही हैं। हमारे प्रधानमंत्री। जिनके लिए राहुल ने सबसे सटीक बात कही थी कि अगर वे भगवान के साथ बैठ जाएं तो उन्हें भी बताने लगेंगे कि सृष्टि कैसे चलाना चाहिए।

इन पांच राज्यों के चुनाव में असल में उनका अस्तित्व दांव पर लगा है। अभी तक वे जो चाहे कर रहे थे। मीडिया अंधभक्त बना उनका समर्थन कर रहा था। मगर राहुल की भारत जोड़ो यात्रा और कर्नाटक चुनाव के बाद स्थितियां बदल रही हैं। अब उनका नाले के गैस से चाय बनाना, रडार न पकड़े इसलिए बादलों में से लड़ाकू जहाज निकलवाना, सौ साल तक कांग्रेस नहीं आएगी, मध्य प्रदेश के मन में मोदी है जैसी बातें सुनकर अब लोग चुप नहीं रहते हैं मजाक बनाने लगे हैं।

मोदीजी तो ओवरस्मार्टनेस से आगे जाकर अहं ब्रह्मास्मि की स्थिति तक पहुंच गए हैं। उन्हें अवतार घोषित किया जाने लगा है। लेकिन अब इसका उतार भी शुरु हो गया है। पांच राज्यों के चुनाव बहुत दिलचस्प मोड़ पर हैं। देखना है कि इसमें ओवर स्मार्टनेस वाले नेता चलेंगे या शुद्ध धरातल पर खड़े नेता। कुछ भी कह कर निकल जाने वाले या जनता के रोजगार, महंगाई, मुफ्त शिक्षा इलाज पर बात करने वाले।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# अतीत के गौरव के प्रशंसक पर अंधभक्ति के विरोधी थे नेहरू

पंडित जवाहर लाल नेहरू के बारे में कुछ लोगों की यह धारणा है कि वे भले ही पैदा भारत में हुए हों, चिंतन और रहन-सहन से वे पूरी तरह यूरोपीय थे। नेहरूजी के बारे में इस तरह की गलत धारणा फैलाने में दक्षिणपंथी विचारों में विश्वास करने वाले संगठनों एवं समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। दकियानूसी और हिंदुत्ववादी ताकतों ने इस तरह के भ्रम को विस्तार देने में कोई कसर नहीं उठा रखी है। यह बात पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि इस तरह का भ्रम अज्ञानता अथवा प्रायोजित प्रयासों पर आधारित है। ऐसे तत्व यदि नेहरू जी के विचारों का, उनकी पुस्तकों का, अध्ययन करते तो उनका यह भ्रम दूर हो सकता है।

नेहरू जी ने अनेक किताबें लिखी हैं, जिनके पीछे उनका विराट और गहन अध्ययन था। आजादी के आंदोलन के दौरान उन्हें लंबे समय तक अंग्रेजों की जेलों में रहना पड़ा था। लंबी सजाओं के दौरान उन्होंने खूब पढ़ा और खूब लिखा। भारत की आत्मा को खोजने और उसे पहचानने और आत्मसात करने का गंभीर प्रयास पंडित नेहरू ने किया था। वे भारत के अतीत से, उसकी ऐतिहासिकता से बेहद प्रभावित थे। विस्तृत इतिहास की समुद्र जैसी गहराइयों में उन्होंने कितनी ही बार गोते लगाये। भारत की आत्मा को पहचानने के प्रयासों में उन्होंने वेद, उपनिषद, पुराण, गीता जैसे ग्रंथों और रामायण-महाभारत जैसे महाकाव्यों का विश्लेषण-परक अध्ययन किया। साथ ही उन्होंने इन ग्रन्थों पर भारतीय और विदेशी विद्वानों की टिप्पणियां भी पढ़ीं और उन्हें आत्मसात भी किया।



एल. एस. हरदेनिया

> नेहरूजी ने पूरा-साहित्य और मिथकों आदि का बहुत गहराई से अध्ययन किया था। अत: वे वेदों के स्वाभाविक प्रशंसक थे। वेदों की चर्चा करते हुए वे कहते हैं कि 'शुरू की अवस्था में आदमी के दिमाग़ ने अपने को किस रूप में प्रकट किया था और वह कैसा अद्भुत दिमाग़ था। वेद शब्द की व्युत्पत्ति व्युद धातु से हुई है जिसका अर्थ जानना है और वेदों का उद्देश्य उस समय की जानकारी को इकट्ठा कर देना था।

अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'हिंदुस्तान की कहानी' में वे एक जगह लिखते है: 'पिछली बातों के लिये अंधी-भक्ति बुरी होती है, साथ ही उनके लिए नफ़रत भी उतनी ही बुरी है। इसकी वजह यह है कि इन दोनों में से किसी पर भविष्य की बुनियाद नहीं रखी जा सकती। वर्तमान का और भविष्य का लाजिमी तौर से भूतकाल से जन्म होता है और उन पर उसकी गहरी छाप होती है। इसको भूल जाने के मायने हैं इमारत को बिना बुनियाद के खड़ा करना और कौमी तरक्क़ी की जड़ को ही काट देना। राष्ट्रीयता असल में पिछली तरक्क़ी, परम्परा और अनुभवों की एक समाज के लिए सामूहिक याद है।'

नेहरूजी ने पूरा-साहित्य और मिथकों आदि का बहुत गहराई से अध्ययन किया था। अत: वे वेदों के स्वाभाविक प्रशंसक थे। वेदों की चर्चा करते हुए वे कहते हैं कि 'शुरू की अवस्था में आदमी के दिमाग़ ने अपने को किस रूप में प्रकट किया था और वह कैसा अद्भुत दिमाग़ था। वेद शब्द की व्युत्पत्ति व्युद धातु से हुई है जिसका अर्थ जानना है और वेदों का उद्देश्य उस समय की जानकारी को इकट्ठा कर देना था। उनमें बहुत सी चीजें मिली-जुली हैं। स्तुतियां हैं और बड़ी ऊंची प्रकृति संबंधी कविताएं हैं। उनमें मूर्तिपूजा नहीं है। देवताओं के मंदिरों की चर्चाएं नहीं हैं जो जीवनी-शक्ति और जिंदगी के लिये इकरार उनमें समाया हुआ है वह ग़ैरमामूली है। शुरू के वैदिक आर्य लोगों में जिंदगी के लिये उमंग थी, वे आत्मा के सवाल पर ज़्यादा ध्यान नहीं देते थे।'

महाभारत के बारे में नेहरू जी लिखते हैं-'महाकाव्य की हैसियत से रामायण एक बहुत बड़ा ग्रंथ जरूर है और उससे लोगों को बहुत चाव है लेकिन यह महाभारत है जो दरअसल दुनिया की सबसे खास पुस्तकों में से एक है। यह एक विराट कृति है। परंपराओं और कथाओं का और हिंदुस्तान की राजनैतिक और सामाजिक संस्थाओं का यह एक विश्व-कोष है। महाभारत में हिंदुस्तान की बुनियादी एकता पर जोर देने की बहुत निश्चित कोशिश की गई है। महाभारत एक ऐसा बेशकीमती भंडार है कि हमें उसमें बहुत तरह की अनमोल चीजें मिल सकती हैं। यह रंगबिरंगी घनी और गुदगुदाती जिंदगी से भरपूर है। इस मामले में यह हिंदुस्तानी विचारधारा के दूसरे पहलुओं से हटकर है जिसमें तपस्या और जिंदगी से इंकार पर जोर दिया गया है। महाभारत की शिक्षा का सार यदि एक जुमले में कहा जाए तो यह है-दूसरे के लिये तू ऐसी बात न कर जो खुद तुझे अपने लिए पसंद न हो।'

भगवद् गीता के बारे में नेहरू एक प्रसिद्ध विदेशी विद्वान विलियमबाण्डहॅबोल्ट के विचारों को उद्धृत करते हुए कहते है: 'यह सबसे सुंदर और अकेला दार्शनिक काव्य है जो किसी भी जानी हुई भाषा में नहीं मिलता है। बौद्धकाल से पहले जब इसकी रचना हुई तब से लेकर आज तक इसकी लोकप्रियता और प्रभाव नहीं घटा है और आज भी इसके लिये पहले जैसा आकर्षण बना हुआ है। इसके विचारों और फलसफे को हरेक संप्रदाय श्रद्धा से देखता है और अपने-अपने ढंग से इसकी व्याख्या करता है। संकट के समय जब आदमी का दिमाग संदेह से सताया हुआ होता है और अपने फर्ज़ के बारे में दुविधा उसे दो तरफ़ खींचती है, वह रोशनी और रहनुमायी के लिये गीता की तरफ़ और भी झुकता है क्योंकि यह संकट-काल के लिये लिखी हुई कविता है। चूंकि आज के हिंदुस्तान में मायूसी छाई हुई है और उसके चुपचाप रहने की भी एक हद हो गई है इसलिये फल की आशा किये बिना काम में लगे रहने का संदेश इस समय अत्यधिक प्रासंगिक लगता है। दरअसल गीता का संदेश किसी संप्रदाय या जाति के लिये नहीं है। क्या ब्राह्मण, क्या निम्न जाति, सभी के लिये है। गीता में कहा गया है कि सभी रास्ते मुझ तक आते हैं।'

इसी तरह उपनिषदों के संबंध में नेहरू लिखते है: ''ये छानबीन की, मानसिक साहस की और सत्य की खोज के उत्साह की भावना से भरपूर हैं। यह सही है कि यह सत्य की खोज मौजूदा जमाने के विज्ञान के प्रयोग के तरीकों से नहीं हुई है फिर भी जो तरीक़ा अख्तियार किया गया है उसमें वैज्ञानिक तरीक़े का एक अंश है। हठवाद को दूर कर दिया गया है। उनमें बहुत कुछ ऐसा है जो साधारण है और जिसका आजकल हम लोगों के लिए कोई अर्थ या प्रसंग नहीं है। खास जोर आत्मबोध या आत्मा-परमात्मा के ज्ञान पर दिया गया है। इन दोनों का मूल एक ही बताया गया है। उपनिषदों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें सच्चाई पर बड़ा जोर दिया गया है। सच्चाई की सदा जीत होती है, झूठ की नहीं। सच्चाई के रास्ते से ही हम परमात्मा तक पहुंच सकते हैं। उपनिषदों की यह प्रार्थना मशहूर है 'असत्य से मुझे सत्य की ओर ले चल, अंधकार की ओर से प्रकाश की ओर मुझे ले चल, मृत्यु से मुझे अमरत्व की ओर ले चल।' उपनिषदों में एक सवाल का बहुत अनोखा लेकिन मार्के का जवाब दिया गया है। सवाल यह है कि यह विश्व क्या है? यह कहां से उत्पन्न होता है? और कहां जाता है? इसका उत्तर है-स्वतंत्रता से इसका जन्म होता है। स्वतंत्रता पर ही यह टिका है और स्वतंत्रता में ही वह लय हो जाता है। सारे संसार में ऐसी कोई रचना नहीं है जिसका पढ़ना इतना उपयोगी, इतना ऊंचा उठाने वाला हो जितना उपनिषदों का है। वे सबसे ऊंचे ज्ञान की उपज हैं।' प्रसिद्ध पश्चिमी दार्शनिक सोपेनआवर के विचारों को उधृत करते हुए नेहरू कहते हैं- 'उपनिषदों के हर एक शब्द से गहरे मौलिक और ऊंचे विचार उठते हैं और इन सब पर एक ऊंची पवित्र उत्सुक भावना छाई हुई है। उपनिषदों को पढ़ने से मेरी जिंदगी को शांति मिलती है। यही मेरे मौत के समय भी शांति देंगे।'

रामायण के संबंध में नेहरू जी प्रसिद्ध फ्रांसीसी इतिहासकार मिशले के विचारों को उद्धृत करते हुए कहते है: 'जिस किसी ने भी बड़े काम किये हैं या बड़ी आकांक्षाएं की हैं, उसे इस गहरे प्याले से जिंदगी और जवानी की एक लंबी घूंट पीना चाहिए। रामायण मेरे मन का महाकाव्य है। हिंद महासागर जैसा विस्तृत, मंगलमय सूर्य के प्रकाश से चमकता हुआ, जिसमें देवीय संगीत है और कोई बेसुरापन नहीं है। वहां एक गहरी शांति का राज्य है और कशमकश के बीच भी वहां बेहद मिठास और इंतहा दर्जे़ का भाई-चारा है। जो सभी ज़िंदा चीज़ों पर छाया हुआ है। रामायण मोहब्बत, दया, क्षमा का अपार और अथाह समुंदर है।'

नेहरू जी संस्कृत भाषा के बड़े प्रशंसक थे। संस्कृत के संबंध में वे लिखते हैं कि वह 'अद्भुत रूप से सम्पन्न, हरी-भरी और फूलों से लदी हुई भाषा है। फिर भी वह नियमों से बंधी हुई है और 2600 वर्ष पहले व्याकरण का जो चौखटा, पाणिनि ने इसके लिए तैयार कर दिया, वो उसी के भीतर ही चल रही है। ये खूब फैली, खूब सम्पन्न हुई। भरी-पूरी और अलंकृत बनी लेकिन अपने मूल को पकड़े रही।' संस्कृत के संबंध में नेहरू जी एक यूरोपीय विद्वान सर विलियम जोन्स के विचारों को उधृत करते हैं। जोन्स ने 1884 में कहा था संस्कृत भाषा चाहे जितनी पुरानी हो उसका गठन अद्भुत है। यूनानी भाषा के मुकाबले में ज़्यादा मुकम्मिल, लातिनी के मुकाबले में ज़्यादा सम्पन्न और दोनों के मुकाबले में यह ज़्यादा परिष्कृत है।

ये तो कुछ उदाहरण हैं जिनसे नेहरू जी की भारत के गौरवशाली इतिहास के संबंध में प्रशंसनीय विचार जानने को मिलते हैं। वैसे उनकी किताबें (विश्व इतिहास की झलक और मेरी कहानी) और उनके सैंकड़ों व्याख्यान भारत के अतीत की प्रशंसा से भरे पड़े हैं। नेहरू भारत के अतीत के प्रशंसक थे फिर भी उनकी यह मान्यता थी कि अतीत की अंध-भक्ति से भारत का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। इसलिए उनकी यह धारणा थी कि धर्मनिरपेक्ष-वैज्ञानिक समझ के आधार पर आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने के लिए भारत के अतीत के उज्ज्वल पक्ष का सहारा लेना चाहिए।

इस तरह सच पूछा जाए तो नेहरू जी ही भारत के अतीत के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तराधिकारी हैं। संभवत: इसीलिए उनके विषय में कहा जाता है कि यदि वे राजनीति में नहीं होते तो विश्व-स्तर के इतिहासकार, साहित्यकार या कवि होते। लेकिन इतिहास-संस्कृति और साहित्य के ज्ञाता के लिए मौजूदा आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक सच्चाइयों से विरत रह पाना कहां संभव होता है। नेहरू समस्त सांस्कृतिक-चेतना के साथ स्वतंत्रता आंदोलन और राजनीति में थे। वे नये युग, नये निर्माण और नये भारत के स्वप्न दृष्टा थे। ऐसे स्वप्न दृष्टा जिन्होंने कई स्वप्नों को सच कर दिखाया था। अंत में नेहरू जी का स्मरण मैं शायर शमीम फरहत की 'सत्ताईस मई' (नेहरू जी की मृत्यु की तिथि) शीर्षक की इन पंक्तियों के साथ करना चाहता हूं-

आज एहसासे-ग़म ज़ियादा है,
शम्मे-खामोश में धुआं भी नहीं
इतना खाली-सा लग रहा है जहां,
जैसे अब सर पे आसमां भी नहीं
आज का दिन गुलाब पर बोझल,
आज बच्चों की मुस्कुराहट में
संजीदगी झलकती है।

## पावन प्रसंग

### तेते पांव पसारिये जेती लंबी सौर

आदर्श शिक्षा यही है कि जितनी आमदनी हो खर्च उसी के भीतर ही रहे। बड़े दीखने का अभिमान न करें। एक बार कोई.यह कह जाए कि ये लोग गरीब हैं, पुराने जमाने के हैं, वह अच्छा है;क्योंकि सौर0 रजाई से अधिक पांव फैलाना सदैव हानिकारक ही होता है। आज से कई वर्ष पहले सारे कस्बे में यह एक ही क्राकरी की दुकान थी। अच्छी आमदनी हो जाती थी, कोई सौ-डेढ़ सौ रुपए रोज तक की बचत थी। घर में मजेदारी थी। धर्मपत्नी का दिल खुला था। जितनी आमदनी- खर्च भी उतना ही। लोग घर आएं तो अफसरों जैसा स्वागत । गरज यह कि उनके संपन्न होने की खूब चर्चा थी, लोग मानते थे कि यह बहुत बड़े आदमी हैं।

रहन-सहन में भी वही बात। कपड़ों की चाहे, साज-संभाल न हो, पर अनाप-शनाप कपड़े, बनते, बच्चों के लिए घर का नाश्ता ठीक नहीं, मिठाइयां, चॉकलेट में ढेर सारे पैसे खर्च किए जाते, बिजली पंखों का खर्च अनाप-शनाप ही होता। ऐसी कोई जगह नहीं जहां से किसी को यह कहने का अवसर मिले, यह लोग छोटे आदमी हैं। समय बदलते देर नहीं लगती। दो वर्ष पीछे सामने एक और क्राकरी की दुकान हो गई। शहर में धीरे-धीरे कई दुकानें हो गईं। आमदनी सब दुकानों में बंट गई तो स्वाभाविक ही था- रतनचंद्र क्राकरी वालों की आमदनी कम हो जाती। अब दिन में कुल 60-70 रुपए ही बचते। लालाजी ने पत्नी को बहुतेरा समझाया-देखो अब पहले जैसी स्थिति नहीं रही, खर्च हाथ साधकर किया करो, पर पत्नी के सिर पर बड़प्पन का ऐसा भूत सवार था कि पति से लड़ना झगड़ना स्वीकार, खर्च करने की आदत न बदली। अच्छे खाते-पीते घर के होकर भी उनके ऊपर ऋण बना ही रहता, घर में परस्पर खींचा-तानी रहती सो अलग। आमदनी घटने के साथ रहन-सहन के स्तर में थोड़ी सादगी कर ली जाती तो उसमें शान न घटती, पर परस्पर खींचा-तानी से जो उपहासास्यास्पद स्थिति बनी, यदि उसे घर की स्त्रियां समझ लेतीं तो न दुर्गति लालाजी की होती और न स्वयं उनकी स्त्री की। झगड़े-फसाद के कारण बच्चों में जो बुरे संस्कार पड़ गए सो अलग।

सदा खर्च सोच-समझ कर आमदनी को देखते हुए करने की आदत डालनी चाहिए। खर्च बढ़ने पर पुन: कम करना कठिन हो जाता है। अत: आरंभ से ही बालकों को मितव्ययता सिखानी चाहिए।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### बाल-दिवस को बनायें ख़ास देकर ये अनुपम उपहार

प्रतिवर्ष 14 नवंबर को हम राष्ट्रीय बाल-दिवस और 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल-दिवस के रूप में मनाते हैं, इस तरह से नवंबर का महीना आधिकारिक रूप से तो पूरी दुनिया के बच्चों को समर्पित है। हर वर्ष बाल-दिवस पर ऐसे अनेकों सरकारी और गैर-सरकारी आयोजन होते हैं जिनमें बच्चों के हितार्थ ढेरों योजनाओं, सुविधाओं का वादा किया जाता है. जिनमें से कुछ तो पूरे हो जाते हैं और कुछ ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। लेकिन यह एक स्व स्थापित सत्य है कि बचपन की मजबूत बुनियाद ही सुरक्षित भविष्य का निर्माण करती है। किसी भी राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए बचपन का सम्पूर्ण रूप से पल्लवित और प्रस्फुटित होना नितांत आवश्यक है। देश और दुनिया में बाल- दिवस के सफल आयोजन हेतु रैलियां निकलती रहेंगी, उद्घाटन होते रहेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहेंगे, मूल बात है बच्चों के कल्याण की, उनके सुरक्षित भविष्य की. इसके लिए आज यहां कुछ ऐसे ही अनमोल उपहारों के बारे में चर्चा करेंगे जिन्हें अगर हम बच्चों को सुलभ करा सकें तो न केवल वर्तमान की, बल्कि भविष्य में आने वाली कई पीढ़ियां भी उनसे लाभान्वित होती रहेंगी।

**बाल-दिवस का प्रयोजन**-कोई भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उस 'मुद्दे विशेष' के प्रति जागरूक करना, उसे सफल बनाने में आने वाली समस्याओं को पहचानना और सबके सम्मिलित प्रयासों से उनका समाधान ढूंढना. ताकि एक ऐसे मजबूत समाज का निर्माण किया जा सके जहां ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, पढ़े-लिखे या अनपढ़, शहरी या ग्रामीण, लड़का या लड़की में कोई भेदभाव न हो; सबको अपने अधिकारों के साथ-साथ, देश व समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का भी पूरा अहसास हो।

**उत्तम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य-बात शुरू करते हैं अच्छे स्वास्थ्य से**- बढ़ती उम्र के बच्चों को उचित वैचारिक खुराक के साथ ही भरपूर मात्रा में न्यूट्रीशस भोजन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए क्योंकि एक कमज़ोर या कुपोषित शरीर कभी भी पढ़ाई-लिखाई में या अन्य किसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से, अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भागीदारी नहीं कर सकता। एक मानसिक व शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त बच्चा ही बड़े होकर देश एवं समाज को नई ऊंचाईयों पर ले जा सकता है।

**व्यावहारिक व कौशल आधारित शिक्षा**-बढ़ते हुए बच्चों के रचनात्मक विकास के लिए कौशल आधारित शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो, जिसमें कोरा किताबी ज्ञान न हो जो ज़िन्दगी के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण रखना सिखाये। शिक्षित होकर बच्चों की रचनात्मकता को नए आयाम मिलें. वे संगीत, नृत्य, खेल, चित्रकला या अपनी अभिरुचि के किसी भी अन्य क्षेत्र या विषय में पारंगत होकर अपनी आजीविका चुन सकें और अपने कौशल से देश और समाज में कुछ योगदान कर सकें तभी उनकी शिक्षा सार्थक होगी।

**अनुशासित जीवन शैली का चुनाव**-महान अर्थशास्त्री चाणक्य के अनुसार व्यक्ति के उत्तम चरित्र निर्माण एवं उज्जवल भविष्य हेतु प्रयास बचपन में ही किये जाने चाहिए और इसके लिए उन्हें उचित शिक्षा व अनुशासित जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया जाना चाहिए। भागदौड़ भरी जीवन शैली थकान, तनाव और व्यग्रता को बढ़ावा देती है जो अनेकानेक बीमारियों को सीधा-सीधा निमंत्रण है।

**बचपन को बनाये रखना**-बचपन! विश्व का शायद ही कोई व्यक्ति होगा जो उसकी मधुर, अविस्मरणीय स्मृतियों से अछूता हो। जो निश्छल, नि:स्वार्थ, सहजता, चंचलता, मासूमियत उम्र के इस दौर की पहचान होती है वह उम्र बढ़ने के साथ-साथ गायब होती जाती है और जीवन की आपा-धापी में हम दिन-प्रतिदिन उलझते चले जाते हैं। अपने मूलभूत अधिकारों की चर्चा तो हम सभी करते हैं लेकिन अपने इन मूलभूत गुणों को विस्मृत करते चले जाते हैं और इसका हमें रत्ती भर भी एहसास नहीं होता है अत: हम बड़ों में भी बचपना बना रहे उसके प्रयास किये जाने चाहिए और अभ्यास से ही सही, इन गुणों का पोषण किया जाना चाहिए।

बच्चों के कल्याणार्थ एकजुट हो लें संकल्प आइये, हम और आप ये संकल्प लें कि न केवल वर्तमान के, बल्कि भविष्य के जन्म लेने वाले बच्चे भी इस पृथ्वी पर सुरक्षित जीवन-यापन कर सकें इस हेतु हम प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग नहीं करेंगे, नियमित वृक्षारोपण करेंगे, हर प्रकार के प्रदूषण को नियंत्रित रखने की कोशिश करेंगे, खेतों में अनावश्यक रसायनों के प्रयोग से बचेंगे और अपने पर्यावरण को संरक्षित रखने का भरपूर प्रयास करेंगे ताकि ये धरती, आने वाली कई सदियों तक हमारे बच्चों के साथ यूं ही हंसती खिलखिलाती आबाद रहे। बाल-दिवस पर बच्चों को, एक सभ्य, शिक्षित एवं जागरूक समाज की ओर से इससे अनुपम सौगात और कुछ नहीं हो सकती।

**प्राची तिवारी 'छबि'**

# दीपोत्सव का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया

## बच्चों और युवाओं ने की जमकर आतिशबाजी





**जबलपुर, देशबन्धु।** देश सहित संस्कारधानी में हिन्दू धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा त्यौहार दिपावली बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई। संस्कारधानीवासियों के घरों के आंगन में जहां दीपक रोशनी जगमगा रही थी, तो वहीं दीवारों और छतों पर बिजली की झलरों की रोशनी दमक रही थी। लोगों ने घरों लक्ष्मी-गणेश के साथ धन देवता कुबेर का पूजन कर सोमवार को अपने आस-पड़ौस में दिवाली के प्रसाद के रूप में लाई, बताशा, केला, सेव और मिठाईयां देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। हालांकि इस बार की दिवाली पर विधानसभा चुनावों असर साफ नजर आ रहा था।

**खूब चले फटाके**- लक्ष्मी पूजन के बाद लोगों के घरों कौनों-कौनों में दीपक रखने से चारों तरफ रोशनी जगमगा रहे थे, वहीं कालोनी और मोहल्लों की

गली-कूचों में फटाकों के शोर गूंज रहे थे। लोगों ने अपने परिवार के बच्चों और बड़ों के साथ मिलकर रात तक जमकर फटाके चलाकर दीपावली की खुशियां मनाई।



**घरों में सजाई रंगोली**-दीपावली का त्यौहार हिन्दूओं का बड़े त्यौहारों में से एक है। दिवाली के उपलक्ष्य में लोग 15 दिनों पूर्व से घरों की रंगाई-पुताई तैयारियों में जुट गए थे। जिससे हर घर की दीवारों पर अलग ही रंग दिखाई दे रहा था। हर घर में आंगन बनी रंगोली घरों की सजावट में चार चांद लगा रही थी।

**मंदिरों में मनाई दिवाली**-घरों के साथ शहर के मंदिरों में भी दिवाली के उपलक्ष्य में विशेष तैयारियां की गई। लक्ष्मी पूजन के दिन शाम को घरों में पूजा करने के बाद लोगों ने मंदिरों में सपरिवार पहुंचकर भगवान के दर्शन कर मंदिरों में भी दिवाली का पूजन किया, और मिठाई फल आदि का भगवान प्रसाद चढ़ाकर वितरण कर किया।

# 15 की शाम 6 बजे से थम जायेगा चुनावी शोर गुल

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन का चुनावी शोर गुल मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व बुधवार 15 नवम्बर की शाम 6 बजे से थम जायेगा। इस अवधि के बाद चुनाव लड रहे उम्मीदवार या राजनैतिक दल अपने चुनावी प्रचार के लिए न तो जुलूस एवं आम सभायें आयोजित कर सकेंगे और न ही लाउड स्पीकर का उपयोग कर सकेंगे। इन 48 घंटों के दौरान उम्मीदवार केवल घर-घर जाकर ही मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक मतदान के बंद होने के ठीक पूर्व के अड़तालीस घंटों के दौरान सार्वजनिक सभाओं, लाउड स्पीकर और जुलूस पर प्रतिबंध रहेगा। इस कालावधि के दौरान उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन के संबंध में कोई जूलूस एवं सार्वजनिक सभा आयोजित नहीं की जा सकेगी और न ही इस तरह की किसी सभा या जुलूस में वो शामिल हो सकेगा अथवा संबोधित कर सकेगा। चल चित्र-यंत्र टेलीविजन या अन्य

### केवल घर-घर दी जा सकेगी दस्तक

इसी प्रकार के यंत्र या उपकरणों के माध्यम से भी निर्वाचन संबंधी मामले का जनसाधारण को प्रदर्शन इस दौरान प्रतिबंधित रहेगा।

निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मतदान समाप्त होने के पूर्व के 48 घंटों के दौरान उम्मीदवारों या राजनैतिक दलों द्वारा जनसाधारण को आकर्षित करने की दृष्टि से किसी संगीत गोष्ठी, नाट्यअभिनय या अन्य मनोरंजन आमोद-प्रमोद का आयोजन करके अथवा आयोजन की व्यवस्था करके निर्वाचन संबंधी मामले का प्रचार नहीं किया जा सकेगा। आयोग ने चेतावनी भी दी है कि यदि इन प्रतिबंधों का उल्लंघन किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी और उसे दो वर्ष के कारावास या जुर्माने की अथवा दोनों की सजा से एक साथ दण्डित किया जा सकेगा।



# रेलवे में गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर स्टेशन को घर की तरह स्वच्छ रखने हेतु दीपावली के पर्व पर आने जाने वाले यात्रियों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने के लिए जबलपुर रेल मंडल में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा के निर्देशन एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक के नेतृत्व में, जबलपुर स्टेशन पर शनिवार को सुबह तथा दोपहर मे मुख्य चल टिकिट निरीक्षक अवधेश तिवारी, अजय भालेराव, सी एल मांडलेकर, सर्वेश चौबे ने स्टेशन टिकट चेकिंग स्टाफ,श्रीमती अर्चना उपाध्याय,श्रीमती प्रीति,के साथ स्टेशन पर थूकने और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान मे 53 यात्रियों को गंदगी फैलाने के लिए चिन्हित करके उन पर दंड स्वरूप कार्यवाही करते हुए सभी प्रकरण में प्रत्येक पर सौ-सौ रुपए की पेनाल्टी अधिरोपित करके राशी रेलवे मद में जमा कराई गई। अर्थ दंड के साथ ही साथ ही यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता बरतने हेतु दीपावली में घर की स्वच्छता की तरह स्टेशन को भी स्वच्छ रखने की समझाइश भी स्टाफ द्वारा दी गई। रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता के प्रति रेलवे की इस जागरूकता को लेकर यात्रियों ने इसकी सराहना की और भविष्य में स्टेशन पर किसी तरह की गंदगी न किए जाने का वचन दिया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने आरओ व नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर दिये आवश्यक निर्देश



**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टिर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन ने जेएनकेवीवी परिसर में सभी रिटर्निंग अधिकारी व नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन व्य वस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होनें सामग्री वितरण के दौरान ईव्हीएम के साथ दी जाने वाली सामग्रियों की जानकारी देकर कहा कि समुचित रूप से मतदान सामग्री का वितरण सुनिश्चित करायें। एएसडी को प्राथमिकता पर रखकर कार्य करें। समीक्षा के दौरान पोस्टल, बेलट, ईव्ही एम, व्हीव्हीयपेट, बस रूट, कानून व व्यवस्था, मॉकपोल, मतदान प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्ता र से चर्चा की। इसके पूर्व उन्होुनें कहा कि सामग्री वितरण के दौरान मतदान दलों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसलिए समग्री वितरण स्थनल पर प्रॉपर साइनेज रहें। ताकि मतदान कर्मियों को पता चले कि किसे कहां जाना है। उन्होनें कहा कि इस दौरान रिजर्व दल, डिकोडिंग, फोटोग्राफर व वीडियोग्राफर की व्यैवस्थाइ रहे। साथ ही कहा कि हर सेक्टलर ऑफिसर के साथ एक डॉक्टजर रहे। हर बूथ पर आशा कार्यकरता मेडिकल किट के साथ रहे। इतना ही नहीं सामग्री वितरण व वापसी स्थाल परिसर पर मेडिकल फैसिलिटी सेंटर स्थायपित करने के निर्देश दिये। निर्वाचन व्यगवस्थापओं के संबंध में चर्चा के दौरान उन्होंनें कहा कि मतदान दल को लाने व ले जाने के लिये रूट अनुसार बसों की समुचित व्यववस्थाओ रहे।

मतदान के दौरान वेबकास्टिंग की व्य वस्था भी करने के निर्देश दिये गये। श्री सुमन ने कहा कि प्रचार समाप्ति के तुरंत बाद चिन्हित वनरेबल तथा क्रिटिकल क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करें, मतदान केन्द्रे के 100 मीटर के अंदर किसी प्रकार का प्रचार सामग्री न रहे। शिकायतों के निराकरण के लिये सभी अधिकारी तत्पनर रहें। साथ ही कम्यूेनिकेशन प्ला न को सशक्त रखें। बैठक में मतदान सामग्री की वापसी की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा कर आवश्यथक निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मिशा सिंह तथा जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह, नगर निगम कमिश्नपर श्री स्वाप्निल वानखड़े, अपर कलेक्टसर शेर सिंह मीणा व नाथूराम गौंड सहित अन्य् संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मतदान के दिन केवल तीन वाहनों के उपयोग की अनुमति ही होगी उम्मीदवारों को

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार मतदान के दिन केवल तीन वाहन का ही उपयोग कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वाहनों के दुरूपयोग को रोकने निर्वाचन अपराधों को नियंत्रित करने और मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक वाहनों से लाने-ले-जाने पर रोक लगाने के लिए जारी निर्देशों में कहा गया है विधानसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्येक उम्मीदवार को मतदान के दिन संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के दो, तीन या चार पहिया वाहनों में से केवल तीन वाहनों के उपयोग की अनुमति ही होगी ।

आयोग ने कहा है कि इसमें से एक वाहन का उपयोग उम्मीदवार खुद अपने लिए कर सकेगा जबकि दूसरे वाहन का उपयोग उसके निर्वाचन अभिकर्त्ता और तीसरे वाहन का उपयोग कार्यकर्त्ताओं के लिए किया जा सकेगा। तीन से अधिक वाहनों के संचालन की स्थिति में इसे भ्रष्ट आचरण माना जायेगा व निर्वाचन नियमों के तहत दोषी उम्मीदवार के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि उम्मीदवारों को मतदान के दिन खुद के लिए, निर्वाचन अभिकर्ता के लिए और कार्यकर्त्ताओं के लिए प्रयुक्त किये जाने वाले तीनों वाहनों के लिए अग्रिम रूप से संबंधित रिटर्निंग अधिकारी या प्राधिकृत अधिकारी से अनुज्ञा पत्र प्राप्त कर लेनी चाहिए। उम्मीदवारों को प्राप्त अनुज्ञा पत्र को वाहनों के विण्ड स्क्रीन पर चिपकाने के निर्देश दिये गये हैं। आयोग ने कहा कि इन अनुमति प्राप्त वाहनों में ड्राइवर सहित पांच से अधिक व्यक्ति सवार नहीं हो सकेंगे। इसी तरह उम्मीदवार या उसके चुनाव एजेन्ट की अनुपस्थिति में इन वाहनों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

# मेरा रोम-रोम जनता के लिए समर्पित है : अशोक रोहाणी



केंट के कई वार्डों में जनसम्पर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने केंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रजक मोहल्ला, टेमरभीटा, प्रेमनाथ कम्पाउण्ड, नर्मदा कम्पाउण्ड, शुक्ला कम्पाउण्ड, मलहोत्रा कम्पाउण्ड, बंगला नंबर 16 यादगार, पुरानी मोहनिया, आजाद नगर, नरसिंह नगर, गुड्डू काछी का वार्ड, चंद्रशेखर वार्ड, तीन पुलिया, कंचनपुर, सिद्धेश्वर चौक, भड़पुरा, शोभापुर, निर्मलचंद जैन वार्ड, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, मोदीबाडा, हाथीटोली, रानी अबंती बाई वार्ड, कुंदन रेसीडेंसी,, लक्ष्मी बाई वार्ड, आनंद भवन कंचनपुर, आशा नगर,, तिघरा, रक्षानगर, बडा पत्थर, केवट मोहल्ला, अधारताल, सांई मंदिर सिविल लाईन, इंन्द्रा आवास, सुदर्शन वार्ड पटेल नगर, सिद्ध नगर, विश्वकर्मा मोहल्ला, परसराम कुण्ड, रावण पार्क, अमर नगर, बंगाली कॉलोनी, रांझी सहित कई क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि मेरा रोम-रोम जनता को समर्पित है। इस अवसर पर भाजपा के नंद कुमार यादव, माइकल प्रदीप कपूर, रिंकू विज, दामोदर सोनी, आशीष राव, गुड्डा केवट, संजय वर्मा, अनुराग दाहिया, श्याम कनोजिया आदि मौजूद रहे।

# राजनैतिक उपेक्षा और भेदभाव के दंश से मुक्त होगा जबलपुर : तरुण भनोत



इंदिरा गांधी वार्ड में जनसम्पर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** जनसंपर्क के उन्नीसवें दिन कांग्रेस प्रत्याशी तरुण भनोत के द्वारा इंदिरा गांधी वार्ड में गुलौआ चौक से चौधरी मोहल्ला, बीटी तिराहा, आनंद कुंज, केवट मोहल्ला, रामलीला मैदान और शाहीनाका क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया गया । जनसंवाद में भनोत ने बताया कि लगातार जबलपुर की जनता ने लगातार भाजपा को आशीर्वाद दिया। लोकसभा से लेकर विधानसभा और नगर सत्ता में भाजपा के जनप्रतिनिधि होने के बावजूद शहर को राजनैतिक रूप से सर्वाधिक भेदभाव और उपेक्षा का दंश झेलना पड़ा है, 15 महीने के कांग्रेस सरकार के दौरान प्रदेश के इतिहास में पहली बार कैबिनेट की मीटिंग हुई और जबलपुर को उसके वास्तविक और अपेक्षित हक और अधिकार देने का प्रयास किया गया ।

जनसंपर्क के दौरान मनोज पाटकर, सलिल चौकसे, आमोद उपाध्याय, चिपु शर्मा, मोहित प्यासी, सत्येंद्र पचौरी, राधा पटेल, विकास पटेल, मनोज सेन, रिक्की वर्मा, रोबिन तिवारी, सुधीर मौजद थे।

# अशफाक उल्ला और मौलाना आजाद वार्ड की जनता ने विनय को दिया जीत का आश्वासन



दो वार्ड में सघन जनसंपर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विनय सक्सेना ने अशफाक उल्ला खां और मौलाना अबुल कलाम आजाद वार्ड में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान अशफाक उल्ला खां वार्ड के पार्षद वकील अहमद अंसारी के साथ उन्होंने मोतीनाला, खदनिया, कासिम मौलाना, सिरसा तले, चार खंबा, छोटी मदार टेकरी, नालबंद मोहल्ला, मंडी मदार टेकरी, आदि इलाकों में भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की और जीत की दुआएं मांगी। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कदीर सोनी, मतीन अंसारी, पूर्व पार्षद परवीन अंसारी, ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार चौबे, अशरफ मंसूरी, आमिन कुरैशी, शाकिर हुसैन कुरैशी, अदनान अंसारी, आसिफ मंसूरी, शाकिर अंसारी, मारूफ अंसारी, मुन्ना बाबू कुरैशी, नायाब भाई, फरहान अंसारी, इमरान अंसारी, अताउर्रहमान अंसारी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और समर्थक मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ने वार्डो की जनचौपाल में लिया आशीर्वाद



पश्चिम के कई वार्ड में जनसम्पर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** यह चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। मात्र जबलपुर पश्चिम ही नहीं, बल्कि प्रदेश और देश के भविष्य को तय करने वाला, यह चुनाव है। हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है, संपन्न हो रहा है, समृद्ध हो रहा है और उसी तेज गति से हमारी विधानसभा का विकास भी हो इसके लिए आपका वोट रूपी निर्णय महत्वपूर्ण है, यह बात पश्चिम विधानसभा भाजपा प्रत्याशी श्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के महाराणा प्रताप, ग्वारीघाट, बनारसीदास भनोत वार्ड, वीर सावरकर वार्ड की जनचौपाल के दौरान कही।

इस अवसर पर शैलेंद्र विश्वकर्मा, कौशल सूरी, अतुल चौरसिया, मालती चोधरी, शारदा कुशवाहा ह्रदेश राजपूत, संजय तिवारी, नरेश पटेल, गायत्री गोंटिया, सुरेंद्र सैनी, श्रीराम पटेल, उमाकांत सैनी, नवीन वैश्य, अखिलेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

# पन्द्रह की शाम 6 बजे से मतदान की समाप्ति तक बंद रहेंगी शराब दुकानें बंद

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा का निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने आज एक आदेश जारी कर मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घण्टे पूर्व की अवधि से मतदान समाप्ति की अवधि तक तथा मतगणना दिवस पर सम्पूर्ण जिले की राजस्व सीमा में शुष्क दिवस घोषित किया है ।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ग के प्रावधानों के तहत जारी किये गये इस आदेश के मुताबिक जिले की राजस्व सीमा में मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घण्टे पूर्व अर्थात 15 नवंबर की शाम 6 बजे से मतदान की समाप्ति अर्थात 17 नवंबर की शाम 6 बजे तक शुष्क दिवस रहेगा। इसी प्रकार 3 दिसम्बर को मतगणना के दिन को भी शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

शुष्क दिवस की अवधि में जिले की सभी मदिरा दुकानों, एम्बी वाईन आउटलेट, देशी मद्य भण्डारागार जबलपुर एवं सिहोरा तथा विदेशी मदिरा मद्य भण्डारागार करमेता से मदिरा का विक्रय, परिवहन अथवा प्रदाय को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

आदेश के अनुसार जिले के सभी मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, क्लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति के अन्य पदार्थ का भी विक्रय, संग्रहण, एवं परिवहन भी प्रतिबन्धित रहेगा।

# चुनावी त्यौहार में जनता का भाजपा को आशीर्वाद : अभिलाष पांडे



मंडलों का कार्यकर्ता सम्मेलन

**जबलपुर, देशबन्धु।** हमारे प्रमुख त्योहार दीपावली के साथ ही चुनाव का भी माहौल है एवं इस चुनावी त्योहार में जनता का भाजपा को भरपूर आशीर्वाद है इस वर्ष हर सनातन धर्म प्रेमियों के लिए यह दीवाली जीवन की सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि 500 वर्ष बाद भगवान रामलला अब जल्द ही अपने महल में विराजमान होने वाले हैं एवं यह सब अब आजादी के 70 वर्ष बाद माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में संभव हो पाया है, यह बात भाजपा उत्तर विधानसभा प्रत्याशी अभिलाष पांडे ने जयप्रकाश नारायण वार्ड के जनसंपर्क के दौरान कही।

जनसंपर्क के दौरान अतुल जैन दानी, शंकर श्रीवास्तव, रमेश रैकवार, राजकुमार गुप्ता, वीणा जैन, जयराम घनघोरिया, फतेहचंद वासवानी, पप्पू चौकसे, शैलेंद्र राहुल जैन, पवन गुप्ता, डब्बू पटेल, शशांक जैन, गीतेश जैन शामिल थे।

# जनता की सेवा करना मेरा लक्ष्य : लखन घनघोरिया



सिद्धबाबा वार्ड में जनसम्पर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों में रोड़ शो किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों का अभिवादन कर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विकास का वादा किया। रोड़ शो करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने कहा कि वह बिना भेदभाव के पूर्व विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यों को करते हुए आए हैं और क्षेत्र की जनता के लिए परिवार का सदस्य बनकर सदैव कार्य करते रहेंगे। रोड शो में सांसद इमरान प्रताप गढ़ी, सांसद विवेक तन्खा शामिल रहे। गढ़ी ने लखन घनघोरिया को विजयी बनाने की अपील की।

इस दौरान घनघोरिया ने कहा कि सेवा करना है, इसी उद्देश्य के साथ वह लगातार जनता के बीच में सेवा कार्य करते हुए आ रहे हैं, इसलिए नागरिक उनके चुनाव चिन्ह पंजा की बटन दवाकर कांग्रेस की सरकार बनवाये।

# हरे कृष्णा आश्रम में राधा-कृष्ण को, अर्पित होंगे छप्पन भोग



**जबलपुर, देशबन्धु।** दीवाली के पावन अवसर पर भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्ण आश्रम में 14 नवंबर अन्नकूट दिवस पर सुबह 11 बजे आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में राधा-श्रीकृष्ण को 56 प्रकार के पकवानों का भोग अर्पित किया जाएगा। उनके बाद गौ माता का पूजन-अर्चन के बाद गुड़ खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। भगवान गोवर्धन का पूजन कर महाआरती के साथ छप्पन भोग और भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आश्रम में वृदावन से पूजित मोर पंखों का वितरण श्रद्धालुओं को किया जाएगा। आश्रम के व्यवस्थापक और नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया सभी भक्तों को प्रसाद स्वरूप वृंदावन धाम से पूजित मोर पंख का वितरण किया जाएगा।

# बहनों को मिलेगी स्मार्टवॉच, भाईयों को रिटर्न गिफ्ट

## मार्केट में भाईदूज के लिए पसंद किए जा रहे डिफरेंट आइटम्स







**जबलपुर, देशबन्धु।** भाई बहन के रिश्तों को मजबूती देने वाला त्यौहार भाईदूज बुधवार को है। दीवाली के बाद अब शहरवासी इस खास त्यौहार को मनाने में जुट गए हैं। युवाओं में इस त्यौहार को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। इसके चलते जहां डिफरेंट स्टाइल में ड्रेसेज की खरीदारी हो चुकी है, वहीं भाई बहनों से एक दूसरे के लिए सरप्राइज गिफ्ट्स की प्लानिंग भी कर ली है।

**स्मार्ट गैजेट्स की खरीदारी**-लोगों के बीच अब हर छोटे-बड़े मौकों पर गिफ्टिंग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ऐसे में भाईदूज जैसे खास मौके पर स्मार्ट गैजेट्स की डिमांड है। रित्विक ठाकुर का कहना है कि उन्होंने बहन के लिए स्मार्टवॉच खरीदी है। वहीं उनकी बहन अनुश्री का कहना है कि उन्होंने भाई के लिए सरप्राइज गिफ्ट प्लान किया है।

**पसंदीदा गिफ्ट्स होंगे खास**-सरप्राइज के साथ-साथ पसंदीदा गिफ्ट देने हुई गिफ्ट शॉपिंग में खास तौर पर गैजेट्स, ऑटोमोबाइल्स, सेलिब्रेशन पैक्स शामिल रहे। वहीं कोटेशन बुक्स, कॉफी मग भी हर बार की तरह टॉप लिस्टेड हैं। ड्रेसेस, एक्सेसरीज के साथ छोटे भाई-बहन के लिए चॉकलेट्स, टॉयज जैसे आइटम्स की भी पर्चेजिंग की गई है।

**आउटिंग में बीतेगा दिन**-एक ओर जहां वेकेशन्स की मस्ती होगी तो वहीं दूसरी ओर फेस्टिवल का रोमांच भी। भाई-बहनों की मस्ती भरे पल वे आउटिंग, रेस्टोरेंस और मॉल्स में टाइम स्पैंड कर सेलिब्रेट करेंगे। स्वाति भवदीया बताती हैं कि वे भाई दूज को स्पेशल और मेमोरेबल बनाने के लिए भाई का पसंदीदा केक बनाएंगी।

### इन गिफ्ट की डिमांड

- स्मार्टवॉच
- एनालॉग रिस्ट बैंड
- डिजिटल वॉटर बॉटल
- जिम की मेंबरशिप
- ऑनलाइन गिफ्ट वाउचर्स
- मोबाइल
- मेकअप किट

# सनराइज एकेडमी के बच्चों ने मनाया दीपोत्सव




**जबलपुर, देशबन्धु।** सनराइज एकेडमी फॉर स्पेशल नीड चिल्ड्रन के ऑटिज्म बच्चों के लिए दीपावली महोत्सव का विशेष आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने लक्ष्मी जी का पूजन अर्चन किया। बच्चों ने आकर्षक रांगोली बनाकर तथा मिट्टी के स्वनिर्मित दीप जलाकर मां की आराधना की। पूजन के बाद उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बच्चों को मिठाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर संचालिका विनीता पगारे, समावेशी शिक्षा के संभागीय नोडल अधिकारी डॉ.राम नरेश पटेल, विकलांग विकास संघ के अध्यक्ष डॉ. एच. पी. तिवारी, समाजसेवी डॉ.एस.के.जैन, डॉ.स्मिता जैन, विनोद कुमार कुलस्ते, गीता कुशवाहा, रोशनी जोश, आरोही शर्मा, अखिलेश कुशवाहा, वर्षा मिश्रा,साक्षी खन्ना, काव्या, अमित करकरे सहित बड़ी संख्या मे बच्चे व अभिभावक उपस्थित थे।

# फन एंड एंजॉयमेंट पर ब्रेक, फिर से स्टडी ऑन ट्रेक

## स्कूल और कॉलेजों में एग्जाम का दौर, असाइनमेंट कम्प्लीट करने में जुटे स्टूडेंट्स



**जबलपुर, देशबन्धु।** फेस्टिवल सीजन में होने वाली एंजॉयमेंट पर अब ब्रेक लग चुका है, क्योंकि वेकेशन के बाद स्कूल और कॉलेजों में एग्जाम का दौर छाएगा। फन एंड एंजॉयमेंट पर ब्रेक लगा तो स्टूडेंट्स की स्टडी दोबारा ट्रेक पर आ चुकी है। स्कूलों में होमवर्क पूरा करने और प्रैक्टिकल और बोर्ड एग्जाम की तैयारी चल रही है, वहीं कॉलेज स्टूडेंट्स के छात्र असेसमेंट रेडी करने में लगे हुए हैं।

**स्कूल्स में प्रैक्टिकल सेशन**-सीबीएसई स्कूलों में नॉन बोर्ड कक्षाओं में नवंबर लास्ट से प्रैक्टिकल एग्जाम स्टार्ट होंगे, तो वहीं बोर्ड क्लास के एग्जाम फर्स्ट जनवरी से शुरू हो जाएंगें। ऐसे में बच्चे प्रैक्टिकल सेशन में जुटे हुए हैं।

**प्राइमरी सेक्शन में रीशेड्यूलिंग**-लंबी छुट्टियां पड़ने के कारण प्राइमरी सेक्शन के बच्चों की स्कूल जाने की हैबिट पर असर पड़ा है। ऐसे में सिटी मॉम्स खुद के घरों में बच्चों की स्टडी शेड्यूलिंग प्लान कर रहीं हैं, ताकि आगामी एग्जाम के लिए वे तैयार हो सकें।

**वेकेशन होमवर्क में बीत रहा दिन**-दिवाली के लिए बच्चों को स्कूल से होमवर्क दिया गया था, जिसे कम्पलीट करने में अब समय बिताया जा रहा है। मिन्नी कपूर कहती हैं कि वे क्लास सैकेंड में हैं। स्कूल से उन्हें हर सब्जेक्ट में काफी होमवर्क मिला है। स्कूल ओपन होने के पहले होमवर्क कम्पलीट करने में जुटी हैं।

# कला, संस्कृति व खेल का सुनहरा कल सिंचित कर रहे बाल कलाकार

## बाल दिवस आज-विभिन्न क्षेत्रों में योग्यता साबित कर रहे शहर के होनहार







**जबलपुर, देशबन्धु।** कम उम्र से ही इनकी आंखों में बड़े सपने हैं। कला, खेल, गीत और संगीत के साथ अन्य विधाओं में शहर के होनहार अपने नाम का परचम लहरा रहे हैं। इनकी उम्र भले ही कम है, लेकिन हौसला दुनिया पर छाने का। अपने हुनर के दम पर जहां ये देश-दुनिया में नाम कमा रहे हैं, वहीं संस्कारधानी का नाम भी रोशन कर रहे हैं। बाल दिवस के मौके पर आइए मिलते हैं कुछ ऐसे ही होनहारों से जो हर विधा को कल के लिए सिंचित कर रहे हैं। **बुंदेली संस्कृति की जिम्मेदारी**-बाल कलाकार गुरुकांत दीक्षित बुंदेली गीत और संगीत की धरोहर को भविष्य के लिए संभालने का काम कर रहे हैं। लोक कलाकार कृष्णकांत दीक्षित के संरक्षण में गुरु चार साल की उम्र से अहीर नृत्य और संगीत से जुड़े हैं। अब वे पारंगत होकर राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर बुंदेली की चमक दमक दिखा चुके हैं। उनका कहना है कि पिता की तरह वे भी बुंदेली संस्कृति के प्रचार-प्रसार में जुटकर काम कर रहे हैं। **संगीत कंपन में घुंघरुओं की संगत**-शास्त्रीय नृत्य में माहिर प्रिया जैन विशेष बालिका हैं। बचपन से प्रिया को टीवी देखकर एक्ट्रेस की तरह तैयार होने और रैम्प वॉक का शौक था, लेकिन बोलने और सुनने में असमर्थ प्रिया बिना संगीत के ही मां दर्शना के सामने अपनी कला दिखाती थी। मां से बेटी के सपनों को आसमान देने के लिए उसे शास्त्रीय नृत्य में पारंगत करवाने का संकल्प लिया। अब बेटी संगीत कम्पन में घुंघरुओं की संगत कर सबको हैरान कर देती है। **दादा के साथ सीखा आलाप लगाना**-सा रे गा मा पा और तारे जमीन पर शो फेम रत्निका श्रीवास्तव ने तीन साल की उम्र से ही दादा के साथ आलाप लगाना शुरू दिया था। दादा ने रत्निका के सुर समझे और उसे सिखवाना शुरू किया। गायकी का सफर शुरू हुआ तो कई रियालटी शोज में शामिल होकर संस्कारधानी का नाम बढ़ाया। रत्निका को गायकी के लिए राज्य स्तरीय लता मंगेशकर अलंकरण मिल चुका है।

**देश का करती हैं प्रतिनिधित्व**-राइफल शूटर गौतमी भनोत 11 साल की उम्र से शूटिंग कर रहीं हैं। अब तक वे चार इंटरनेशनल टूर्नामेंट में 8 पदक भारत के लिए जीत चुकी हूं। साल 2018 से शुरूआत के बाद 2019 में पहला नेशनल टूर्नामेंट खेला, जिसमें सीखनी स्टार्ट की थी। इसके बाद कई नेशनल और इंटरनेशनल टूर्नामेंट को देश के लिए गोल्ड और सिल्वर जीतने का मौका मिला। गौतमी का कहना है कि देश के लिए खेलना किसी गौरव से कम नहीं है।

# महापौर ने संस्कारधानी वासियों को दी दिवाली की शुभकामनाएं

**जबलपुर, देशबन्धु।** त्रेता युग में प्रभु श्री राम चौदह वर्ष के वनवास से वापस अयोध्या पधारे तो दीपोत्सव हुआ, जब से आज तक हम दीपावली मनाते हैं।

हम सब मिलकर लक्ष्मी मैया से कामना करें कि हमारा शहर विकास की नई मंजिल तय करे। शहर में नए-नए उद्योगों की स्थापना हो, हर हाथ को काम मिले, हर चेहरे पर मुस्कान हो, हर आंगन में खुशहाली हो, हर घर खुशियों की दिवाली हो, संस्कारधानी के नागरिकों को दीपावली के पावन महापर्व पर शुभकामनाएं देते हुए नगर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु ने उक्त संदेश प्रेषित किया।

उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि पटाखे फोड़े, परंतु सावधानी पूर्वक बच्चों का ख्याल रखें, तेज आवाज के पटाखे से परहेज करें क्योंकि बीमार और वृद्धनागरिकों के लिए यह हानिकारक है। हम सब मिलकर एक दीप नगर की समृद्धि के लिए अवश्य जलाएं।

# दैनिक राशिफल

**मंगलवार 14 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक शुक्लपक्ष की प्रतिपदा। नक्षत्र-अनुराधा।**

### मेष
धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे।

### वृषभ
आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा।

### मिथुन
आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे।

### कर्क
जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

### सिंह
आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों ।

### कन्या
आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। खरीदारी कर सकते हैं।

क.

### तुला
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी।

### वृश्चिक
आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है।

### धनु
आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे।

### मकर
आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### कुंभ
आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं। धार्मिक कामों पर खर्च होगा।

### मीन
आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे।

मा.

# विजय कांडा प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष नियुक्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने विजय कांडा को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा। विजय कांडा ने प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं ने दिग्विजय सिंह, विवेक तन्खा, आरके मेघलानी, तरूण भनोट, कांग्रेस नेता राजेंद्र चौधरी, दीपक सिंह राजपूत, रूपलाल यादव, सरोज कांडा, उषा महाजन, दलवीर सिंह जस्सल, संजू वर्मा, अन्नू यादव, पिंकी ठाकुर, अशोक राय, तम्बा सौमी, उषा महाजन, पिंकी ठाकुर, कमला चौहान, दलवीर सिंह जस्सल, संजय वर्मा, संदीप जैन, सरबजीत रील, बब्लू यादव, रितेश गुप्ता, अरुण यादव (अन्नू), राधा गुप्ता, मनोज राजपूत, बीके तिवारी, उमाकांत चौकसी, आलोक मिश्रा, टीटू शर्मा, अशोक प्रजापति, दयावंत राव आदि कांग्रेस जनों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# लोकतंत्र के महायज्ञ में अपने मत की आहूति सुनिश्चित करें: बिशप जेराल्ड



**जबलपुर, देशबन्धु।** आगामी 17 नवंबर को मध्यप्रदेश विधानसभा का निर्वाचन किया जाना है। हम सभी को अपने भारत देश के सर्वोच्च संविधान के तहत अपने मत के प्रयोग करने का अधिकार दिया गया है। 17 नवम्बर को सारे काम छोड़ कर सर्वप्रथम मतदान करें, और अपने विधानसभा क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लेकर संविधान प्रदत्त अधिकार का समुचित उपयोग करें। संस्कारधानी जबलपुर के प्रत्येक नागरिकों से निवेदन है, कि लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपने मत की आहूति सुनिश्चित करते हुए निर्भीक तथा निष्पक्ष रूप से अपने मत का प्रयोग करके योग्य एवं उचित उम्मीदवारों को चुनें। समाज के सभी वर्गों के हित का ध्यान रखने वाली तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय की सरकार के गठन में अपना योगदान दें। अत: मतदान से कोई भी नागरिक वंचित ना रहे, तथा समय पर अपने मत का प्रयोग करके एक आदर्श भारतीय नागरिक होने का परिचय देवें।

# क्रिश्चियन मंच और कर्मचारी संगठन ने संयुक्त रूप से मनाया दीपोत्सव



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 12 नवंबर को पूरे देश में दीपावली पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसी तारतम्य में संस्कारधानी जबलपुर में जागरूक क्रिश्चियन मंच एवं जागरूक अधिकारी-कर्मचारी संगठन के साथ ही जागरूक खेल संघ के सभी पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति में सदर स्थित शिवाजी मैदान में कैंडल जलाकर एवं मिठाई वितरित कर दीपावली पर्व मनाया गया।

संघ ने आगे बताया कि दीपावली पर्व रौशनी का पर्व है, और दुनिया की रोशनी ईश्वर है। अत: इस वर्ष हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं, कि ईश्वर की रोशनी सारे परिवारों में जगमगाती रहे, इस संदेश को लेकर सभी धर्म एवं जातियों के पदाधिकारी सदस्यों ने मिलकर इस पावन पर्व को मानते हुए संस्कारधानी जबलपुर से यह अनुरोध किया है, कि सभी इस पावन पर्व को मिलजुल कर पूरी निष्ठा से मनाएं।

ईश्वर अपनी ज्योति सभी घरों में आशीष के रूप में दें, एवं सभी परिवारों में सुख, शांति, समृद्धि परिपूर्ण करें, ऐसी कामना और प्रार्थना ईश्वर से करते हुए सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर मिठाई खिलाकर इस पावन पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जेम्स एंथोनी, जियाउरहीम, फ्रांसिस एंथोनी, राकेश श्रीवास, क्रिस्टोफर नरोना, एनोस विक्टर, अल्बर्ट एंथोनी, दिनेश गौड़, रिंकू पीटर, हेमंत ठाकरे, फिलिप एंथोनी, विकास डेविड, धनराज पिल्ले, रऊफ खान, अरुण मार्टिन, शशि रमन स्वामी, विवियन मार्टिन, कुलदीप सिंह, संजय पोर्टर, अभिषेक गुप्ता, लेनी ठाकुर आदि ने उपस्थित होकर दीपावली के पावन पर्व की सभी को शुभकामनाएं दी।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती रूक्मणी देवी सहजवानी**- ईडबल्यूएस क्वाटर्स शताब्दीपुरम विजय नगर निवासी श्री खट्टूमल सहजवानी की धर्मपत्नी श्रीमती रूक्मणी देवी सहजवानी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कलावती जवडे**- पोलीपाथर बजरिया निवासी श्री कृष्णराव जवड़े की धर्मपत्नी कलावती जवड़े (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति देवी श्रीवास**- हाथीताल कॉलोनी गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी श्रीवास (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई गौंड़**- तिलहरी चग्गर फार्म निवासी श्री चिनगैया गौंड़ की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई गौंड़ (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सीमा ठाकुर**- समता कॉलोनी शांति नगर निवासी श्री प्रकाश ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा ठाकुर (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अतुल श्रीवास्तव**- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री अरूण श्रीवास्तव के पुत्र श्री अतुल श्रीवास्तव (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश तिवारी**- करियापाथर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री सोमदत्त तिवारी के पुत्र श्री राजेश तिवारी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रेखा पाल**- यादव कॉलोनी निवासी श्री सुबोध चंद्र पाल की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा पाल (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उत्तम चंद झा**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री उत्तम चंद झा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला विश्वकर्मा**- रामनगर रामपुर निवासी श्री हरी सिंह विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती विमला विश्वकर्मा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मगन लाल बेन**- मड़ई व्हीकल चौधरी मोहल्ला निवासी श्री मगन लाल बेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजकुमारी विश्वकर्मा**- शिवाजी नगर समदड़िया ग्रीन सिटी के पास माढ़ोताल निवासी श्री लोक बहादुर विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी विश्वकर्मा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर सोंधिया**- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री शंकर सोंधिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सीता जेम्स**- रसल चौक निवासी श्री पीटर जेम्स की धर्मपत्नी श्रीमती सीता जेम्स (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

श्री बाबू लाल राजपूत- प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री बाबू लाल राजपूत (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

# जुए के फड़ों पर छापा, 129 जुआरी गिरफ्तार, 69 हजार 425 रुपये जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** दिवाली की रात में जहां एक ओर लोग भक्ति भाव से देवी लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर लक्ष्मी को प्रसन्न कर रहे थे। वहीं दूसरी आरे जिलेभर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत पुलिस ने एक दर्जन से अधिक जुआफड़ों पर छापा मारकर एक सैकड़ा से अधिक जुआरियों को पकड़ा है। इन थाना क्षेत्रों में गोसलपुर, कटंगी, शहपुरा, ग्वारीघाट, लार्डगंज, बेलबाग, रांझी, खमरिया, गढा, चरगवां, संजीवनी नगर, बेलखेड़ा, पनागर, कोतवाली, बरगी, माढोताल थाना क्षेत्रों में छापा मारकर जुआरियों को दबोचा है। इस संबंध में गोसलपुर थाना प्रभारी प्रियंका केवट ने बताया कि 13 नवंबर को सूचना मिली कि फाटक के उस पार सोनी के खेत ग्राम खजरी में कुछ जुआरी जुआ मन्ना खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां जुआरी जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पकड़ा गया। सभी ने अपने नाम क्रमशः नरेन्द्र शुक्ला निवासी ग्राम मोहतरा, वीरेन्द्र पटैल निवासी शांतिनगर जुझारी, संजय पटैल निवासी कछपुरा, महेन्द्र पटैल निवासी कछुपरा बताये।

**कटंगी के जुआफड़ में छापा-**

इसी प्रकार कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि देर रात कि सूचना मिली कि बस स्टेण्ड कटंगी के पास कुछ जुआरी जुआ मन्ना खेल रहे हैं सूचना पर दबिश देते हुये पुलिस ने जुआरियों को पकड़ लिया। जिन्होंने अपने नाम क्रमाशः मोह. मुबीन निवासी देवगवा मोहल्ला कटंगी, अरबाज निवासी ईदगाह मोहल्ला कटंगी, सचिन राजपूत निवासी लोधी मोहल्ला कटंगी, मुकीम निवासी रंगरेज मोहल्ला कटंगी, मुकेश नामदेव निवासी बजरिया मोहल्ला कटंगी, श्रृजन साहू निवासी अस्पताल के पास कटंगी बताये। इसी तारतम्य में रात ग्राम पौड़ी मेनरोड के बाजू में जुआ खेल रहे जुआरी यशपाल सिंह ठाकुर, राजेन्द्र सिंह दोनों निवासी पौड़ी, बलराम सिंह लोधी निवासी बेलखेड़ा तथा बलराम यादव, भूरा यादव, लखन यादव, गोलू उर्फ जितेन्द्र पटैल, हरिशंकर यादव सभी निवासी ग्राम पौड़ी को पकड़ा गया।

**शहपुरा में जुआरी दबोचे-**

इसी कड़ी में शहपुरा थाना में सूचना मिली कि देशी शराब दुकान के पास श्मशान घाट शहपुरा में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां जुआरी जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ा। जिन्होंने क्रमशः अपने नाम रामू बाल्मीक निवासी बिलखरवा, राहुल कुशवाहा निवासी कैथरा मोहल्ला शहपुरा, संतोष कुशवाहा निवासी शहपुरा, दीनदयाल चौधरी निवासी कैथरा मोहल्ला, अवधेश सिंह निवासी कैथरा मोहल्ला, सत्यप्रकाश रजक निवासी ओमशांति कॉलोनी शहुपरा, विकास कुमार कुशवाहा निवासी कैथरा मोहल्ला शहपुरा बताये। इसी प्रकार मरघटाई के पीछे वार्ड नम्बर 1 में पीपल के पेड़ के नीचे दबिश देते हुये जुआ खेल रहे अभिषेक रैकवार, सुमित झारिया, रमेश केवट, अनिल गोटिया सभी निवासी वार्ड नम्बर 1 शहपुरा, को पकड़ा गया। इसी प्रकार विराट कॉलोनी शहपुरा में बिजली पोल के नीचे लाईट में कुछ जुआरी जुआ खेलते दिखे, जिन्हे पुलिस ने दबोच लिया। जिन्होंने अपने नाम संतोष विश्वकर्मा निवासी वार्ड नम्बर 8 शहपुरा, गोविन्द मल्लाह निवासी वार्ड नम्बर 9 शहपुरा, चरन मल्लाह, उमाशंकर बाल्मीक बसोरी लोधी तीनों निवासी विराट कॉलोनी, जीतू सिंह राजपूत निवासी कमलेश सिंह गोंड दोनों निवासी कैथरा मोहल्ला शहपुरा बताये। इसी प्रकार बीती रात विराट कॉलोनी में दबिश देते हुये जुआरी संजय सिंह गोंड, मोहन सिंह लोधी, शिवम शर्मा, रितिक काछी, शुभोद कुमार चौहान, पप्पू बर्मन सभी निवासी विराट कॉलोनी, टावल सिंह गोंड़ निवासी वार्ड नम्बर 13 पड़ाव मोहल्ला शहपुरा को जुआ खेलते हुये पकड़ा गया।

**ग्वारीघाट में दबिश-**

इसी कड़ी में ग्वारीघाट थाना में सोमवार को सूचना मिली कि रेतनाका आम रोड बिजली के खम्बे के पास कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। जिस पर पुलिस ने सूचना के आधार पर मौके पर दबिश दी। जहां जुआरी जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पकड़ा गया।

जिन्होंने अपने नाम क्रमशः दीपांशु तिवारी निवासी ग्वारीघाट, अजय विश्वकर्मा निवासी रेतनाका, अंकित बेन निवासी रेतनाका, छुट्टू उर्फ लक्ष्मण यादव निवासी रेतनाका, सेवाराम काछी निवासी रेतनाका, दीपक यादव निवासी रेतनाका बताये।



**लार्डगंज में चल रहा था जुआफड़**

लार्डगंज थाना में सोमवा के पुलिस के सूचना मिली कि कुछ जुआरी सब्जी मंडी लटकारी के पड़ाव में जुआ खेल रहे हैं। पुलिस तत्काल मौके पर दबिश दी। जहां जुआरी जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। जिन्होंने अपने नाम अमित गुप्ता निवासी लटकारी का पड़ाव, पप्पू उर्फ उत्तम सोनी निवासी पड़ाव, राजू उर्फ राजेश मराठा निवासी दीक्षितपुरा छोटी देवन, कोतवाली, राजदीप श्रीवास्तव निवासी सब्जी मंडी पड़ाव राठी कॉलोनी बताये।

**ब्यौहारबाग में पुलिस की कार्रवाई**

बेलबाग थाना में सोमवार को नाले के किनारे ब्यौहारबाग में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे थे। सूचना पर मौके पर पुलिस ने दबिश दी। जहां जुआरी जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पकड़ा गया। जिन्होंने अपने नाम विवेक नाहर निवासी कंजड़ मोहल्ला बेलबाग, राजेन्द्र मलिक निवासी घोड़ा अस्पताल के सामने ब्यौहारबाग बताये।

**रांझी में तीन जुआफड़ में जुआरी गिरफ्तार-**

रांझी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि सोमवार को सुबह पुलिस को सूचना मिली कि पुरानी मोहनिया में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां कुछ जुआरी जुआ खेलते दिखे, जिन्हें पकड़ा गया। सभी ने अपने नाम क्रमशः द्वारिका केवट, आकाश सिंह, नरेन्द्र यादव, धरमू केवट सभी निवासी पुरानी मोहनिया रांझी बताये। इसी प्रकार पुरानी बस्ती सामुदायिक भवन के पास रोड़ पर जुआ खेलते हुये जुआरी विकाश चौहान निवासी होमगार्ड ऑफिस के पास सिविल लाईन, युवराज मार्वेकर निवासी पुरानी बस्ती सुदर्शन वार्ड , उदेश विरहा निवासी रक्षानगर, प्रतीक पटैल निवासी गंगामैया विकास कश्यप निवासी सुभाषनगर रांझी बताये।

इसी प्रकार सैट मदर टेरेसा स्कूल के पास मैदान में दबिश देते हुये पुलिस ने लल्लू उर्फ सुरेश कुशवाहा, बाबू उर्फ अभिषेक पिल्ले, मोनू उर्फ रितुराज डेहरिया, मनीष गौंड़ एवं धर्मेन्द्र को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकड़ा।

**खमरिया में जुआरी पकड़े गये-**

खमरिया थाना में सोमवार को सूचना मिली कि प्रेमनगर के आगे खुला मैदान में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां जुआरी जुआ खेलते दिखे, जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। जुआरियों ने अपने नाम राजा चौधरी निवासी प्रेमनगर, सुभाष गोटिया निवासी भट्टा मोहल्ला पिपरिया, रमन राव निवासी भट्टा मोहल्ला बताये। इसी प्रकार कालीबाड़ी मंदिर के सामने पी-टाईप खमरिया में दबिश देते हुये दिलीप उर्फ बोरा ठाकुर एवं अन्य 2 जुआरियों को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकड़।

**गढा में जुआरी धराये-**

गढा थाना क्षेत्र में पुलिस ने नेहरू नगर में दबिश देते हुये हेमंत झारिया एवं विनोद बाल्मीक को तथा झण्डा चौक पुरवा मे दबिश देते हुये रूपचंद बर्मन, राम बर्मन एवं विकास बर्मन को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकड़ा। इसी प्रकार चरगवां थाना में सोमवार सुबह सूचना पर ग्राम गगंई पंचायत भवन के सामने दबिश देते हुये पुलिस ने जगदीश पटेल, शैलेश चढार को जुआ खेलते हुये पकड़ा है। इसी प्रकार संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में सूचना पर चौधरी मोहल्ला में दबिश देते हुये पुलिस ने सचिन, भगवानदास झारिया, योगेन्द्र तिवारी, अंशुल सेन को एवं शाही नाका फूलसागर में दबिश देते हुये सफरत अली खान, प्रमोद विश्वकर्मा, राकेश सिंह ठाकुर को जुआ खेलते हुये पकड़ा है। वहीं बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में सूचना पर किसानी मोहल्ला बेलखेडा में दबिश देते हुये महेन्द्र बर्मन एवं अन्य 3 जुआडियों को जुआ खेलते हुये पकड़ा है।

**पनागर में पांच जुआफड़ पर दबिश-**

पनागर थाना में सोमवार को सूचना मिली कि ग्राम तिवारी खेड़ा में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां कुछ जुआरी जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा लिया। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम विपिन पटैल, प्रिंस सिंघई, मोहनलाल पटैल, आकाश पटैल, कमलेश पटैल बताये।

इसी प्रकार ग्राम रैपुरा में दबिश देते हुये पुलिस ने जुआ खेलते हुये शुभम केवट केवट, हेमराज केवट दोनों निवासी रैपुरा को पकड़ा गया। ग्राम लमती मे दबिश देते हुये अजय कोल, देवेन्द कुशवाहा, पवन बाल्मीक, अतुल गोटिया सभी निवासी ग्राम लमती को पकड़ा गया। वहीं अभिमन्यू चौक में वीरेन्द्र पटैल, विपिन पटैल, राकेश पटैल, रंजीत पटैल सभी निवासी अभिमन्यू चौक पनागर को पकड़ा गया। दूसरी ओर ग्राम तिवारीखेड़ा में दबिश देते हुये अर्जुन पटेल, एवं अन्य 3 को जुआ खेलते हुये पकड़ा है।

**कोतवाली में भी कार्रवाई-**

कोतवाली थाना में सोमवार को सूचना मिली कि एसबीआई कॉलोनी में मालती बाई के खाली प्लाट में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां जुआरी जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पकडा गया। पूछताछ में जिन्होंने अपने नाम क्रमशः अनिल सिंह चौहान निवासी एसबीआई कॉलोनी, यशवंत सिंह ठाकुर, सुमित सिंह ठाकुर, दीपांशु सिंह चौहान उर्फ दीपू, दिनेश सिंह ठाकुर, हिमांशु चौहान, इंद्रजीत चौहान सभी निवासी एसबीआई कॉलोनी कोतवाली बताये।

**बरगी में जुआरी गिरफ्तार-**

बरगी थाना में बीती रात सूचना मिली कि ग्राम पिपरिया खुर्द नल के पास बिजली के खम्बे के नीचे कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश दी, जहां जुआरी जुआ खेलते दिखे, जिन्हें पकड़ा गया। जिन्होंने अपने नाम मुन्नालाल गोंड़, अनिल कुमार, अंकित उइके सभी निवासी पिपरिया खुर्द, गोविन्द कुमार झारिया, कृष्ण कुमार मरदरिया दोनों निवासी नई बस्ती पिपरियाखुर्द बताये।

**माढोताल में जुआरी पकड़े गये-**

माढोताल थाना में सोमवार को सूचना पर पुरानी बस्ती माढोताल में दबिश देते हुये जुआ खेलते हुये राकेश पटैल उर्फ गब्बर निवासी पुरानी बस्ती बुंदेला बाबा के पास, जीवन पटैल निवासी आईटीआई बुंदेला बाबा के पास, केशव रैकवार निवासी एसबीआई जगदम्बा कॉलोनी विजयनगर को तथा ग्राम आगासौद में घनश्याम दुबे के खेत में दबिश देते हुये जुआ खेल रहे जुआरी अभय साहू निवासी ग्राम टिमरी, बसंत पटैल, मुकेश चौधरी, विनय सिंह, अरविन्द तिवारी चारों निवासी ग्राम आगासौद को पकड़ा गया।

## बालाजी दर्शन करने गए जबलपुर के युवकों की तेलंगाना में सड़क हादसे में मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर के कार सवार युवकों की तेलंगाना में सड़क हादसे में मौत हो गई है। इन युवको की दुर्घटना की खबर तेलंगाना के अस्पताल द्वारा इनके परिजनों को दी गई जैसे ही यह खबर परिजनों को मिली इसके उपरांत दीपावली का त्यौहार उनके के लिए मातम में तब्दील हो गया। बीती रात दो युवकों का शव इनके परिजनों के घरों में पहुंचा तो पूरा माहौल गमगीन हो गया। वहीं साथ में गए तीन युवकों का इलाज चल रहा है जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।


जानकारी के अनुसार अधारताल निवासी आनंद तिवारी, विश्वास पांडे, जितेंद्र सेन, आदित्य तिवारी इन युवकों में से किसी एक ने स्विफ्ट कार खरीदी और कार खरीदते ही सभी ने बालाजी मंदिर जाने का प्लान बनाया। घर वालों के लाख मना करने के बाद भी ये अपने साथ एक और युवक को कार में बैठाकर पांच लोग बालाजी मंदिर की



तरफ रवाना हुए। 11 नबंम्बर रात के चार बजे तेलंगाना स्थित बांदा शहर के पास खड़े ट्रक में इनकी कार जा घुंसी, जिसके बाद इन युवकों की हालत गंभीर हो गई, आसपास के लोगों की सहायता से इन्हें अस्पताल भेजा गया। जहां अस्पताल में इलाज के दौरान आनंद तिवारी, विश्वास पांडे की मौत हो गई और तीन युवकों को नागपुर ले जाया गया है जहां उनका इलाज जारी है।

इस दर्दनाक हादसे से भरे त्यौहार में सन्नाटा पसरा हुआ है सभी युवक अधारताल थे। जवान बेटों की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। सभी सोशल मीडिया में अपनी दुखभरी प्रतिक्रिया प्रकट कर रहे हैं। परिजनों की हालत भी बेसुध है जो भी यह खबर सुन रहा है वह इस बात पर विश्वास नहीं कर पा रहा है कि उनके बच्चे अब इस दुनिया में नहीं रहे।

## शराब नहीं पिलाने पर युवक के चाकू मारा



**जबलपुर, देशबन्धु।** मदनमहल थाना अंतर्गत एक बदमाश ने शराब नहीं पिलाने पर एक युवक के साथ मारपीट करते हुये उसे चाकू घोंप दिया। जानकारी के अनुसार देर रात लगभग 3-30 बजे मोहित चौधरी उम्र 18 वर्ष निवासी बढ़ई मोहल्ला मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देर रात लगभग 2 बजे बढ़ई मोहल्ला टपरे के पास खड़ा था, तभी सोनू चौधरी मुझे शराब नहीं पिलाया कहते हुये गाली गलौज करने लगा तथा चाकू से हमलाकर पीठ में चोट पहुंचा दी।

**रूपये नहीं देने पर धारदार हथियार से हमला**

गोरखुपर थाना अंतर्गत पंचायती अखाड़ा निवासी युवक को क्षेत्र के तीन बदमाशों ने शराब के लिये रूपये मांगे। नहीं देने पर उसे बेरहमी से पीटा और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार रवि कुमार वर्से उम्र 48 वर्ष निवासी पंचायती अखाड़ा के पास गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पुताई का काम करता है। बीती रात लगभग 10-30 बजे वह छोटू, सुमित एवं आकाश आकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों एक राय होकर गाली गलौज करने लगे, उसने विरोध किया तो छोटू ने किसी चीज से हमलाकर उसके दाहिने पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी। सुमित एवं आकाश ने हाथ-मुक्कों से मारपीट कर नाक मुंह में चोट पहुंचा दी तथा तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## कार ने बाईक सवार को मारी टक्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना में सोमवार की सुबह दिनेश कोल उम्र 18 वर्ष निवासी लमती पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 3-15 बजे अपने सेठ अभिलाष गौतम के लगे दीपावली में टेण्ट को निकालकर वह तथा सेठ अभिलाष तथा दूसरी गाड़ी से बीरू बर्मन मंगल भवन के पास अपने सेठ अभिलाष की नई मोटर सायकिल हीरो स्पेलेण्डर से घर आ रहे थे। मंगल भवन सरस्वती स्कूल के पास एक सफेद रंग की मारूती सुजुकी का चालक तेज गति से चलाते हुये सेठ अभिलाष गौतम की गाड़ी में टक्कर मार दिया। जिससे सेठ एवं वह गिर गये। टक्कर मारने वाले वाहन क्रमांक एमपी 35 सीए 2870 के चालक से नाम पता पूछने पर रंजीत बाल्मीक बताया टक्कर लगने से उसके दाहिने पैर में चोट आयी है। पुलिस ने घायलों की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।




## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** संजीवनीनगर थाना में सोमवार को उत्तम चौधरी उम्र 49 वर्ष निवासी नमन विहार कॉलोनी धनवंतरीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 नवंबर की रात लगभग 9 बजे अपने परिवार सहित घर में ताला लगाकर अपने गांव धारवाड़ा जिला चला गया था। 12 नवंबर की सुबह लगभग 8 बजे घर वापस आया तो देखा कि बाहर के मेन गेट का ताला बंद था अंदर जाकर देखा अंदर के दरवाजे का ताला टूटा था अंदर कमरे में रखी आलमारी का पल्ला खुला था। सामान बिखरा हुआ था, लॉकर में रखे सोने के 2 मंगलसूत्र, 3 अध्धी, 1 अंगूठी, चांदी का कमर डोरा, 2 जोड़ी पायल, 1 तोड़ल, 3 कटीला, 7 संतान सातें की चूड़ियां, 2 जोडी बिछिया, एवं नगद 3 हजार रूपये गायब थे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध दर्ज करते हुये मामले को जांच में लिया है।



## युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना में शाम राजेश कुमाद दाहिया निवासी ग्राम पठरा पनागर ने सूचना दी कि वह ग्राम बड़ेराकला का कोटवार है। वह अपने घर पर था तभी राहुल कोल ने उसके घर आकर सूचना दी कि उसका बड़ा भाई शिवकुमार कोल उम्र 27 वर्ष निवासी बड़ेरा ने घर के कमरे में फांसी लगा ली है कमरे के अंदर ऊपर लगी लकड़ी से रस्सी बांधकर फांसी लगाया है उसने अपने ग्राम के सरपंच अजय कोल के साथ ग्राम बड़ेरा जाकर देखा तो शिवकुमार कोल फांसी पर झूल रहा था। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाजे हुये मर्ग कायम कर लिया है।

## कार में रखकर पटाखा बेचते युवक गिरफ्तार, एक घर से पकड़ा गया विस्फोटक

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस ने गोहलपुर क्षेत्र में एक घर से भारी मात्रा में विस्फोट सामग्री व पटाखा पकड़ा है। इसी तरह बेलखेड़ा पुलिस ने भी एक कार को रोकर भारी मात्रा में पटाखा पकड़े हैं। कार सवार युवक आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूमकर पटाखे बेच रहा था।

पुलिस से जानकारी के अनुसार सरदार जी का बाड़ा में जुग्गा उर्फ राकेश पटेल निवासी 35 वर्ष घर में अवैध रुप से भारी मात्रा में पटाखा है। खबर मिलते ही पुलिस की टीम पहुंच गई और घेराबंदी कर उक्त मकान पर दबिश दी तो कमरों से 15 कार्टून में गोल्डन विसल अनार 7 पैकेट, 12 शॉट मोरी छाप 12 पैकेट, लड़ विनर छाप 15 पैकेट, स्पेशल चकरी 35 पैकेट, फ्लावर पोस्ट अनार 120 पैकेट, मुर्गा छाप चकरी 25 पैकट, लड़ 2000 जोकर छाप 17 पैकेट, लड़ 1000 ताजमहल 17 पैकेट, जोकर अनार 30 पैकेट, कलर कोटी अनार शिवराम छाप 40 पैकेट, गोल्डन बीन चकरी 22 पैकेट, गोविदा ग्राउंड चकरी 27 पैकेट, इंडीस चकरी बमबारा 19 पैकेट, रिक कैप सोनी छाप 4 पैकेट, 3-डी स्काई शाट 4 पैकेट, लिटल पोप्स 9 पैकेट, बटर फ्लाई 45 पैकेट, सीता गीता अनार 8 पैकेट, पांच अवतार अनार 6 पैकेट, मियां बीबी पटाखा 7 पैकेट, रोशनी धागा 2 पैकेट, क्लासिक बम 7 पैकट, मेहताब 3 पैकेट , रंगोली 1 पैकेट, अनार गोविंदा 4 पैकेट, 15 सीएम कलर फुलझडी



40 पैकेट, जोकर ब्रांड पटाखा 22 पैकेट, 100 नंबर फुलझड़ी 21 पैकेट, फ्लावर पोस्ट अनार 94 पैकेट, पोप्स पटक बम छोटे 22 पैकेट, कलर कोटी छोटा अनार 19 पैकेट, 15 सी एम फुलझड़ी लियो कंपनी 180 पैकेट, राकेट कुमार गुरू 20 पैकेट, 25 शॉट फेस्टीवल 38 नग, सुतली बम लोकल 65 पैकेट, 60शाट 20 नग, पाइप बम 35 पैकेट, मार्ग छाप चकरी 225 पैकेट, लूट थैली (छोटा बम) 25 शाट 9 नग, अशोका अनार 10 पैकेट, बिम चकरी 11 पैकेट समस्त पटाखा कीमती लगभग 2 लाख 50 हजार रूपये के मिले। पूछताछ करने पर अंकित, विनोद शिवहरे के लायसेंस की छायाप्रति प्रस्तुत किया एवं स्वंय राकेश पटेल, पत्नी नेहा पटेल लायसेंस के आवेदन की छायाप्रति प्रस्तुत किया। आरोपी राकेश पटेल के द्वारा लापरवाही पूर्वक ज्वलनशील पदार्थ के अपने घर में भंडारण करना पाया जाने पर 285 भा.द.वि. तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम धारा 9ख के तहत कार्यवाही की गई।

**बेलखेड़ा में कार्रवाई**

इसी तरह बेलखेड़ा बाजार में प्रशांत सेन उम्र 22 वर्ष निवासी आईटीआई माढ़ोताल को उक्त पकड़ा है, जब वह स्विफ्ट कार में पटाखा रखकर बेच रहा था. पुलिस की दबिश से बाजार में भगदड़ व अफरातफरी मच गई। पुलिस ने कार में रखे पटाखा जब्त कर प्रशांत सेन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## दो लाख रुपए की सुपारी देकर कराई सौतन की हत्या

**जबलुपर, देशबन्धु।** जबलपुर संभाग के जिला सिवनी के ग्राम सहजपुरी धूमा लखनादौन जिला सिवनी में हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यहां पर राशिद रजा की पहली पत्नी सीमा बी ने अपनी सौतन मुस्कान कुरैशी की दो लाख रुपए की सुपारी देकर हत्या कराई। पुलिस ने मामले में दो लाख रुपए की सुपारी लेने वाले दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्राम सहजपुरी लखनादौन जिला सिवनी में रहने राशिद रजा ने 28 मई ने मुस्कान कुरैशी से प्रेम विवाह किया था। मुस्कान से शादी करने की खबर जब राशिद रजा की पहली पत्नी सीमा बी को लगी तो वह बर्दाश्त नहीं कर पाई। जिसके चलते राशिद ने मुस्कान को अलग से किराए के घर में रख लिया। दोनों पत्नियां राशिद रजा को अपने पास रखने के लिए झगड़ा करती थी। इस बीच राशिद की पहली पत्नी सीमा बी ने सौतन मुस्कान को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। सीमा ने सलमान पिता मकबूल खान व देवेन्द्र पिता गनेश प्रजापति निवासी पहाड़कोठी जिला पन्ना को बुलाकर मुस्कान की हत्या करने दो लाख रुपए की सुपारी दी, यहां तक कि 30 हजार रुपए एडवांस भी दिया। रुपए मिलने के बाद सलमान व देवेंद्र प्रजापति मोटर सायकिल से सहजपुरी आए और मुस्कान कुरैशी के मकान की रैकी की। इधर सीमा ने सब्जी में नींद की गोलियां मिला दी, खाना खाने के बाद मुस्कान व साथ रह रही दोनों बच्चियां सो गई। सीमा का इशारा मिलते ही सलमान व देवेन्द्र प्रजापति घर के अंदर आए और मुस्कान की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद मुस्कान की लाश को बोरी में भरकर बाइक में रखकर ले गए।

धूमा हाइवे के बाद दोनों आरोपियों ने बोरी से लाश निकालकर फेंक दी, ताकि जंगली जानवर खा जाएं। इधर मुस्कान के अचानक लापता होने से राशिद रजा घबरा गया, उसने अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कहीं जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने राशिद की रिपोर्ट पर गुम इंसान का मामला दर्ज कर लिया। कुछ दिन बाद धूमा के पास मुस्कान की क्षतविक्षत हालत में लाश मिली जिसपर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी।

जांच के बाद पुलिस को मुस्कान के मोबाइल फोन की लोकेशन मिली, जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने सलमान व देवेन्द्र प्रजापति को सरगर्मी से तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने सुपारी लेकर हत्या करना स्वीकार लिया। मामले का खुलासा करने में निरीक्षक केपी धुर्वे थाना प्रभारी लखनादौन, एसआई डीएस अडमे, एसआई पूजा चौकसे, एएसआई गोविंद पटेल, एएसआई देवेन्द्र जैसवाल, आरक्षक धनेशवर यादव, अजय बघेल, अरविंद यादव, नवनीत पाण्डेय, सतीष ठाकुर एवं पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

# बंजारी माता, रामजनकी और हनुमान मंदिर में अस्था के साथ मनाई दीवाली

## दीप जलाकर की आतिशबाजी और फोड़े पटाखे

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम में दीपावली की शुभ अवसर पर लोगों ने जहां अपने अपने घरों में रात्रि कालीन बेला में दीप जलाकर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का विधि विधान से पूजा कर माता लक्ष्मी की स्तुति कर मंगल आरती की। घर के प्रत्येक कोने को दीपों की ज्योति से प्रकाशित कर मां लक्ष्मी का आव्हान किया व सुख शांति व धन धान्य आपूर्ति की कामना कर लोगों ने माता रानी का प्रसाद वितरण किया।घर के अलावा लोगों ने आस्था व विश्वास के केंद्र शक्तिपीठ के रूप में स्थापित ग्राम के प्रसिद्ध देवालय बंजारी माता, राम जानकी मंदिर व हनुमान मंदिर बुढ़ानसागर में दीपोत्सव पर्व मनाया गया।बंजारी माता मंदिर में चतुर्भुजी मां बंजारी की प्रतिमा स्थल पर पुजारी हरिप्रसाद के सानिध्य में मंदिर समिति अध्यक्ष अरविंद सिंह गौर, सोनू कुररिया, बसंत तिवारी, शिव दत्त मिश्रा , योगेन्द्र मिश्रा ने दीप जलाया व पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया।

गांधीग्राम के बाजार स्थित राम जानकी मंदिर में अष्ट धातु निर्मित राम जानकी, राधा- कृष्ण, लड्डू गोपाल की प्रतिमाओं व दूधिया संगमरमर से निर्मित



मां दुर्गा के चतुर्भुजी प्रतिमा पर मंदिर समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल, मंदिर पुजारी पुनीत तिवारी ने विधि पूर्वक पूजन अर्चन किए। दीप प्रज्वलित कर ग्रामवासियों ने भी दीप जलाकर मां की स्तुति की मिठाई एवं प्रसाद बांट कर ग्राम वासियों के साथ दिवाली मनाई।बाजार स्थल पर होने के कारण राम जानकी मंदिर में ग्राम के सभी वर्ग के बच्चे बड़ी संख्या में एकत्रित हुए एवं भगवान के सामने विभिन्न प्रकार के पटाखों की रोशनी से आतिशबाजी की व दीपावली की खुशियों का इजहार कर मिठाइयां बाटी। इस अवसर पर मन्दिर समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल, महेश सेन, चमन असाटी, रेवाशंकर असाटी,गजराज सिंह बघेल, सुरेश असाटी, बबलू दुबे, विजय चौरसिया , अजय कोरी, भागचंद साहू, हरिशंकरतिवारी, गोरीशंकर, मंहगू चौरसिया,अजय गौतम, बंटू मिश्रा, मनोहर तिवारी ने बुढ़ानसागर के तट पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर में अनगढ़ हनुमान प्रतिमा वा शिव दरबार की पूजा अर्चना कर मंदिर समिति द्वारा दीप जला हनुमान लला की आरती व प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान मंदिर में सुधीश महाराज, प्रकाश मिश्रा,भूपेंद्र चौरसिया,मनीष त्रिपाठी, ओमप्रकाश चौरसिया,बबलू असाटी आदि उपस्थित थे।

# कपड़ा व्यापारी के घर में लगी भीषण आग

## दो करोड से ज्यादा की क्षति का अनुमान



**रीवा देशबन्धु।** दीवाली की रात शहर के फोर्ट रोड वार्ड नंबर 35 में रहने वाले भगवानदास पन्नालाल जैन (मच्छरदानी वाले) के घर, दुकान और गोदाम में भीषण आग लग गयी जिसमें लगभग 2 करोड़ का सामान जलकर खाक हो गया है माना जा रहा है कि पटाखे की चिंगारी से यह भीषण आग लगी है पुलिस फिलहाल जानकारी जुटा रही है यह आग बुझाने में छह से सात घंटे का समय लगा इस दौरान पूरे क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बना रहा।

जानकारी के अनुसार पांच मंजिला इमारत दिवाली की रात 12 से 1 बजे के बीच धू-धू कर जलने लगी. परिवार के सदस्य आशीष जैन नवीन वस्त्रालय ने बताया कि घर में दो लोग आराम से सो रहे थे. नीचे तीन दुकानों का गोदाम था और भगवान दास पन्नालाल जैन की मच्छरदानी का शोरूम और दुकान भी यही था. गलियों में पटाखे छोड़े जा रहे थे. तभी रात तकरीबन 1 बजे के आसपास यह सूचना मिली कि दुकान सहित पूरा घर और गोदाम आग की लपटों से जल रहा है. यहां स्थित गोदाम में तीन फर्मों नवीन वस्त्रालय, स्नेह इंटरप्राइजेज, भगवान दास मच्छरदानी का सामना स्टोर किया जाता था. घर में भी सामान रखा था, जिसकी कीमत तकरीबन 2 करोड़ थी. सब जल गया. आग लगने के बाद आनन-फानन में घर में फंसे दो लोगों को छत के रास्ते काफी मशक्कत के बाद किसी तरह बाहर निकाला गया. सूचना मिलते ही दमकल की टीम आग बुझाने पहुंची. लेकिन, तब तक आग ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया था. ऐसा लग रहा था कि आग की लपटें पूरे मोहल्ले को चपेट में ले लेंगी. लेकिन, फायर ब्रिगेड की टीम रात एक बजे से लेकर सुबह तक आग बुझाने में लगी रही. तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका. इस तरह से भगवान दास पन्नालाल जैन के लिए यह दिवाली जीवन भर का दर्द दे गई और अब परिवार के लोगों के पास आंसू बहाने के अलावा कुछ नहीं बचा है।

## सार-समाचार



### परमा पर्व पर अहीर नृत्य ने बांधा समां

**बरेला, देशबन्धु।** विगत अनेक वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए परमा के पावन पर्व पर यादव समाज द्वारा अहीर नृत्य का आयोजन किया गया। यादव समाज के सोनू यादव ने बताया कि उनके पिताजी, दादा और परदादा की परंपरा को निभाते हुए उनके द्वारा भी इस वर्ष अहीर नृत्य का आयोजन किया गया है। यादव समाज के लोग विविध वेशभूषा धारण कर हाथ में फरसा लेकर. और ढोलक के साथ यादव बंधुओं द्वारा. लोकगीतों के माध्यम से सुख और समृद्धि की कामना की।

### जेल प्रशासन ने पथरिया विधायक रामबाई के परिजनों को दमोह से विभिन्न जेलों में किया शिफ्ट

**दमोह, देशबन्धु।** जेल में बंद पथरिया बिधायक रामबाई सिंह के देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड में नामजद परिजनों का न्यायालय के आदेश और लगातार स्मरण पत्र जारी होने के बाद भी दमोह जेल में रहने के दिन अब लद गए है। जेल प्रशासन ने कलेक्टर दमोह के पत्र पर कार्यवाही करते हुए दमोह जेल में बंद देवर चंदू उर्फ कौशलेंद्र का दमोह जेल से सागर जेल स्थानांतरण कर दिया है चंदू सिंह सजायाफ्ता कैदी होने के बाबजूद दवंग राजनैतिक रसूख के आधार पर दमोह जेल में निरुद्ध थे जबकि उनकी पूर्व में पाठक हत्याकांड में सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा पर मिली जमानत निरस्त हो चुकी है और इस आधार पर उन्हें केंद्रीय जेल स्थानांतरण हो जाना था जो अब किया जा रहा है। देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड में ही नामजद विधायक के भतीजे गोलू उर्फ दीपेंद्र परिहार का भी दमोह जेल से सब जेल हटा स्थानांतरण किया गया है जबकि उनके भाई लोकेश पुत्र करोड़ी पटेल का केंद्रीय जेल भोपाल स्थानांतरण करने के आदेश उपमहानिरीक्षक जेल प्रशासन द्वारा पारित किए गए है। इस आदेश की प्रति दमोह के एसपी को भी भेजी गई है ताकि तीनों बंदियों के स्थानांतरण के दौरान जेल अधीक्षक दमोह द्वारा पुलिस बल मांगे जाने पर उपलब्ध हो सके। जिला जेल दमोह एवं उप जेल हटा को भी आदेश की प्रति भेजकर पालन करने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि मार्च 19 में हटा के कांग्रेस नेता देवेंद्र चौरसिया की उनके पटेरा रोड स्थित डामल प्लांट पर जघन्य हत्या कर दी गयी थी जिसमें पथरिया विधायक रामबाई सिंह के पति गोविंद सिंह, देवर चंदू उर्फ कौशलेंद्र सिंह, भाई लोकेश पटेल, भतीजे गोलू सिंह सहित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के सरपंच पुत्र इंद्रपाल पटेल सहित दर्जनों आरोपी नामजद हुए थे। एकाध को छोड़कर सभी जेल में है एगोविंद सिंह पहले ही गिरफ्तार होकर केंद्रीय जेल में निरुद्ध है। इन आरोपियो को हटा दामोह जेल से ट्रांसफर के लिए देवेंद्र चौरसिया के परिजन विभिन्न प्रकार से आवेदन दे चुके थे विशेष कर सजायाफ्ता कैदी चंदू, गोलू, लोकेश को केंद्रीय जेल भेजने न्यायालय ने भी आदेश किए थे किंतु अब चुनाव की दृष्टि से जेल प्रशासन ने इन कैदियों को स्थानांतरण का निर्णय लिया है ताकि जिले के चुनाव निर्भीक निष्पक्ष हो सकें। मृतक देवेंद्र चौरसिया के परिजनों ने जेल प्रशासन पर अभी भी पक्षपात के आरोप लगाते हुए कहा कि राजेन्द्र पाठक हत्याकांड में अभियुक्त फुकलु सिंह की जमानत भी उ॑च न्यायालय से खारिज हो चुकी है फिर भी उसे केंद्रीय जेल नहीं भेजा जा रहा।

### बुलेरो को बचाने के फेर में पलटी यात्री बस, बाल-बाल बचे यात्री

**दमोह, देशबन्धु।** अमानगंज से हटा की ओर आ रही यात्री बस के सामने तेज रफ्तार बुलेरो कार आ गई। बुलेरो गाड़ी को बचाने के फेर में यात्री बस के ड्राइवर ने बस को सड़क से नीचे उतारा तो बस अनियंत्रित होकर खेत में पलट गयी। रविवार की दोपहर यह हादसा हटा मड़ियादो मार्ग पर व्योहारी ग्राम के समीप हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमानगंज से हटा आ रही छोटे गर्ग बस ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी41पी1077 मड़ियादो से हटा मार्ग पर व्योहारी ग्राम के समीप पहुची तो सामने हटा की ओर से तेज रफ्तार बुलेरो गाड़ी आ गई। बस की स्पीड तेज होने पर बोलेरो बचाने के चक्कर में बस एक खेत में जाकर पलट गई। घायलों को हटा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यात्री बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटे आई। सड़क किनारे पलटी बस को देखने ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई।

# सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने की तुलसी की 108 परिक्रमा

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम राजेन्द्र भवन में वार्ड क्रमांक 14 की महिलाओं ने सोमवती अमावश्या पर सबसे पहले चौक पूरकर भगवान श्रीगणेश को प्रथम पूज्य देव् के रूप में स्थापित कर पूजन अर्चन किया।धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण व पवित्र पौधे तुलसी को चुनरी व सुंदर वस्त्रों से सजाकर भजन गायन करते हुए महलाओं ने 108 ऋतुफल,सूखे मेवे के साथ सामूहिक रूप से 108 परिक्रमा की महिलाओं ने लड्डू गोपाल भगवान की मूर्ति की भी पूजा अर्चना की।पौराणिक मनीष त्रिपाठी , पौराणिक राघवेन्द्र त्रिपाठी ने कहा किसोमवती अमावस्या की तिथि बहुत ही पुण्यदायी मानी गई है।

अमावस्या सोमवार को पड़ने के कारण पुण्य ही पुण्य प्राप्ति के योग स्वतः बन जाते हैं। सोमवार को पडने वाली आमवस्या का विशेष महत्व रहता है।पुण्यफलदायी वाले इस नक्षत्र के साथ सोमवार और अमावस्या का संयोग से यह दिन पितृ पूजा, शांति के लिए बहुत अच्छा व श्रेष्ठ फलदायी जानकार महिलाओं ने पति की सुखमय व दीर्घायु जीवन की कामना की। सुहागनों ने लगाई परिक्रमा-सुहागिन महिलाओं ने तुलसी के 108



फेरे लगाकर पति की लंबी आयु की कामना की। पुराणों के अनुसार इस दिन मौन व्रत करने से सहस्त्र गौ-दान का फल प्राप्त होता है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को पडने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है। महिलाओं में श्रीमती वंदना मिश्रा, रश्मि मिश्रा, मिथिला बाई असाटी,साधना असाटी,ममता असाटी, कीर्ति असाटी, वर्षा असाटी, प्रिया असाटी, सुनीता असाटी,ललता असाटी, अनुराधा तिवारी, सीमा त्रिपाठी, कृष्णा तिवारी, नम्रता तिवारी,सुनीता त्रिपाठी ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान-दक्षिणा भी की।



### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर मौत, एक घायल

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 7 पर लगभग 12 बजे एक सड़क हादसा हो गया। जहां बाइक सवार 2 लोगो की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक में सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर घायल हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस एवं 108 वाहन में दी।

### नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाई दिवाली और अन्नकूट पर्व



**पाटन, देशबन्धु।** पाटन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ दिवाली पर्व मनाया गया। नगर के बाजारों में दो-तीन दिन से रौनक रही वही बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों के लोगों ने पाटन नगर के बाजारों में खरीदारी की। रविवार की रात्र ग्रामीणों ने दीप जलाकर श्री लक्ष्मी जी गणपति जी की पूजा आराधना बड़े ही विधि विधान से की। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पटाखे फुलझड़ी अनारदाना की रंग बिरंगे बिजलियों से रोशन रहा नगर एवं ग्रामीण इलाकों में सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर दीवाली की बधाई दी।

**सोमवार को हुई अन्नकूट की पूजा**- दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। इस पर्व को ग्रामीण अन्नकूट भी कहते हैं। कार्तिक माह की प्रतिपदा को भगवान गोवर्धन या गिरिराज जी की पूजा का विधान है उनके साथ ही भगवान कृष्ण,गोवर्धन पर्वत और गाय माता की भी पूजा करते हैं। नगर एवं ग्रामीण इलाकों में गाय के गोबर से गोदन माता बनाकर ग्रामीणों ने पूजा की।

**नगर एवं ग्रामीण इलाकों में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ त्यौहार**- पाटन थानांतर्गत एक चुनावी मामले को छोड़ कर बाकी ग्रामीणों एवं निकाय क्षेत्र में ग्रामीणों ने दीवाली शांति पूर्वक मनाई थाना क्षेत्र के किसी भी गांव से कोई भी घटना घटित नहीं हुई दीपावली पर्व शान्ति पूर्वक सम्पन्न होने पर पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सास ली।

# डूडी सड़क पर 35 वर्षीय युवक पर जान-लेवा हमला

## अज्ञात आरोपियों की सरगर्मी से तलाश जारी

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत ग्राम डूडी मेन सड़क पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 35 वर्षीय बसपा नेता के साथ मारपीट की घटना सामने आ रही है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार अजय अहिरवार पिता उमराई अहिरवार निवासी गुरु मौहल्ला बसपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रसार प्रचार करने कटरा बेलखेड़ा की ओर जा रहे थे जैसे ही डूडी गांव की मुख्य सड़क पर 4 बजे के आस पास पहुंचे थे तभी अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया जिससे पीड़ित को चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश की जा रही हैं।

जानकारी के अनुसार दिनांक 12/11/23 को शाम 4 बजे के आस पास डूडी ग्राम के पास भाजपा नेता अनिल सिंह और वीरेंद्र सिंह के बीच में किसी बात को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था तभी बसपा प्रत्याशी तान सिंह एवं पार्टी कार्यकर्ता अजय अहिरवार एवं उसके साथी वहा पहुंचे गए और विवाद कर रहे अनिल सिंह और वीरेंद्र सिंह को समझाने का प्रयास कर ही रहे थे तभी अचानक दोनों तान सिंह एवं अजय अहिरवार से विवाद करने लगे इसी झूमा



झपटी में अजय को चोट लगी थी चुकी अभी चुनावी माहौल है और बसपा भी पाटन विधान सभा से चुनाव लड़ रही है चुनावी बखेड़ा खड़ा करने की नियत से इस बवाल को तूल दिया जा रहा है। जबकि बसपा प्रत्याशी और पीड़ित व्यक्ति के द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ़ मामला दर्ज करवाने की बात समझ से परे है। पुलिस प्रशासन को उक्त मामले की निष्पक्ष जांच करके दोषियों पर सक्त कार्यवाही करना चाहिए।

# दमोह में दीपावली के दिन दो नाबालिग दोस्तों की तालाब में डूबने से मौत

## गांव में पसरा मातम

**दमोह, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में दीपावली के दिन जहां लोग त्योहार को मनाने की तैयारियां कर रहे थे। वहीं, दमोह जिले के हटा में दीपावली के दिन ही दो नाबालिग दोस्तों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। सूचना मिलने के बाद से पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, मृतक नरेंद्र (12) पिता खूब सिंह और सौरभ (12) पिता पुरन सिंह दोनों खेजरा गांव के निवासी हैं। दोनों रविवार सुबह से ही गांव के ही एक तालाब में नहाने गए थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सुबह से दोनों बच्चे गांव में ही बने तालाब में नहाने गए थे। काफी देर



तक वह घर नहीं लौटे तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने काफी देर तक खोजबीन की, जब तालाब के पास पहुंचे, बच्चे वहां नहीं दिखे। इसी दौरान आसपास के लोगों ने बच्चों के कपड़े तालाब के पास देखे और तालाब में दोनों बच्चों की तलाश की गई तो उनके शव मिले। परिजन शव तालाब से निकाल कर निजी वाहन की मदद से हटा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद से दोनों मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस हादसे से दो परिवारों में मातम छा गया। उनकी दिवाली का उजाला अंधेरे में बदल गया। वहीं, हटा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बच्चों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पूर्वी इंडोनेशिया में शक्तिशाली भूकम्प के झटके

**जकार्ता,** (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालुकु में शनिवार को 6.2 तीव्रता का एक और जोरदार झटका आया लेकिन इससे सुनामी नहीं आई। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि स्थानीय समय के अनुसार 03ः45 पर आये 6.2 तीव्रता वाले इस भूकंप का केंद्र समुद्र तल पर था। एजेंसी के मुताबिक भूकंप का केंद्र मालुकु तेंगारा बारात (तनिंबर द्वीप) जिले से 249 किमी उत्तर पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था। एजेंसी ने कहा कि 5.3 और 5.2 की तीव्रता वाले तीन और मध्यम झटके भी दर्ज किए गए तथा आधी रात के बाद से कमजोर ताकत वाले कई अन्य झटके भी आए हैं। एजेंसी के अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की क्योंकि भूकंप के झटकों से बड़ी लहरें नहीं उठेंगी। बुधवार को मालुकु प्रांत में 7.1 तीव्रता का एक शक्तिशाली मुख्य झटका आया, फिर भी इससे बड़ी लहरें नहीं उठीं या कोई क्षति या हताहत नहीं हुआ। पेसिफिक रिंग ऑफ फायर कहे जाने वाले संवेदनशील भूकंप प्रभावित क्षेत्र पर स्थित होने के कारण, इंडोनेशिया, एक द्वीपसमूह राष्ट्र, अक्सर भूकंप से त्रस्त होता रहा है।

# गजा में 'कोई भी सुरक्षित नहीं है' : डब्ल्यूएचओ

■ डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक बोले, यहां स्वास्थ्य प्रणाली 'अपने घुटनों पर'



**संयुक्त राष्ट्र,** (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (संरासुप) की आपात बैठक में कहा कि गजा में 'कहीं भी और कोई भी सुरक्षित नहीं है' और यहां स्वास्थ्य प्रणाली 'अपने घुटनों पर' है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में कहा कि जमीनी स्तर पर स्थिति गंभीर है तथा अस्पतालों में बिना एनेस्थीसिया के ऑपरेशन करने से लेकर हर दस मिनट में एक बच्चे की मौत होने तक स्थिति अत्यंत गंभीर है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, कहीं भी और कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा कर्मचारी 23 लाख लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का प्रबंधन करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

श्री टेड्रोस ने कहा कि समर्थन दिखाने का सबसे अच्छा तरीका स्वास्थ्य कर्मियों को जीवन बचाने के लिए आवश्यक चीजें प्रदान करना है। लगभग 63 मीट्रिक टन ऐसी सहायता भेजी जा चुकी है, लेकिन उन नागरिकों तक पहुंचने के लिए निर्बाध पहुंच की आवश्यकता है जो संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा, डब्ल्यूएचओ लगातार युद्धविराम का आह्वान कर रहा है। इसके अलावा, मैंने दोनों पक्षों से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों का सम्मान करने का आह्वान किया है। श्री टेड्रोस ने बैठक समाप्त होने पर दोबारा बोलते हुए कहा, गजा में, कहीं भी और कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने राजदूतों से पूछा, कल्पना कीजिए कि आप उस स्थिति में फंस गए हैं। उन्होंने कहा, इसलिए हम युद्धविराम और निर्बाध मानवीय पहुंच की मांग कर रहे हैं।

## गजा पर इजरायल के हमलों को रोका जाना चाहिए : मैक्रॉन



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा कि गजा पट्टी पर इजरायल के हमलों का कोई कारण या वैधता नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए। श्री मैक्रॉन ने इससे पूर्व मध्य पूर्व के देशों को फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष में शामिल होने से रोकने के लिए आर्थिक रूप से समर्थन देने की आवश्यकता बताई। श्री मैक्रॉन ने बीबीसी से कहा, वास्तव में - आज, नागरिकों पर बमबारी की जाती है - वास्तव में। इन बच्चों, इन महिलाओं, इन बूढ़े लोगों पर बमबारी की जाती है और उन्हें मार दिया जाता है। इसलिए इसका कोई कारण नहीं है और कोई वैधता नहीं है। इसलिए हम इजरायल से इसे रोकने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि गजा के लिए मानवीय विराम और युद्धविराम के अलावा कोई अन्य समाधान नहीं है। फिलिस्तीनी समूह हमास ने 07 अक्टूबर को गजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया।

## गाजा के अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर 'मौत का खतरा'

**गाजा।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि बिजली कटौती के कारण अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर 'मौत का खतरा' है। स्थानीय मीडिया ने पहले फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला के हवाले से कहा था कि 39 शिशुओं की मौत हो गई है। बाद के एक बयान में, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शिशुओं को 'मृत्यु का खतरा' है। इससे पहले आई एक रिपोर्ट के मुताबिक गजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को आरोप लगाया कि घिरे एन्क्लेव की सबसे बड़ी चिकित्सा सुविधा में लगातार बिजली कटौती के कारण अल-शिफा अस्पताल में एक नवजात शिशु की मौत हो गई। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने एक बयान में कहा कि शिशु अस्पताल में समय से पहले जन्मे 37 बच्चों में से एक था। इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप पूरी तरह से बिजली गुल होने के कारण चिकित्सा कर्मचारी पिछले तीन घंटों से इनमें से कुछ बच्चों को मैन्युअल आर्टिफिशियल श्वसन दे रहे हैं। एक महीने से अधिक समय से अल-शिफा अस्पताल सहित गजा पट्टी में किसी भी ईंधन की अनुमति नहीं दी गई है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अल-शिफा अस्पताल परिसर के प्रांगण को इजरायल ने निशाना बनाया और परिसर में आग लग गई। अल-शिफा अस्पताल के पास इजरायली हमलों की खबरें आई हैं। कर्मचारी और अधिकारियों ने ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें परिसर के आसपास के क्षेत्र में भारी बमबारी दिखाई दे रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अल-शिफा बमबारी की चपेट में आ रहा है। गजा पट्टी में 20 अस्पताल कार्रवाई से बाहर हैं।



## आज का इतिहास

1681-ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के अलग रियासत बनने की घोषणा की

1889-भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म हुआ।

1922-ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने ब्रिटेन में रेडियो सेवा शुरू की थी। वह ब्रिटेन में रेडियो प्रसारण करने वाली पहली संस्था बनी।

1948-प्रिंस चार्ल्स का जन्म। वह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फिलिप के सबसे बड़े पुत्र थे।

1967-भारत की क्रिकेट टीम के प्रथम टेस्ट कप्तान सी. के. नायडू का निधन हुआ।

1973-ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन ने आम नागरिक से शादी की थी। इससे पहले राजघराने में ऐसा नहीं हुआ था।

2002-चीन के राष्ट्रपति जियांग जेमिन ने अपने पद से इस्तीफा दिया।

2006-भारत तथा पाकिस्तान के विदेश सचिवों ने नयी दिल्ली में एंटी-टेरेरिज्म मैकेनिज्म बनाने पर सहमति जतायी।

# बाल-दिवस को बनायें ख़ास देकर ये अनुपम उपहार

प्रतिवर्ष 14 नवंबर को हम राष्ट्रीय बाल-दिवस और 20 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय बाल-दिवस के रूप में मनाते हैं, इस तरह से नवंबर का महीना आधिकारिक रूप से तो पूरी दुनिया के बच्चों को समर्पित है. हर वर्ष बाल-दिवस पर ऐसे अनेकों सरकारी और गैर-सरकारी आयोजन होते हैं जिनमें बच्चों के हितार्थ ढेरों योजनाओं, सुविधाओं का वादा किया जाता है. जिनमें से कुछ तो पूरे हो जाते हैं और कुछ ठंडे बस्ते में चले जाते हैं. लेकिन यह एक स्व स्थापित सत्य है कि बचपन की मजबूत बुनियाद ही सुरक्षित भविष्य का निर्माण करती है. किसी भी राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए बचपन का सम्पूर्ण रूप से पल्लवित और प्रस्फुटित होना नितांत आवश्यक है. देश और दुनिया में बाल-दिवस के सफल आयोजन हेतु रैलियां निकलती रहेंगी, उद्घाटन होते रहेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहेंगे, मूल बात है बच्चों के कल्याण की, उनके सुरक्षित भविष्य की. इसके लिए आज यहां कुछ ऐसे ही अनमोल उपहारों के बारे में चर्चा करेंगे जिन्हें अगर हम बच्चों को सुलभ करा सकें तो न केवल वर्तमान की, बल्कि भविष्य में आने वाली कई पीढ़ियां भी उनसे लाभान्वित होती रहेंगी.

**बाल-दिवस का प्रयोजन**-कोई भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उस 'मुद्दे विशेष' के प्रति जागरूक करना, उसे सफल बनाने में आने वाली समस्याओं को पहचानना और सबके सम्मिलित प्रयासों से उनका समाधान ढूंढना. ताकि एक ऐसे मजबूत समाज का निर्माण किया जा सके जहां ऊँच-नीच, अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, पढ़े-लिखे या अनपढ़, शहरी या ग्रामीण, लड़का या लड़की में कोई भेदभाव न हो; सबको अपने अधिकारों के साथ-साथ, देश व समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का भी पूरा अहसास हो. बाल दिवस के आयोजन का उद्देश्य भी जाति-धर्म, लिंग और भाषा के परे सभी बच्चों के हितों की रक्षा करना और उन्हें उनके मूलभूत अधिकारों यथा - स्वतंत्रता, समानता, शिक्षा, भोजन आदि से वंचित न होने देना है. इस उद्देश्य को पूर्ण करने में न केवल माता-पिता और शिक्षक बल्कि राजनेता, सामाजिक संस्थाएं, धर्मगुरु, मीडिया और बड़े कॉर्पोरेट घराने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं.

**उत्तम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य**-बात शुरू करते हैं अच्छे स्वास्थ्य से. बढ़ती उम्र के बच्चों को उचित वैचारिक खुराक के साथ ही भरपूर मात्रा में न्यूट्रीशस भोजन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए क्योंकि एक कमज़ोर या कुपोषित शरीर कभी भी पढ़ाई-लिखाई में या अन्य किसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से, अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भागीदारी नहीं कर सकता. यह हर अभिभावक का कर्तव्य है कि बच्चों का खाना शुद्ध हो, जिसमें सभी आवश्यक प्रोटीन्स, विटामिन्स, मिनरल्स और अन्य पोषण आहार का उचित समावेश हो. इसके अलावा बच्चों में मूलभूत स्वच्छता को लेकर भी जागरूकता लाई जानी चाहिए. उपयुक्त साफ़-सफाई न रखने से भी कई बीमारियां फैलती हैं जो उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालती हैं. एक मानसिक व शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त बच्चा ही बड़े होकर देश एवं समाज को नई ऊंचाईयों पर ले जा सकता है.

**व्यावहारिक व कौशल आधारित शिक्षा**-बढ़ते हुए बच्चों के रचनात्मक विकास के लिए कौशल आधारित शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है. शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो, जिसमें कोरा किताबी ज्ञान न हो जो ज़िन्दगी के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण रखना सिखाये. शिक्षित होकर बच्चों की रचनात्मकता को नए आयाम मिलें. वे संगीत, नृत्य, खेल, चित्रकला या अपनी अभिरुचि के किसी भी अन्य क्षेत्र या विषय में पारंगत होकर अपनी आजीविका चुन सकें और अपने कौशल से देश और समाज में कुछ योगदान कर सकें तभी उनकी शिक्षा सार्थक होगी.

**अनुशासित जीवन शैली का चुनाव**-महान अर्थशास्त्री चाणक्य के अनुसार व्यक्ति के उत्तम चरित्र निर्माण एवं उज्जवल भविष्य हेतु प्रयास बचपन में ही किये जाने चाहिए और इसके लिए उन्हें उचित शिक्षा व अनुशासित जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया जाना चाहिए.

बाल्यावस्था कच्ची मिट्टी के समान होती है जिसे माता-पिता व शिक्षक रुपी कुम्हार मनचाहे आकार में ढाल सकते हैं. हमारे बड़े-बुज़ुर्गों का ये कथन है कि परिणामों की चिंता किए बगैर अगर बच्चे अपना कार्य करेंगे तो मानसिक स्तर पर अधिक मज़बूत, आत्मविश्वासी और कार्यकुशल बनेगें क्योंकि वर्तमान समय की अति व्यस्त और भागदौड़ भरी जीवन शैली थकान, तनाव और व्यग्रता को बढ़ावा देती है जो अनेकानेक बीमारियों को सीधा-सीधा निमंत्रण है.

यदि बचपन से ही योग, व्यायाम और सही जीवन पद्धति को अपनाने पर ज़ोर दिया जाए तो बच्चे न केवल शारीरिक बल्कि दिमागी तौर पर भी परिपक्व होंगे और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित होंगे.

**बचपन को बनाये रखना**-बचपन! विश्व का शायद ही कोई व्यक्ति होगा जो उसकी मधुर, अविस्मरणीय स्मृतियों से अछूता हो. जो निश्छल, नि:स्वार्थ, सहजता, चंचलता, मासूमियत उम्र के इस दौर की पहचान होती है वह उम्र बढ़ने के साथ-साथ गायब होती जाती है और जीवन की आपा-धापी में हम दिन-प्रतिदिन उलझते चले जाते हैं.

अपने मूलभूत अधिकारों की चर्चा तो हम सभी करते हैं लेकिन अपने इन मूलभूत गुणों को विस्मृत करते चले जाते हैं और इसका हमें रत्ती भर भी एहसास नहीं होता है अत: हम बड़ों में भी बचपना बना रहे उसके प्रयास किये जाने चाहिए और अभ्यास से ही सही, इन गुणों का पोषण किया जाना चाहिए. बच्चों के कल्याणार्थ एकजुट हो लें संकल्प आईये, हम और आप ये संकल्प लें कि न केवल वर्तमान के, बल्कि भविष्य के जन्म लेने वाले बच्चे भी इस पृथ्वी पर सुरक्षित जीवन-यापन कर सकें इस हेतु हम प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग नहीं करेंगे, नियमित वृक्षारोपण करेंगे, हर प्रकार के प्रदूषण को नियंत्रित रखने की कोशिश करेंगे, खेतों में अनावश्यक रसायनों के प्रयोग से बचेंगे और अपने पर्यावरण को संरक्षित रखने का भरपूर प्रयास करेंगे ताकि ये धरती, आने वाली कई सदियों तक हमारे बच्चों के साथ यूँ ही हंसती खिलखिलाती आबाद रहे. बाल-दिवस पर बच्चों को, एक सभ्य, शिक्षित एवं जागरूक समाज की ओर से इससे अनुपम सौगात और कुछ नहीं हो सकती।

**-प्राची तिवारी छबि**

## सुडोकू 6375


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | | 3 |
| | 2 | | | 6 | 3 | 7 | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | 4 | 1 | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 9 | | | 6 | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | | | |
| | | 6 | 3 | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | | 7 | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6375



**बायें से दायें:-**

१. इधर-उधर की बातें, गपशप
३. जहर पीना
५. हमेशा
६. वृद्धिकारक
७. बचा-खुचा
९. कलदार
१०. नियमबद्ध करना,
१२. नायाब
१३. यात्रियों का दल (उर्दू)
१४. क़त्ल करने की जगह
१६. निर्माण, सृजन
१८. नीति-विरुद्ध
२०. निषिद्ध, मनाही
२१. झूठ बोलने वाला
२३. किसी कहानी का मूल

**ऊपर से नीचे:-**

१. बुढ़ापा
२. स्वर्णनिर्मित
३. चीरने वाला, दिल दहलाने वाला
४. वर्षा ऋतु
५. निवारण, हल
८. रजामंद होना (मुहावरा)
१०. अवरोध रहित
११. अफसोस, दुख
१२. लाड़-प्यार, स्नेह
१३. वैधानिक (उर्दू)
१४. अधीनस्थ
१५. मुल्तवी, आगे के लिए बढ़ाया
१७. एक प्रसिद्ध पक्षी
१८. वरना
१९. अंधकार
२२. चिराग

### वर्ग पहेली-6374

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | हि | त | क | र | ■ | अ | भि | क | र्ता |
| चे | ■ | र | ■ | थ | म | ना | ■ | ले | ■ |
| त | र | फ | ■ | वा | ■ | मि | थ्या | वा | दी |
| न | ■ | दा | ■ | ह | ल | का | ■ | ■ | प |
| ■ | भ | र | स | क | ■ | ■ | त | र्जु | मा |
| ■ | ला | ■ | हा | ■ | ग | रि | मा | ■ | लि |
| भा | ई | चा | रा | ■ | ग | ■ | म | लि | का |
| ग्य | ■ | टु | ■ | अ | न | ल | ■ | पि | ■ |
| वा | टि | का | ■ | र्च | ■ | ल | ट | क | ना |
| न | ■ | र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## रूस ने पश्चिम के दावों को किया खारिज



■ उ. कोरिया पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करने से इनकार

**मास्को,** (एजेंसियां)। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शनिवार को इन आरोपों से साफ इनकार किया कि उत्तर कोरिया के साथ रूस का सहयोग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (संरासुप) के प्रस्तावों का उल्लंघन है। उन्होंने पश्चिमी देशों के बार-बार के दावों को भी साफ खारिज किया है कि उत्तर कोरिया कथित तौर पर रुस को हथियार हस्तांतरित कर रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय ने सुश्री जखारोवा के हवाले से कहा, रूस और उत्तर कोरिया के बीच 'अवैध' सैन्य-तकनीकी सहयोग के 'सामूहिक पश्चिम' द्वारा लगाए गए आरोप निराधार और निराधार हैं। रूस सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों सहित अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार है। यह हमें उत्तर कोरिया सहित हमारे पड़ोसियों के साथ दोस्ती और सहयोग के पारंपरिक संबंधों को गहरा करने से नहीं रोकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जापान, जिन्होंने टोक्यो में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान रूस के खिलाफ आरोपों को दोहराया है, के पास कोई जांच शक्तियां नहीं हैं। उन्होंने अमेरिका और उसके 'सैटेलाइट राज्यों' पर यूक्रेन को हथियार पहुंचाकर अंतरराष्ट्रीय मानदंडों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया।

## म्यांमार में संघर्ष के कारण लगभग 90 हजार लोग विस्थापित हुए

**नाएप्यीडॉ, (एजेंसियां)।** चीन की सीमा के समीप म्यांमार के शान राज्य में सरकारी बलों और जातीय विद्रोहियों के बीच संघर्ष के कारण लगभग 50 हजार लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है, जबकि देश के उत्तर-पश्चिम में लगभग 40 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। यह जानकारी मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने शुक्रवार को दी। यह संघर्ष कथित रूप से देश के सशस्त्र बलों द्वारा शान के कोकांग क्षेत्र में सशस्त्र जातीय समूहों द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और गोला-बारूद निर्माण व्यवसायों को रोकने की कोशिश से हो रहा है।

गत 27 अक्टूबर को, इन समूहों ने क्षेत्र में तैनात सरकारी बलों पर हमला किया था। ओसीएचए ने एक स्थिति रिपोर्ट में कहा कि नौ नवंबर तक, उत्तरी शान में लगभग 50 हजार लोगों को धार्मिक परिसरों में विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि कई लोग चीन से लगी सीमा की ओर बढ़ गए हैं और अन्य अभी भी पार करने की कोशिश कर रहे हैं।

**राजनीति** *राजस्थान में टिकट बंटवारे में महिला व युवा वर्ग घोर उपेक्षित*

# वादा 33 प्रतिशत आरक्षण का व टिकट 15 फीसदी भी नहीं

**जयपुर, (एजेंसियां)। दो सौ विधायकों वाली राजस्थान विधानसभा के चुनावों में महिला और युवा वोटरों की हिस्सेदारी 80 फीसदी से ज्यादा होगी। टिकट बंटवारे में ये दोनों ही वर्ग घोर उपेक्षित हैं। कांग्रेस के सबसे ज्यादा टिकट 60 से ज्यादा उम्र के लोगों को बांटे गए हैं। ठीक यही स्थिति बीजेपी की भी है। काबिले गौर है कि पांच राज्यों में विधानसभा।**



■ 81 विस क्षेत्रों में एक भी महिला प्रत्याशी नहीं

चुनावों के एलान से पहले देश में महिला आरक्षण को संसद में विधेयक का क्रेडिट लेने को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में जबरदस्त तकरार देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी तक ने भाषण देकर बताया कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनकी पार्टी की क्या सोच है, लेकिन विधानसभा चुनावों का एलान होते ही सियासी दावों और वादों की पोल खुल गई। महिलाओं की बात करें तो भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही कुल 15 प्रतिशत टिकट भी महिलाओं को नहीं दिए हैं। विधानसभा चुनावों से पहले संसद में महिला आरक्षण बिल पारित कराने वाली भाजपा ने राजस्थान में विधानसभा चुनावों के लिए सिर्फ 20 महिलाओं को टिकट दिए हैं। वहीं, कांग्रेस की बात करें तो इसने हालांकि 28 महिलाओं को टिकट दिए हैं। राजस्थान की विधानसभा से लेकर देश की संसद तक महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल भले ही जोर-शोर से पास किया गया हो, लेकिन राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस की ओर से महिलाओं को 15 प्रतिशत टिकट भी नहीं दिए गए हैं।

वहीं, ऐसा लग रहा है कि स्वयं महिलाएं भी अभी मुख्य धारा की राजनीति में सक्रिय होने की बहुत ज्यादा इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि राजस्थान में चुनाव लड़ रहे कुल प्रत्याशियों में से महिलाओं की संख्या 10 प्रतिशत से भी कम है। प्रदेश के 200 में से 81 विधानसभा क्षेत्र तो ऐसे हैं, जहां एक भी महिला प्रत्याशी नहीं है। देश में महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार ने हाल में ही नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित किया है।

भाजपा इसे जबरदस्त ढंग से भुना भी रही है। हाल ही में राजस्थान में पीएम मोदी की सभाओं इसका असर नजर भी आया, जहां महिलाओं को सभाओं की जिम्मेदारी दी गई। वहीं, कांग्रेस ने भी इस बिल का समर्थन किया और यह दावा भी किया कि इसकी शुरुआत हमने ही की थी। कांग्रेस ने इस बात के लिए भाजपा की आलोचना भी की कि इस बिल का लाभ दस साल बाद देने की बात क्यों कही जा रही है। नीयत ठीक है तो इसे तुरंत लागू किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ इस बार है। पिछले चुनावों में भी स्थिति लगभग यही रही है। भाजपा की बात करें तो 2008 में 22, 2013 में 19 और 2018 में सिर्फ 17 महिलाओं को टिकट दिए।

# खेल जगत

## भारत की गेंदबाजी इकाई एक संपूर्ण पैकेज : पारस म्हाम्ब्रे

**मुंबई**। विश्व कप 2023 की प्रारंभिक लीग में भारत का प्रभावी प्रदर्शन काफी हद तक उसकी गेंदबाजी इकाई के कारण है, जिसने हर मैच में विपक्षी टीम को दबाव में रखा है। बेशक रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने बल्ले से खूब रन बनाए हो। लेकिन, यह गेंदबाज ही हैं जिन्होंने भारत को नौ मैचों में नौ जीत के साथ लीग चरण सबसे आगे रखा। यह पहली बार है जब भारत विश्व कप में ऐसा करने में सफल हुआ है। भारतीय गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह (15.64 की औसत से 17 विकेट), मोहम्मद सिराज (28.83 की औसत से 12 विकेट), मोहम्मद शमी (9.56 की औसत से 16 विकेट), रवींद्र जडेजा (18.25 की औसत से 16 विकेट) और कुलदीप यादव ने (22.28 की औसत से 14 विकेट) का दमदार प्रदर्शन किया है। भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि गेंदबाजी इकाई एक संपूर्ण पैकेज है और किसी भी सतह पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम है।



# टीम के प्रदर्शन ने हमें यहां तक पहुंचाया : रोहित

**हमने इन नौ मैचों में जिस तरह से प्रदर्शन किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। पहले मैच से लेकर लीग चरण के आखिरी मैच तक सफर शानदार रहा। ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि अलग-अलग खिलाड़ियों ने अलग-अलग समय पर आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाई है : रोहित शर्मा**

**बेंगलुरु**। क्रिकेट विश्व कप-2023 में नीदरलैंड्स पर 160 रनों की जीत के साथ नौ में से नौ जीत हासिल करने के बाद, भारत के कप्तान रोहित शर्मा इस बात से खुश हैं कि मेजबान टीम को अगल-अलग मौकों पर अलग-अलग मैच विजेता मिले। दो बार के विश्व कप विजेता भारत ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में नीदरलैंड्स को हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में अपनी अजेय लय को 9-0 तक बढ़ा दिया है। यह भारत के लिए वैश्विक खिताब जीतने के अपने दस साल के सूखे को तोड़ने के लिए अच्छा संकेत है।

अब विश्व कप 2023 में बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। नीदरलैंड के मैच के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, हमने इन नौ मैचों में जिस तरह से प्रदर्शन किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। पहले मैच से लेकर लीग चरण के आखिरी मैच तक सफर शानदार रहा। ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि अलग-अलग खिलाड़ियों ने अलग-अलग समय पर आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाई है। यह एक टीम के लिए एक अच्छा संकेत है जब हर कोई जिम्मेदारी और टीम के लिए काम पूरा करना चाहता है। हम भारत में काफी क्रिकेट खेलते हैं। हम परिस्थितियों को जानते हैं, जब आप अलग-अलग विरोधियों से खेलते हैं तो यह चुनौती होती है लेकिन हमें इस मामले में काफी मदद मिली। 18 अंकों के साथ टेबल-टॉपर्स के रूप में भारत ने लगातार चौथी बार वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बना ली है। रोहित ने कहा कि टूर्नामेंट में एक समय में एक खेल पर ध्यान केंद्रित करने की टीम की योजना और मानसिकता अच्छे परिणाम दे रही है।



## भारत विश्व कप सेमीफाइनल के दबाव से निपटने को लेकर तैयार : द्रविड़

**नई दिल्ली**। बेंगलुरु में नीदरलैंड पर शानदार जीत के बाद भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि उनकी टीम विश्व कप सेमीफाइनल के दबाव से निपटने के लिए आश्वस्त है। विश्व कप 2023 में टीम इंडिया अब तक की सबसे सफल टीम है। वो इकलौती टीम है, जिसने टूर्नामेंट में अब तक एक भी मैच नहीं गंवाया है। लेकिन, अब क्रिकेट फैंस कि दिल की धड़कन तेज हो गई है क्योंकि लीग चरण में अपने अजेय प्रदर्शन के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के सामने न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप 2023 सेमीफाइनल के रूप में एक कठिन चुनौती है। इसका सबसे बड़ा कारण है 2019 सेमीफाइल का फ्लैशबैक, जो भारतीय टीम की टेंशन बढ़ा रहा है। एक बार फिर मंच विश्व कप का है और सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड और भारत आमने-सामने है। मगर, टीम इंडिया पर भी थोड़ा दबाव रहेगा क्योंकि यह नॉकआउट मैच है। हालांकि, टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ थोड़े आश्वस्त हैं और उन्होंने विश्व कप सेमीफाइनल के दबाव से निपटने की भारत की क्षमता पर भरोसा जताया। द्रविड़ ने कहा, हम जानते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण और नॉकआउट मैच है। हमें इस बात को स्वीकार करना होगा कि कुछ हद तक दबाव होगा, लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने अब तक दबाव का जवाब दिया है, वह हमें बहुत ढेर सारा आत्मविश्वास देगा और टीम के दृष्टिकोण या तैयारी में कोई बदलाव नहीं आएगा। द्रविड़ ने श्रेयस अय्यर के लगातार प्रदर्शन पर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि श्रेयस अय्यर हमारे मध्यक्रम की रीढ़ हैं और हम सभी जानते हैं कि पिछले 10 वर्षों से हमारे लिए नंबर 4 पर एक अच्छा बल्लेबाज ढूंढना कितना कठिन रहा है।

## रोहित का दृष्टिकोण विपक्षी गेंदबाजों में खौफ पैदा करता है : एरोन फिंच

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरोन फिंच ने भारत के कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके आक्रामक रवैये ने खेल शुरू होने से पहले ही गेंदबाजों की मानसिकता बदल दी। रोहित ने विश्व कप के अपने आखिरी लीग चरण मैच में बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ भारत की 160 रन की जीत में अर्धशतक बनाया। अपनी 61 रनों की पारी के दौरान, भारतीय कप्तान ने कॉलिन एकरमैन की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर 92 मीटर का विशाल छक्का लगाकर एक कैलेंडर वर्ष में वनडे में सर्वाधिक छक्कों का नया रिकॉर्ड बनाया, जो कि वर्ष का उनका 59 वां अधिकतम प्रदर्शन था और 2015 में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए फिंच ने पावरप्ले में रोहित के आक्रामक रवैये पर बात की। उन्होंने कहा, रोहित की सोच यह है कि वो टीम को तेज शुरुआत दिलाने की कोशिश करें। जिसमें वो काफी हद तक सफल भी हुए हैं। इसलिए, विपक्ष पर दबाव बनाने के लिए शुरुआती पावरप्ले वास्तव में महत्वपूर्ण है। रोहित ने एक विश्व कप संस्करण में सबसे अधिक सिक्सर लगाने वाले कप्तान होने का गौरव भी हासिल किया। 2019 संस्करण में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन के 22 सिक्स के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए, रोहित ने 2023 विश्व कप में अपने 23वें सिक्स के साथ यह उपलब्धि हासिल की। भारतीय कप्तान ने विश्व कप संस्करणों में सर्वाधिक 500+ रन बनाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। रोहित (2019 और 2023) और तेंदुलकर (1996 और 2003) दोनों ने दो संस्करणों में 500 से अधिक रन बनाए।

रोहित ने नौ मैचों में 503 रन बनाए हैं और लगातार वनडे विश्व कप में 500 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी बन गए हैं।

## विश्व कप में लीग स्तर पर बल्लेबाजी में विराट, गेंदबाजी में जम्पा रहे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज



**नई दिल्ली**। आईसीसी विश्वकप में लीग स्तर पर हुए 45 मुकाबलों में बल्लेबाजी में भारत के विराट कोहली 594 रन और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज एडम जैम्पा 22 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ रहे। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली नौ लीग मुकाबलों में 99 की औसत से 594 रन बनाकर शीर्ष पर है।

ऑस्ट्रेलिया के एडम जैम्पा ने इस विश्वकप में विकेटों के मामले में शीर्ष पर चल रहे हैं। उन्होंने नौ लीग मुकाबलों में 18.90 की औसत से 22 विकेटों के साथ सबसे ऊपर चल रहे है। बल्लेबाजी में दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डि काक नौ मैचों में 65.66 की औसत के 591 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है। वहीं गेंदबाजी में विश्वकप से बाहर हो चुकी श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने 9 मैचों में 25 की औसत से 21 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। बल्लेबाजी में तीसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्रन नौ मुकाबलों में 70.62 की औसत से 565 रन बनाकर है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने सात लीग मुकाबले में 19.38 औसत से 18 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर रहे है। भारत के रोहित शर्मा नौ मुकाबलों में 55.88 की और से 505 रन बनाकर चौथे स्थान पर है। इसी नंबर पर पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी ने नौ मैचों में 26.72 की औसत से 18 विकेट लिए है। ऑस्ट्रेलिया के डीए वार्नर नौ मैचों में 55.44की औसत से 499 रन बनाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं गेंदबाजी में भारत के जसप्रीत बुमराह 9 मैचों में 15.64 की औसत से 17 विकेट लिये है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के मार्को यान्सिन भी इस विश्व कप के आठ मैचों में 24.41 की औसत से 17 विकेट ले चुके हैं।


**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**

आरसीएसए/27/2019
राधेश्याम वगैरह..................वादीगण
विरुद्ध
केशकली वगैरह..... प्रतिवादीगण
प्रोसेस आईडी 1835/23
पेशी दिनांक 08.12.2023

प्रेषिति

1. मोती कुमारी निवासी मौहरिया तहसील मझौली जिला सीधी म.प्र.

यह कि वादी राधेश्याम वगै. ने आपके विरूद्ध धारा 34 एवं 38 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम 1963 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात / हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि इस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मजूराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।

यह आज तारीख 17.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**(सुश्री रुचि परते)**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड**
**मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)**


# सहवाग, एडुल्जी और डीसिल्वा आईसीसी हॉल ऑफ फेम सम्मान

**दुबई**। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, हमवन महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी और श्रीलंकाई बल्लेबाज अरविंदा डीसिल्वा को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। आईसीसी ने सोमवार को तीनों खिलाड़ियों को सदस्य के रूप हॉल ऑफ फेम में शामिल किये जाने की घोषणा की। वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले विश्वकप 2023 के पहले सेमीफाइनल से पहले इन तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। एडुल्जी हाल ऑफ फेम में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। एडुल्जी ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा, मैं आईसीसी और ज्यूरी को धन्यवाद करना चाहूंगी, जिन्होंने आईसीसी हॉल ऑफ़ फ़ेम 2023 के लिए मेरा नाम चयनित किया। यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनना निश्चित रूप से मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह ना सिर्फ मेरे, मेरे परिवार, दोस्तों बल्कि बीसीसीआई और भारतीय महिला क्रिकेट के लिए भी गर्व की बात है। बाएं हाथ की गेंदबाज एडुल्जी ने भारत के लिए 20 टेस्ट और 30 एकदिवसीय मैच खेले हैं और उनके नाम 107 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। इसके बाद वह एक सफल क्रिकेट प्रशासक भी बनीं और वह वर्तमान में रिटायर्ड भारतीय महिला क्रिकेटरों के रोजगार अवसरों को बढ़ाने के मुद्दे पर काम करती हैं। आईसीसी ने एक बयान जारी करते हुए कहा, एडुल्जी का योगदान मैदान के अंदर से अधिक मैदान से बाहर है और उन्होंने दशकों से भारत में महिला क्रिकेट को बढ़ाने में अपना योगदान दिया है। विस्फोटक बल्लेबाज सहवाग ने भारत के लिए 104 टेस्ट, 251 वनडे और 19 टी20आई खेले हैं। वह 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व विजेता भारतीय टीम के अहम सदस्य भी थे। सहवाग ने कहा, मैं आईसीसी और ज्यूरी को इस सम्मान के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे ख़ुशी है और मैं आभारी हूं कि मैंने अपने जीवन के अधिकतर हिस्से में वह काम किया, जो मुझे सबसे अधिक पसंद है-क्रिकेट बॉल को हिट करना। उनके नाम 23 टेस्ट शतकों सहित कुल 8586 टेस्ट रन हैं। वह टेस्ट मैचों में तिहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज है। उन्होंने यह कारनामा दो बार किया, जिसमें अगले कुछ नाम डॉन ब्रैडमेन, ब्रायन लारा और क्रिस गेल के हैं। उनका टेस्ट स्ट्राइक रेट 82.23 का था यह उनकी विस्फोटक क्षमता को बताता है।

सहवाग के नाम एकदिवसीय क्रिकेट में 104.33 के स्ट्राइक रेट और 15 शतकों के साथ 8273 रन है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 219 रनों की पारी खेली थी। 1996 विश्व कप फाइनल में शतक लगाकर अपनी टीम को विश्व विजेता बनाने वाले डीसिल्वा इस सूची में शामिल होने वाले तीसरे नए नाम हैं। वह भी अपनी आतिशी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उनके नाम 93 टेस्ट मैचों में 6361 और 308 वनडे में 9284 रन हैं।


**Change of Name**

Smt HEMALATA RUSHIKANT RANE Wife of Service No. JC-387376N SUB RANE RUSHIKANT SOPAN Village and Post: JAWALARJUN Teh: PURANDHAR Distt: PUNE (MAHARASHTRA) PIN 412303 my name is HEMLATA RUSHIKANT RANE as per my husband Army Service Records name is wrongly. Correct name is HEMALATA RUSHIKANT RANE as per my Aadhar Card and PAN CARD and should be corrected in my husband Army Service Records for all purpose.

Incorrect Name
HEMLATA RUSHIKANT RANE
Correct Name
HEMALATA RUSHIKANT RANE


# अब भारत को हराना बहुत कठिन : वैन डेर मेरवे

**बेंगलुरू**। नीदरलैंड्स के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर रूलोफ वैन डेर मेरवे का मानना है कि विश्व कप 2023 के समापन के करीब पहुंचने पर भारत को हराना बहुत कठिन है। उनकी यह टिप्पणी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में नीदरलैंड्स को भारत से मिली 160 रन की हार के बाद आई है। भारत ने नीदरलैंड्स के खिलाफ 410 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने शतक बनाए। जबकि, कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली ने अर्धशतक जड़ा। जवाब में नीदरलैंड्स की टीम 47.5 ओवर में 250 रन पर आउट हो गई। जिसमें तेजा निदामनुरु अर्धशतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे।

इस हार के साथ नीदरलैंड्स का टूर्नामेंट में सफर अंक तालिका में दसवें स्थान पर समाप्त हुआ। वैन डेर मेरवे ने कहा, भारत बहुत संतुलित टीम है। उनके पास हर तरह से मैच विजेता हैं। इस वर्ल्ड कप में उन्होंने अब तक ये दिखाया है। उन्हें हराना बहुत कठिन टीम होने वाला है। अन्य टीमों में दक्षिण अफ्रीका भी खतरनाक टीम है। जबकि, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की निरंतरता साफ दिखाई दे रही है। इसलिए, यह मुकाबला बहुत दिलचस्प होने वाला है, लेकिन मुझे लगता है कि भारत अच्छी तरह से तैयार है। नीदरलैंड्स की टीम जून में विश्व कप क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर रहने के साथ टूर्नामेंट में आई। विश्व कप में अंक तालिका का हाल इस टीम की पूरी कहानी नहीं



है, क्योंकि प्रतियोगिता में नीदरलैंड्स ने अपने से अधिक प्रबल दावेदार दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वैन डेर मेरवे ने कहा, हम यहां आए और हमने उच्च गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ इस विश्व कप की चुनौती को समझा। मुझे लगता है कि हमने खुद को अच्छी तरह से आगे बढ़ाया। जाहिर है, अभी भी बहुत सुधार होना बाकी है। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने मैच के बाद कहा कि नीदरलैंड को भारत में उतरने से पहले पता था कि यह एक कठिन टूर्नामेंट होगा। लेकिन हम अपने प्रदर्शन से खुश हैं और अगली बार और अच्छा और सुधार करने की पूरी कोशिश करेंगे। नीदरलैंड नेपाल के खिलाफ विश्व क्रिकेट लीग 2 में खेलेगा और अपना ध्यान वेस्टइंडीज और यूएसए में 2024 टी20 विश्व कप में खेलने पर लगाएगा।

## न्यूजीलैंड का सामना करने से घबराएगा भारत : रॉस टेलर

विश्व कप 2023 में भारतीय टीम शानदार फॉर्म में है और वर्ल्ड कप की पक्की दावेदार मानी जा रही है। लेकिन, दिग्गज कीवी बल्लेबाज रॉस टेलर को उम्मीद है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम घरेलू सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने से घबराएगी। भारत ने प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम के रूप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन, अब उनका सामना सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से है। हालांकि, लीग चरण में भारत ने न्यूजीलैंड को भी हराया है लेकिन नॉकआउट मैचों में इस टीम का रिकॉर्ड कीवी टीम के आगे थोड़ा कमजोर है। 2019 विश्व कप सेमीफाइनल सहित अपने पिछले चार नॉकआउट मैच में न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ जीत दर्ज की है। टेलर ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा, चार साल पहले भारत टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में था। लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें हार मिली। इस बार भारत और भी बड़ी दावेदार है। घरेलू मैदान पर और ग्रुप चरण के दौरान टीम इंडिया ने बहुत अच्छा खेला है। लेकिन जब हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं हो तो न्यूजीलैंड की टीम बहुत खतरनाक हो सकती हैं। मेरे हिसाब से अगर कोई ऐसी टीम है जिसका सामना करने में भारत घबराएगा, तो वह न्यूजीलैंड की टीम होगी। टेलर ने यह भी कहा कि मुंबई आमतौर पर एक ऐसा मैदान है जहां कोई भी बड़े स्कोर की उम्मीद कर सकता है, लेकिन उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के लिए बड़ी परीक्षा परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के साथ-साथ पहले दस ओवरों में बल्ले और गेंद से भारतीय टीम से निपटने में होगी।

## आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 9 | 9 | 0 | 0 | 18 |
| दक्षिण अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 |
| पाकिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| इंग्लैंड | 9 | 3 | 6 | 0 | 6 |
| बांग्लादेश | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |


अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
(प्रारूप C-1 )

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: हरकेश कुमार चौधरी
ग्राम कांटी पोस्ट कांटी तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी

राजनीतिक दल का नाम : बहुजन मुक्ति पार्टी

निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : मध्यप्रदेश विधानसभा

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 92 विजयराघवगढ़

मैं हरकेश कुमार चौधरी (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिविल जज सीनियर डिवीजन विजयराघवगढ़ जिला कटनी | RCT/ 321/2023 | लंबित है | 294, 323, 324, 427, 506, 325, 34 IPC मारपीट, गालीगलौज, झगड़ा, जान से मारने की धमकी |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |



अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: प्रणय पाण्डेय ग्राम सिमरापटी, तह. बहोरीबंद जिला कटनी म.प्र.

राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : विधानसभा निर्वाचन-2023

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : बहोरीबंद - क्रं. 94

मैं प्रणय पाण्डेय (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ :

(अ) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों और धारा (ओ) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | म.प्र.एम.एल.ए. न्यायालय जबलपुर | एस.सी.पी.पी. एम-18/22 दिनांक 3.1.2018 लंबित है | लंबित है | भा.द.सं. 1860 धारा 34 भा.द.सं. 1880 धारा 186 |

राज्य परिषद के निर्वाचन विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


# टीम के फ्लॉप शो ने डुबोई विश्व कप में पाकिस्तान की लुटिया

**इस्लामाबाद**। क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में फ्लॉप शो के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल मचा है। टीम के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटरों और विशेषज्ञों ने खराब प्रदर्शन के लिए पाकिस्तान की जमकर आलोचना की है।

उनका मानना है कि केवल कप्तान बाबर आजम को दोषी ठहराया जाना सही नही हैं। बाबर आजम की टीम का प्रदर्शन इस वर्ल्ड कप में बेहद खराब रहा है। टीम 9 मैच खेली है और सिर्फ 4 मैच जीती है।


## सुडोकू 6375 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 |

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 83.32 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 83.32 प्रति डॉलर (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी कोषों की सतत निकासी से भी रुपये पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.31 प्रति डॉलर पर खुला और दिन के कारोबार में 83.33 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक गया।



## चालू वित्त वर्ष में जीईएम पोर्टल से खरीद दो लाख करोड़ रुपये के पार

**नईदिल्ली।** विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की खरीद बढ़ने से चालू वित्त वर्ष में अबतक सरकारी 'ई-मार्केटप्लेस से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद का आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए जीईएम पोर्टल नौ अगस्त, 2016 को शुरू किया गया था। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि जीईएम के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि। 2023-24 के सिर्फ आठ माह में इस मंच से खरीद का आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। वित्त वर्ष 2021-22 में खरीद मूल्य 1.06 लाख करोड़ रुपये रहा था। पिछले वित्त वर्ष यह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया था और चालू वित्त वर्ष में यह तीन लाख करोड़ रुपये के पार निकल सकता है। जीईएम के पास 63,000 से अधिक सरकारी खरीदार संगठन और 62 लाख से अधिक विक्रेता और सेवाप्रदाता हैं। फिलहाल सरकारी विभागों, मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, राज्य सरकारों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को इस पोर्टल के माध्यम से लेनदेन की अनुमति है। इस पोर्टल पर कार्यालय की स्टोशनरी से लेकर वाहन तक खरीदे जा सकते हैं।

# वैश्विक दबाव से लुढ़का घरेलू शेयर बाजार, निवेशकों को 40 हजार करोड़ का नुकसान

*__मुम्बई।__ दीपावली के अगले दिन ही घरेलू शेयर बाजार गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। पहले घंटे के कारोबार में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की। इसके बाद बाजार पर बिकवाली का दबाव काफी अधिक हो गया, जिसकी वजह से शेयर बाजार पूरे दिन संभल नहीं सका। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.50 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।*

आज के कारोबार के दौरान कंज्यूमर ड्युरेबल्स और आईटी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। दूसरी ओर, मेटल और पावर सेक्टर के शेयरों में खरीदारी के सपोर्ट से तेजी बनी रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 0.01 प्रतिशत, की कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, मिडकैप इंडेक्स ने 0.10 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 322.07 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया,



जबकि रविवार को दिवाली के दिन हुई मुहूर्त ट्रेडिंग के बाद इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 322.48 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 41 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

बीएसई का सेंसेक्स आज 101.14 अंक की गिरावट के साथ 65,158.31 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद पहले घंटे के कारोबार में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की, जिसकी वजह से ये सूचकांक मामूली बढ़त के साथ 65,176.96 अंक तक पहुंच गया। 10 बजे के थोड़ी देर बाद ही बाजार में बिकवाली का जोरदार दबाव बन गया, जिसके कारण कुछ ही देर में ये सूचकांक 406.09 अंक टूट कर 64,853.36 अंक के स्तर तक लुढ़क गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 325.58 अंक की कमजोरी के साथ 64,933.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 38.80 अंक फिसल कर 19,486.75 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में खरीदारों ने मामूली जोर दिखाने की कोशिश की। 10 बजे के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का जोरदार दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक 110.80 अंक लुढ़क कर 19,414.75 अंक के स्तर पर पहुंच गया। दिन भर हुई लिवाली और बिकवाली के बाद निफ्टी ने 82 अंक की गिरावट के साथ 19,443.55 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

### मुहूर्त कारोबार में निवेशकों ने 190.06 करोड़ के शेयर बेचे

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने रविवार को 190.06 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। शेयर बाजार में दीपावली के मौके पर 12 नवंबर को एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार हुआ। बीएसई सेंसेक्स रविवार को सम्वत 2080 के पहले दिन 354.77 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65,259.45 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 100.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,525.55 अंक पर बंद हुआ था।

## त्योहारी सीजन में महंगाई से मिली राहत, 4.87 फीसदी रही खुदरा महंगाई दर

*__नईदिल्ली।__ तीसरे महीने खुदरा महंगाई दर में गिरावट आई है. खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट के चलते अक्टूबर 2023 में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स घटकर 4.87 फीसदी पर आ गई है जो सितंबर महीने में 5.02 फीसदी रही थी.इससे पहले अगस्त महीने में 6.83 फीसदी और जुलाई में खुदरा महंगाई दर 15 महीने के हाई 7.44 फीसदी पर जा पहुंची थी।*



बीते साल अक्टूबर 2022 में खुदरा महंगाई दर 6.77 फीसदी रही थी। सांख्यिकी मंत्रालय ने खुदरा महंगाई दर का डेटा जारी किया है. इस डेटा के मुताबिक खाद्य महंगाई दर में भी मामूली गिरावट आई है. अक्टूबर महीने में खाद्य महंगाई दर 6.61 फीसदी रही है जो सितंबर में 6.62 फीसदी रही थी. जबकि अक्टूबर 2022 के दौरान खाद्य महंगाई दर 7.01 फीसदी रही थी. ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 5.12 फीसदी है तो खाद्य महंगाई दर 6.71 फीसदी रही है. जबकि शहरी इलाकों में महंगाई दर अक्टूबर 2023 में 4.62 फीसदी पर आ गई है जबकि खाद्य महंगाई दर 6.35 फीसदी रही है. यानि खुदरा महंगाई दर हो या खाद्य महंगाई दर ग्रामीण इलाकों में दोनों ही ज्यादा है।

दालों की महंगाई दर में उछाल-अक्टूबर महीने में दालों की महंगाई में इजाफा देखने को मिला है. दालों की महंगाई दर 18.79 फीसदी रही है जबकि सितंबर में दालों की महंगाई दर16.38 फीसदी रही थी.जो सितंबर में 6.62 फीसदी रही थी.

## देश का वनस्पति तेल आयात 2022-23 तेल वर्ष में 16प्रतिशत बढ़कर 167.1 लाख टन पर

*__नई दिल्ली।__ भारत का वनस्पति तेल आयात अक्टूबर, 2023 में समाप्त तेल वर्ष में 16 प्रतिशत बढ़कर 167.1 लाख टन हो गया। उद्योग निकाय एसईए ने सोमवार को बताया कि कुछ खाद्य तेलों पर कम शुल्क की वजह से आयात बढ़ा है। देश ने तेल वर्ष 2021-22 (नवंबर-अक्टूबर) में 144.1 लाख टन खाद्य तेल का आयात किया था।*

तेल वर्ष 2022-23 के दौरान कुल वनस्पति तेल आयात में से 164.7 लाख टन खाद्य तेल था, जबकि गैर-खाद्य तेल का हिस्सा केवल 2.4 लाख टन था। भारत दुनिया में वनस्पति तेल का अग्रणी खरीदार है। मुंबई स्थित सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अनुसार, ''तेल वर्ष 2022-23 के दौरान खाद्य तेलों का आयात बढ़कर 164.7 लाख टन हो गया है। पिछले वर्ष की तुलना में 24.4 लाख टन की यह वृद्धि कच्चे पाम तेल, सोयाबीन तेल और सूरजमुखी तेल पर मौजूदा 5.5 प्रतिशत का निचला शुल्क है।'' एक बयान में कहा गया, आयात के इस प्रवाह ने भारत को अतिरिक्त तेल आपूर्ति के लिए एक प्रमुख गंतव्य में बदल दिया है। इसमें कहा गया कि विशेष रूप से आरबीडी पामोलिन आयात कुल पाम तेल आयात का 25 प्रतिशत से अधिक है, जो घरेलू रिफाइनिंग उद्योग को काफी प्रभावित कर रहा है। ये उद्योग अपनी स्थापित क्षमता का इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है।



एसईए ने कहा कि मूल्य के संदर्भ में देश का खाद्य तेल आयात 2022-23 में 1.38 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2021-22 में 1.57 लाख करोड़ रुपये और 2020-21 में 1.17 लाख टन था।

## बीते सप्ताह मूंगफली की कीमत में गिरावट, बाकी तेल तिलहनों में बढ़त

**नईदिल्ली।** देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतों में गिरावट आई। इसके अलावा बाकी सभी तेल-तिलहनों के भाव में मजबूती देखी गई। बाजार सूत्रों ने बताया कि मूंगफली में गिरावट का कारण सस्ते आयातित खाद्यतेलों के मुकाबले मूंगफली तेल तिलहन का भाव लगभग दोगुना होना है जिसकी वजह से लिवाली प्रभावित हुई है। दूसरी ओर विदेशी बाजारों में सोयाबीन डीगम तेल के दाम में समीक्षाधीन सप्ताह में सुधार हुआ है जिसका सकारात्मक असर बाकी तेल तिलहनों पर हुआ। उन्होंने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन डीगम तेल का दाम अपने विगत सप्ताह के 995-1,000 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,085-1,090 डॉलर प्रति टन हो गया। इससे बाकी तेल तिलहनों में भी मजबूती आई। देश की मंडियों में पिछले साल के मुकाबले सोयाबीन की आवक कम हो रही है। महाराष्ट्र की लातूर मंडी में यह आवक पिछले साल इन दिनों में लगभग एक लाख कट्टे (बोरी) की आवक के मुकाबले घटकर 40-50-60 हजार कट्टे की रह गई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पिछले साल किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी अधिक दाम मिले थे। इस बार दाम एमएसपी से मामूली अधिक है और ऐसे में अच्छे दाम का स्वाद ले चुके किसान अपनी आवक घटा दी हैं। केवल पैसों की मजबूरी वाले किसान ही जरूरत के लिए अपनी ऊपज को बेच रहे हैं। दूसरी ओर विदेशों में सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के दाम बढ़ रहे हैं। सोयाबीन तिलहन से 82 प्रतिशत के करीब डीओसी मिलता है और इसमें लगभग 18 प्रतिशत ही खाद्यतेल निकलता है। डीओसी का जितना दाम विदेशों में बढ़ा है, उतना असर यहां देखने को नहीं मिला। सूत्रों ने बताया कि बंदरगाहों पर देश के आयातक, आयातित सोयाबीन डीगम तेल, आयात की लागत से 2.5-3 रुपये प्रति किलोग्राम की कम कीमत पर इस तेल को बेच रहे हैं। इससे अंततः आयात ही प्रभावित होगा और बैंकों से लिया गया कर्ज डूबने का खतरा पैदा होगा। इससे आयातकों की आर्थिक स्थिति का भी अंदाजा मिलता है कि वे आयात किये गये तेल का भंडार रखने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसा उस देश में हो रहा है जो अपनी खाद्यतेल जरुरतों को पूरा करने के लिए लगभग 55 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात में मूंगफली एमएसपी से नीचे दाम पर बिक रहा है।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 61800 चांदी रिफाइन - 72800

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 61800 चांदी रिफाइन - 72800


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.33 |
| एक यूरो | 88. 93 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 102 . 12 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53· 09 |
| एक जापानी येन | 00· 54 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 88 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 108प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-118 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# दीपावली पर वोकल फॉर लोकल की धूम, हुआ 3.75 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कारोबार

*__नईदिल्ली।__ दीपावली के त्योहारी सीजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील, वोकल फॉर लोकल का असरदार जादू देखने को मिला है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल का कहना है कि दीपावली पर देशभर में 3.75 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कारोबार हुआ है। दूसरी तरफ चीन को करीब एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान संभावित है। इसकी वजह, लोगों ने अपने त्योहारों को सेलिब्रेट करने के लिए चीन में बनी वस्तुएं खरीदने से गुरेज किया है। भारतीय बाजारों में वोकल फॉर लोकल की मुहिम सफल होती हुई नजर आई।*



कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने आज एक संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि इस वर्ष के दिवाली सीजन में देश भर के बाज़ारों में 3.75 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा का रिकॉर्ड तोड़ व्यापार हुआ और सभी त्यौहारों पर ग्राहकों द्वारा जमकर भारतीय वस्तुओं की ख़रीदारी की गई । अभी गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पूजा एवं तुलसी विवाह त्यौहार शेष हैं जिनमें लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपये के और व्यापार होने की संभावना है । इस बार चीन को दिवाली पर्व पर लगभग 1 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा के व्यापार का बड़ा नुक़सान हुआ । पूर्व वर्षों में दिवाली त्यौहारों पर चीन से बनी वस्तुओं को लगभग 70 प्रतिशत बाज़ार भारत का मिल जाता था जो इस बार बिलकुल भी नहीं मिला। देश में किसी भी व्यापारी ने इस वर्ष चीन से दिवाली से संबंधित किसी भी वस्तु का कोई इंपोर्ट नहीं किया। साफ़ तौर पर यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान का असर है । कैट ने इस दिवाली देश भर में भारतीय उत्पाद-सबका उस्ताद अभियान चलाया जो बेहद सफल रहा जिसको देश भर में ग्राहकों का बड़ा समर्थन मिला। श्री भरतिया एवं श्री खंडेलवाल ने कहा कि एक मोटे अनुमान के अनुसार करीब 3.5 लाख करोड़ का व्यापार हुआ है। दीपक सेठी कैट प्रदेश सचिव ने बताया कि इस वर्ष इस त्यौहार के सीजन में मैन लाइन ( खुदरा व्यापारी ) ने ऑनलाइन कंपनियों को मुंह तोड़ जवाब देते हुए पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अत्याधिक व्यापार मैन मार्केट में छोटे बड़े सभी दुकानदारों में देखी गई है मैन मार्केट में बड़े शोरूम से लेकर छोटी-छोटी दुकान भी मध्यरात्रि रात 2 बजे से 4 बजे तक खुली देखी गई है जो व्यापार में तेजी को प्रमाणित करती है।

कैट प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य (महिला विंग) सीमा सिंह चौहान ने बताया कि इस त्यौहार में महिलाओं ने भी अपनी मैन मार्केट में आकर खरीदी की गई है। पूजा के समान के साथ-साथ गोल्ड डायमंड ज्वेलरी एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी की जबरदस्त खरीदी की गई है उन्होंने बताया कि विगत दो वर्षो की तुलना में इस वर्ष महिला उद्यमी द्वारा घर में बनाई गई मिठाईयां एवम विभिन्य तरह के नमकीन का व्यापार पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी ज्यादा रहा है। अब त्यौहार के तुंरत बाद शादियों के सीजन को देखते हुए कास्मेटिक आइटम, ब्यूटी पार्लर, बुटीक के कारोबार में भी कई गुना ज्यादा व्यापार हुआ है। जबलपुर जिला अध्यक्ष रोहित खटवानी ने बताया कि 2 वर्षो से के मुताबिक इस वर्ष में ऑटोमोबाइल एवं गोल्ड के व्यापार में अत्यधिक सेल दर्ज हुई है जिसका प्रमुख कारण ऑटोमोबाइल्स में समय के बदलाव को देखते हुए नई-नई तकनीक के साथ नए-नए मॉडल आने से ऑटोमोबाइल में कस्टमर को बहुत चॉइस मिल रही है वही इस त्योहार के तुरंत बाद शादियों का सीजन आने से लोगों ने शादियों में दिए जाने वाले गोल्ड एवं डायमंड ज्वेलरी में अत्यधिक खरीददारी की गई।

## रेमंड के मुखिया गौतम सिंघानिया ने पत्नी से अलग होने का किया एलान

*__नई दिल्ली।__ अरबपति कारोबारी गौतम सिंघानिया ने सोमवार को पत्नी नवाज से अलग होने की घोषणा करते हुए कहा कि दोनों ने अलग-अलग रास्ते पर चलने का फैसला किया है। सिंघानिया (58) ने 1999 में सॉलिसिटर नादर मोदी की बेटी नवाज मोदी से शादी की थी।*



कपड़ा से लेकर रीयल एस्टेट क्षेत्र तक में काम करने वाले समूह रेमंड लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सिंघानिया ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा इस बार दिवाली पहले जैसी नहीं होने जा रही है। उन्होंने कहा, %मेरा मानना है कि नवाज और मैं यहां से अलग-अलग रास्ते पर चलेंगे। उन्होंने आठ साल के प्रेम प्रसंग के बाद 1999 में 29 वर्षीय नवाज से शादी की थी। उन्होंने लिखा, एक जोड़े के रूप में एक साथ रहने, माता-पिता के रूप में बढ़ने और हमेशा एक-दूसरे की ताकत बनने के 32 साल हम प्रतिबद्धता, संकल्प, विश्वास के साथ आगे बढ़े और साथ ही हमारे जीवन में दो सबसे खूबसूरत चीजें आईं। हालांकि, सिंघालिया ने अपने दो बच्चों के अलगाव और संरक्षण के बारे में विवरण नहीं दिया। उन्होंने लिखा, जब मैं हाल के दिनों में हुए दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रमों पर गौर कर रहा हूं, तो हमारे जीवन को लेकर बहुत सारी निराधार अफवाहें फैलाई जा रही हैं। सिंघानिया ने कहा कि मैं उससे अलग हो रहा हूं, पर हम अपने दो कीमती हीरे निहारिका और निसा के लिए सबसे अच्छा काम करना जारी रखेंगे उन्होंने व्यक्तिगत निर्णयों के लिए गोपनीयता और सम्मान की मांग की।

## गोल्डमैन सैक्स ने चीन की घटाई रेटिंग,भारत पर बढ़ा भरोसा

*__नई दिल्ली।__ गोल्डमैन सैक्स को लगता है कि हांगकांग में चीन के शेयर इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, इसलिए उन्होंने उन्हें डाउनग्रेड कर दिया। दूसरी ओर, उन्होंने भारतीय शेयरों को अपग्रेड किया क्योंकि उन्हें वहां संभावनाएं दिखती हैं।*




टिमोथी मो सहित गोल्डमैन सैक्स के विशेषज्ञों का मानना है कि एशिया में कंपनियां कितना पैसा कमाती हैं, यह निवेश रिटर्न को प्रभावित करने वाला मुख्य फैक्टर होगा, क्योंकि समग्र आर्थिक स्थिति की तुलना में कीमतें ठीक हैं। गोल्डमैन सैक्स ने हांगकांग में लिस्टेड चीनी कंपनियों के लिए अपनी रेटिंग घटाकर औसत स्तर पर कर दी और हांगकांग की कंपनियों के लिए अपनी रेटिंग औसत से नीचे कर दी।वॉल स्ट्रीट बैंक इस साल चीनी शेयरों को लेकर कम आशावादी रहा है और उसने अपनी उम्मीदें कई गुना कम कर दी हैं। अगस्त में, उन्होंने पूरे साल के लिए रूस्ष्टद्ब चीन इंडेक्स के लिए अनुमानित आय वृद्धि को कम कर दिया और अगले 12 महीनों के लिए इंडेक्स टार्गेट भी कम कर दिया। तब से, इंडेक्स लगभग 3 प्रतिशत गिर गया है। विशेषज्ञों ने आगे कहा, गोल्डमैन सैक्स अभी भी चीनी ऑनशोर शेयरों को लेकर पॉजिटिव है। उनका मानना है कि,्द्ब और नए इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे हाई प्रोडक्टिविटी और आत्मनिर्भरता वाले सेक्टर पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने वाले चीन से जुड़े क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि ऑनशोर मार्केट में सफलता की अच्छी संभावनाएं हैं, जिन्हें 'अल्फा' अवसर कहा जाता है। ये अवसर आवास मुद्दों, बहुत सारे लोन और बहुत अच्छी जनसांख्यिकी नहीं होने से धीमी वृद्धि की चुनौतियों को संतुलित करने में मदद करते हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत में इस क्षेत्र में सबसे मजबूत लॉनिग टर्म ग्रोथ होगी, अगले दो सालों में कमाई लगभग 15 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत का बाज़ार आकर्षक है क्योंकि यह मुख्य रूप से घरेलू विकास पर निर्भर करता है। निवेशक मुनाफा कमाने के विभिन्न अवसर पा सकते हैं, जिनमें मेक-इन-इंडिया स्थिर विकास वाली बड़ी कंपनियां और रिटर्न की उच्च क्षमता वाली छोटी कंपनियां शामिल हैं।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

चुनाव प्रचार
चुनाव हेतु प्रचार एनाऊंसमेंट गीत रिकार्डिंग बनवाने अंतिम समय
सम्पर्क- अमित परनामी (उद्घोषक) आवाज स्टूडियो, जबलपुर
मो.नं. 7000837560 9329995050


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# दीपावली की रात प्रदेश में दो गुना बढ़ा प्रदूषण

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में दीपावली की रात हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई। जबलपुर मे भी आतिशबाजी के कारण हवा जहरीली हो गई, जो चिंता बढ़ाने वाली है। जिस तरह से पूरी रात लोगों ने पटाखे और अन्य तरह की आतिशबाजी की है उसके बाद दो गुना से ज्यादा प्रदूषण बढ़ गया है। प्रदेश में प्रदूषण का स्तर दो गुना बढ़ गया। सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे देश में मनाही के बावजूद मध्य प्रदेश में दीपावली पर जमकर पटाखे जलाए। इससे मध्य प्रदेश का प्रदूषण स्तर पर दो गुना बढ़ गया। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबुलपर समेत अन्य शहरों में हवा की गुणवत्ता दिल्ली जैसी जहरीली हुई।

दीपावली की रात प्रदेश में दो गुना बढ़ा प्रदूषण, बड़े शहरों में दिल्ली जैसी जहरीली हुई हवा प्रदेश में दीपावली की रात हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई। मध्य प्रदेश में प्रदूषण का स्तर दो गुना बढ़ गया।

प्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के डाटा के अनुसार दीपावली की रात एक्यूआई भोपाल में 310, इंदौर में 293, जबलपुर 319 में दर्ज किया गया। वहीं, दीपावली के एक दिन बाद सोमवार को भोपाल में प्रदूषण का स्तर 354 तक पहुंच गया। वहीं, ग्वालियर में एक्यूआई डीडी नगर पर 399, इंदौर की छोटी ग्वालटोली में 335 और जबलपुर में 330 पर पहुंच गया। यह एमपी प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड का रियल टाइम डाटा के आंकड़े हैं। जबकि पिछले साल 2022 में दीवाली के एक दिन बाद एक्यूआई भोपाल में 334, ग्वालियर में 316, जबलपुर में 309 और इंदौर में 262 दर्ज किया गया था।



## जबलपुर सहित 3 महानगरों की हवा दिल्ली की तरह हुई जहरीली बड़े शहरों में

**यह भी है वायु प्रदूषण का कारण**

ठंड के मौसम में वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ती है। दरअसल, ठंड के दिनों में नमी से सूक्ष्म कण ऊपर नहीं उठ पाते और नीचे ही रहते हैं। इससे विकास कार्यों से उठने वाले धूल के कण, वाहनों का धुंआ, आग लगने से उठने वाला धुआं, नमी के कारण निचले वातावरण में ही रहते हैं। हवा के ऊपर नहीं उठने के कारण प्रदूषण बना रहता है।

**क्या होता है पीएम-2.5 और पीएम-10** पीएम को पर्टिकुलेट मैटर कहते हैं। इन कणों का साइज 2.5 माइक्रोमीटर या इससे बड़ा 10 माइक्रोमीटर तक होता है। इसमें पीएम-2.5 पॉल्यूशन धूल, कंस्ट्रक्शन, कूड़ा व पराली जलाने से होता है।

वहीं, पीएम-10 धूल, गर्दा और अन्य सूक्ष्म कण होते हैं। पीएम 2.5 का सामान्य स्तर 60 माइक्रो ग्राम और पीएम-10 का 100 माइक्रो ग्राम क्यूबिक मीटर (एमजीसीएम) होना चाहिए। इससे ज्यादा होने पर सांस लेने संबंधी शिकायतें बढ़ने लगती हैं।

**एयर क्वालिटी इंडेक्स को ऐसे समझें**-एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) हवा की गुणवत्ता को बताता है। इससे पता चलता है कि हवा में किन गैसों की कितनी मात्रा घुली है। एक्यूआई की गुणवत्ता के आधार पर छह अलग-अलग श्रेणी बनाई गई है। इसमें 0-50 अच्छी, 51-100 संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201-300 खराब, 301-400 बहुत खराब और 401 से 500 एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में रखा गया है।

# रेलवे बोर्ड का आदेश डीआरएम कार्यालय में मजाक बना

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिय में मध्य रेलवे के उच्च अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण रेलवे बोर्ड मुख्यालय दिल्ली से जारी किए गए आदेशों का मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में जबलपुर में मजाक उड़ाया जा रहा है। छोटे-छोटे कर्मचारियों से तो आदेशों का पालन कराए जाने में अधिकारियों द्वारा सख्ती बरती जा रही है। बड़े-बड़े राजपत्रित अधिकारियों के लिए नियम कानून का पालन कराए जाने में हमेशा अनदेखी की जा रही है। इसकी एक ताजा बानगी इस प्रकार देखी जा सकती है।




स्मरणीय है कि रेलवे बोर्ड नई दिल्ली ने आदेश क्रमांक 2023 (जी.सी.) 2-114 (137) दिनांक 3 अक्टूबर 2023 को जारी करते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (दो) का पद जबलपुर मंडल समाप्त करते हुए उस पद को रेलवे बोर्ड दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया है। इस आदेश के प्रति महाप्रबंधक जबलपुर को भी प्रेषित की है। लगभग 2 सप्ताह का समय बीतने के बावजूद मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर में आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं किया जाना एक आश्चर्यजनक विषय माना जा रहा है। पमरे के लेखा विभाग से सेवा निवृत्त हुए एक राजपत्रित अधिकारी ने बताया कि जो भी पद स्वीकृत किए जाते है, उन स्वीकृत पद के अनुसार ही अधिकारी का वेतन भुगतान किया जाता है। यदि पद समाप्त करके उसे बोर्ड में स्थानांतरित किया गया है, ऐसी स्थिति में अधिकारी का कैसे भुगतान होगा, यह एक चर्चा का विषय है। पमरे के मुख्यालय जोन कार्यालय में यह चर्चा जोरों से है कि किसी उच्च श्रेणी के पद को डाउन ग्रेड करने की भी योजना परिचालन विभाग में बनायी जा रही है। वहीं यह भी जनचर्चा है कि ऐसा किए जाने के पीछे कहीं कोई नजराना भेंट किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय पूर्व में कार्यपालक निदेशक (सतर्कता) के पद पर पदस्थ रहीं हैं। वह अनुभवी और कुशल प्रशासक के रूप में अपनी अलग-पहचान बनाए हैं। इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई करेंगी इसकी सभी को उम्मीद है।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आगमन आज

## पश्चिम में जनसभा, उत्तर एवं पूर्व विधानसभा में करेंगे रोड शो



**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय गृह एव सहकारिता मंत्री अमित शाह का आज मंगलवार 14 नवम्बर को शाम 4.30 बजे जबलपुर डुमना विमानतल पर आगमन होगा। श्री शाह डुमना विमानतल से हेलीकॉप्टर द्वारा मेडिकल बड्डा दादा ग्राउंड मेडिकल कॉलेज के पीछे पहुंचेंगे जहां पर शाम 5 बजे पश्चिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात श्री शाह सड़क मार्ग से मालवीय चौक पहुंचेंगे जहां शाम 5.45 पर उत्तर मध्य विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी अभिलाष पांडे के समर्थन में रोड शो करते हुए मिलोनीगंज, बड़ी खेरमाई पहुंचेंगे। यहा से पूर्व विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी अंचल सोनकर के समर्थन में भानतलैया, घमापुर से शीतलामाई तक रोड शो करते हुए पार्टी के समर्थन में आशीर्वाद मांगेंगे। श्री शाह शाम 7.15 बजे डुमना विमानतल से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# दमोह में दीपावली के दिन दो नाबालिग दोस्तों की तालाब में डूबने से मौत

**दमोह, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में दीपावली के दिन जहां लोग त्योहार को मनाने की तैयारियां कर रहे थे। वहीं, दमोह जिले के हटा में दीपावली के दिन ही दो नाबालिग दोस्तों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। सूचना मिलने के बाद से पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, मृतक नरेंद्र (12) पिता खूब सिंह और सौरभ (12) पिता पुरन सिंह दोनों खेजरा गांव के निवासी हैं। दोनों रविवार सुबह से ही गांव के ही एक तालाब में नहाने गए थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने बताया



कि सुबह से दोनों बच्चे गांव में ही बने तालाब में नहाने गए थे। काफी देर तक वह घर नहीं लौटे तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने काफी देर तक खोजबीन की, जब तालाब के पास पहुंचे, बच्चे वहां नहीं दिखे। इसी दौरान आसपास के लोगों ने बच्चों के कपड़े तालाब के पास देखे और तालाब में दोनों बच्चों की तलाश की गई तो उनके शव मिले। परिजन शव तालाब से निकाल कर निजी वाहन की मदद से हटा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से दोनों मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस हादसे से दो परिवारों में मातम छा गया। उनकी दिवाली का उजाला अंधेरे में बदल गया। वहीं, हटा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बच्चों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# एक्जिट पोल के प्रसारण पर 30 नवंबर तक रहेगा प्रतिबंध

**जबलपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, मिजोरम एवं तेलंगाना की विधानसभाओं के साधारण निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार 7 नवंबर की पूर्वान्ह 7 बजे से लगाई गई रोक गुरूवार 30 नवंबर को अपरान्ह 6.30 बजे तक जारी रहेगी । इस दौरान निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के संचालन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी अन्य तरीके से उसका प्रसार करना प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126-क के प्रावधानों के अनुसार इस अवधि के दौरान कोई एग्जिट पोल आयोजित करना और उसका परिणाम प्रकाशित करना एवं प्रचारित करना अधिसूचित अवधि तक प्रतिबंधित रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया है कि इन राज्यों के विधानसभा निर्वाचन के प्रत्येक चरण में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी ओपीनियन पोल या अन्य किसी मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# पमरे से गुजरेंगी छठ पर्व के लिए त्यौहार स्पेशल रेलगाड़ियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया गया है। पमरे से गुजरने वाली ट्रेनों का विवरण नीचे दिया गया है-

**पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन (2 सेवाएं)**- गाड़ी संख्या 01481 स्पेशल ट्रेन दिनांक 13.11.2023 (1 सेवाएं) को पुणे से 19.55 बजे प्रस्थान करेगी तथा दूसरे दिन इटारसी 12.05 बजे, 15.25 बजे जबलपुर, 16.55 बजे कटनी, 18.20 बजे सतना और तीसरे दिन प्रात: 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01482 स्पेशल ट्रेन 15 नवम्बर (1 सेवाएं) को सुबह 06.30 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी सायं 17.30 बजे सतना, 18.55 बजे कटनी, रात्रि 21.30 बजे जबलपुर और दूसरे दिन 01.40 इटारसी और सायं 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी।

**हॉल्ट**- दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।

**कोच कम्पोजिशन**- 01 वातानुकूलित थ्री टियर क्लास, 10 सामान्य क्लास, 04 द्वितीय चेयरकार और 2 एसएलआर (कुल = 17 आईसीएफ कोच)

**पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन (1 सेवाएं)** - गाड़ी संख्या 01483 स्पेशल ट्रेन दिनांक 14.11.2023 (1 सेवाएं) को पुणे से 19.55 बजे प्रस्थान करेगी तथा दूसरे दिन इटारसी 12.05 बजे, 15.25 बजे जबलपुर, 16.55 बजे कटनी, 18.20 बजे सतना और तीसरे दिन प्रात: 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी।

**हॉल्ट**- दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।

**छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस**-दानापुर स्पेशल ट्रेन (1 सेवाएं) - गाड़ी संख्या 01485 स्पेशल ट्रेन 14 नवम्बर (1 सेवाएं) को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रात्रि 23.55 बजे प्रस्थान करेगी तथा दूसरे दिन इटारसी 13.45 बजे, 17.10 बजे जबलपुर, 18.30 बजे कटनी, 19.55 बजे सतना और तीसरे दिन सुबह 07.00 बजे दानापुर पहुंचेगी।

**हॉल्ट**- दादर, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।

**कोच कम्पोजिशन**- 01 वातानुकूलित टू टियर क्लास, 01 वातानुकूलित थ्री टियर क्लास, 07 स्लीपर क्लास, 08 जनरल क्लास और 01 वीपी, 2 एसएलआरडी (कुल = 20 आईसीएफ कोच)

## सिकंदराबाद-रक्सौल के मध्य स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 07001/07002 सिकंदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह गाड़ी पमरे के इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 07001 सिकंदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 12 और 19 नवम्बर को सिकंदराबाद स्टेशन से 10.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 5.10 बजे इटारसी, 6.10 पिपरिया, 8.30 बजे जबलपुर, 10.10 बजे कटनी, 12.20 बजे सतना और तीसरे दिन (मंगलवार को) 06.00 बजे रक्सौल स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07002 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 14 एवं 21 नवम्बर (मंगलवार) को रक्सौल स्टेशन से 19.15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 12.10 बजे सतना, 13.30 बजे कटनी, 15.25 बजे जबलपुर, 18.00 बजे पिपरिया, 19.55 बजे इटारसी और तीसरे दिन (गुरुवार को) 14.30 बजे सिकंदराबाद स्टेशन पहुंचेगी।

कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 22 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित कुल-24 कोच रहेंगे।

गाड़ी के हाल्ट- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बोलारम, मेडचल, अकानापेट, कामारेड्डी, निजामाबाद, बसर, मुदखेड़, नांदेड़, पूर्णा, बसमत, हिंगोली डेकन, वाशिम, अकोला, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्रा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, एवं सीतामढ़ी स्टेशनों पर रुकेगी।

# दिवाली की रात खूनी विवाद, दो युवकों की हत्या

**शहडोल, देशबन्धु।** दीपावली की रात दो परिवारों के लिए काली रात साबित हुई। जुआ फड़ पर हुए विवाद के बाद दो भाइयों ने मिलकर दो युवकों की चाकू से गोद कर और बेसवाल के डंडे से मारकर हत्या कर दी। दोनों युवक लहुलूहान अवस्था में काफी देर तक मौके पर ही पड़े रहे। उन्हें जब अस्पताल ले जाया गया तब तक उनकी मौत हो गई।

घटना अर्ध रात्रि लगभग एक बजे की है। जिस वक्त यह दोनों भाई घटना को अंजाम दे रहे थे और काफी देर तक हो हल्ला हो रहा था वहां मौजूद लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का मोबाइल पर वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने दोनों आरोपी भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना स्टेशन रोड दरभंगा चौक के पास चांदनी चौक की है। आरोपी युवक और मृतक सभी दोस्त बताई जा रहे हैं।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दीपावली की रात शहडोल के दरभंगा चौक के पास चांदनी चौक में में



## विवाद के बाद दो भाइयों ने घटना को दिया अंजाम

जुआ का फड़ सजा था जहां कुछ युवक जुआ खेल रहे थे। इसमें श्रीनू लक्ष्मण, रिजवान कुरैशी, शेखर मोझरकर और सचिन मोझरकर भी शामिल थे। बताया जा रहा है कि जुआ खेलने के दौरान ही इनका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि सचिन और शेखर ने श्रीनू लक्ष्मण और रिजवान कुरैशी पर चाकू और बेसबॉल के डंडा से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि वहां खड़े लोगों ने उन्हें छुड़ाया। घटना के बाद दोनों आरोपी भाईयों ने अन्य लोगों के साथ भी बहस की। इस बीच वहां मौजूद कुछ लोगों ने पूरे घटनाक्रम का अपने मोबाइल पर वीडियो भी बना लिया। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना भी दी। लेकिन पुलिस के आने से पहले हमलावर युवक मौके से फरार हो गए। घटनास्थल पर लहू लुहान पड़े युवकों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपी भाईयों शेखर और सचिन को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने बताया कि युवकों के बीच में आपसी विवाद हुआ है जिसमें चाकूबाजी की घटना में दो युवकों की मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चाकूबाजी की घटना करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन दिनेश चंद्र सागर ने बताया कि घटना के आरोपियों के खिलाफ 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि शहडोल पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला दंडाधिकारी को दोनों आरोपियों के खिलाफ रासुका के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने के लिए भी लिखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपियों के पुराने रिकॉर्ड को भी खंगाल जा रहा है।


**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 84
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 104
छोटा ब्रॉयलर - रु. 114
मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 118
मुर्गा मीडियम - रु. 108
मुर्गा बड़ा - रु. 88
मुर्गा जम्बो - रु. 82
मो.-9039925000, 9425800409

आसान किस्तों में उपलब्ध

**मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

**महिलाएँ ध्यान दें**

महिलाओं की व्यक्तिगत समस्याओं हेतु ५५ जड़ी बूटियों का संतुलित मिश्रण
श्वेतनिल सायरप
श्वेत प्रदर (सफेद पानी), अनियमित महावारी
- कमर एवं पेट दर्द
- मूत्र मार्ग में जलन एवं संक्रमण
- योनी मार्ग में चिपचिपाहट एवं दुर्गंध
- शारीरिक एवं मानसिक थकावट
- भूख न लगना • चक्कर आना
- खून की कमी • नींद न आना
- बेचैनी एवं घबराहट
उपयोग करते ही असर प्रारंभ
जबलपुर 9826035091 | कटनी 9303092693 | अनूपपुर 9993902291
सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
HAPPY DIWALI
TIGER-3
08:30 AM 09:30 AM
10:30 AM 11:30 AM
01:00 PM 01:30 OM
02:30 PM 03:30 PM
04:00 PM 04:30 PM
05:30 PM 06:00 PM
06:30 PM 07:30 PM
07:30 PM 08:30 PM
09:00 PM 09:30 PM
10:30 PM 11:30 PM
THE MARVELS
IN ENGLISH 3D 11:00 AM
IN HINDI 3D 09:00 AM 04:00 PM
12TH FAIL 12:30 PM